फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 2, अंक 226, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 18

धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 17

# बदायूं हत्याकांड : दूसरे हत्यारोपी जावेद को ऑटो चालकों ने बरेली से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बदायूं

- कहा, बच्चों से नफरत करता था साजिद, इसलिए दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचार :** बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के मामले में दूसरे आरोपी जावेद को गुरुवार तड़के सेटेलाइट बस स्टैंड पर कुछ ऑटो चालकों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दिल्ली भागा जावेद लखीमपुर खीरी जाने के लिए सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था, जहां उसे एक ऑटो चालक पहचानने के बाद अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। बदायूं पुलिस की पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बच्चों से नफरत करता था।

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद कुमार के दो नाबालिग बेटों की 19 मार्च की देर शाम हत्या करने वाले साजिद को पुलिस ने मुठभेड़ में उसी रात मार गिराया था मगर हत्या के दौरान उसके साथ रहा उसका भाई जावेद फरार हो गया था।

गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे कुछ ऑटो चालकों ने सेटेलाइट बस स्टैंड पर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जावेद लखीमपुर खीरी जाने की फिराक में था और दिल्ली की बस से बरेली पुराने रोडवेज बस अड्डे पर उतरने के बाद साहिल मौर्य के ऑटो में बैठकर सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था। रास्ते में ही साहिल को उस पर शक हुआ। साहिल ने सेटेलाइट पहुंचकर अपने साथी अभिषेक प्रताप सिंह, शेखर यादव और विकास सोनकर को इकट्ठा कर जावेद को रोक लिया। ऑटो चालकों ने इसके बाद जावेद से उसका नाम पूछा तो वह हड़बड़ा गया। उसने भागने की कोशिश की तो ऑटो चालकों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया और एक ऑटो में बैठा लिया।

# निर्वाचन आयोग की विकास कार्यों की धनराशि पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने विकास कार्यों की धनराशि जारी करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक निधि के तहत संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। जिलाधिकारियों-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सांसद को विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक-विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी। पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकते हैं।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र



### वोटर आईडी न होने पर 12 विकल्पों का करेंगे प्रयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में सभी लोगों के मतदाता फोटो पहचान पत्र सुनिश्चित किए गए हैं। इसके बाद भी अगर किसी का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बन पाता है, तो लोग 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज शामिल हैं।

### विकसित भारत के व्हाट्स एप संदेश पर भी रोक

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत' को लेकर लोगों को जारी किए जा रहे व्हाट्सएप संदेश पर रोक लगा दी है। केंद्र को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने केंद्र को संदेश पर रोक का पालन कराने की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।







# चुनाव आयोग को दी चुनावी बॉण्ड की सभी जानकारियां

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसबीआई ने दाखिल किया शपथ पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है।

शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया कि इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं।



हलफनामे में कहा गया कि एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को शीर्ष कोर्ट द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों का खुलासा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को एसबीआई को फटकार लगाते हुए उसे मनमाना रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा था। इससे पहले, 15 फरवरी को एक फैसले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की विवादास्पद चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

### फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए ''फैक्ट चेक यूनिट'' से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जियां गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और इससे अव्यवस्था और अनिश्चितता की स्थिति बनेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय शर्तें) अधिनियम, 2023 पर भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं पर गौर करेगी। पीठ ने केंद्र से छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को नियत की। याचिकाकर्ताओं से पीठ ने कहा कि इस समय हम कानून पर रोक नहीं लगा सकते।

# आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप, सुनवाई की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम गुरुवार शाम यहां उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची और उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा। तकरीबन दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले ईडी की छह सदस्यीय टीम, दिल्ली पुलिस के कर्मियों साथ राजधानी में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के आवास पर पहुंची।

ईडी की कार्रवाई की जानकारी पाकर भारी संख्या में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता, समर्थक मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। इनमें कई विधायक भी बताए जा रहे हैं। उधर केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची है और रात में ही सुनवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा है। ईडी शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया। इस बीच, केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि ईडी छापेमारी कर रही है। मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

- ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ

ईडी के अधिकारी केजरीवाल के आवास पर पहुंचे, दिल्ली पुलिस और आरएएफ तथा सीआरपीएफ के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया। ईडी ने आप समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग की थी। इससे पहले केजरीवाल को ईडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। बाद में इस नीति को रद कर दिया गया था।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की उम्मीद

**जम्मू।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

# कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी



- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया व राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साजिशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक ख़तरनाक खेल खेला गया है।

### आसन्न हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उसके खाते फ्रीज किए गए।

# जेल के खाने में मुझे दे रहे जहर : मुख्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- अदालत में गुहार, मेडिकल बोर्ड बनाकर कराएं मेरा इलाज
- एमपी-एमएलए कोर्ट में मुख्तार के वकील ने लगाई अर्जी

**अमृत विचार :** बाराबंकी में अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 पर गुरुवार को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की फर्जी एंबुलेंस मामले में पेशी हुई। जिसमें मुख्तार तो पेश नहीं हुआ लेकिन उसके वकील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें मुख्तार की तरफ से लिखा गया कि 19 मार्च की रात उसे खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। वर्चुअल पेशी में बांदा जेल के डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार बीमार है। जिसकी वजह से वह सुनवाई में पेश होने में असमर्थ है। कोर्ट ने मामले में 29 मार्च की अगली तारीख लगा दी।



मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रार्थनापत्र में मुख्तार की तरफ से लिखा गया है कि खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसका दम निकल जाएगा। खाने के बाद से ज्यादा घबराहट हो रही है। जबकि इससे पहले स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक था। इसलिए डाक्टरों की टीम बनाकर उसका सही इलाज करवाया जाए। मुख्तार ने आरोप लगाया कि 40 दिन पहले भी उसे इसी तरह खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था जिससे उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। समुचित इलाज कराने के साथ ही एक मेडिकल बोर्ड बनाकर जांच कराने की मांग की है। दरअसल फर्जी एंबुलेंस मामले में 24 मार्च 2022 को तत्कालीन डीएम डा. आदर्श सिंह ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर केस को मंजूरी दी थी। इसके बाद 25 मार्च 2022 को तत्कालीन शहर कोतवाल ने मुख्तार व उसके 12 अन्य सहयोगियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इस मामले का ट्रायल एमपीएमएलए कोर्ट में हो रहा है।

# 67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

# भोजशाला परिसर का आज से सर्वेक्षण करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

- सर्वेक्षण के मद्देनजर किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा।

एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण निर्देश दिए थे।

**इनसे सीखें** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर निभा रहे नदियों के संरक्षण की जिम्मेदारी

# कुकरैल को दिलाया नदी का दर्जा, अब नदियों का संरक्षण

## विश्व जल संरक्षण दिवस आज

- जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन लिए मिला भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के कुकरैल को नदी का दर्जा दिलाने वाले बीबीएयू के प्रोफेसर अब छात्रों को नदी संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान के अध्येता को नदियों के संरक्षण के लिए शासन ने अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें जल संरक्षण को लेकर कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रो. वेंकटेश दत्ता बताते हैं कि उनका प्रयास जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नदियों के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसलिए कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको-हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य जल नीति 2020 की प्रारूप समिति के सदस्य का कहना है कि उप्र में 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हाल में इसका प्रमाण लखनऊ की कुकरैल नदी को संरक्षित किया जाना है। जल संरक्षण के सार्थक प्रयासों को लेकर प्रो. दत्ता को वर्ष 2022 में भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार दिया जा चुका है।



### रोज लगती है पाठशाला हजारों ऑनलाइन छात्र

प्रोफेसर दत्ता यमुना नदी के किनारे छात्रों की पाठशाला लगा रहे हैं। इसमें पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र जुड़े थे। संरक्षण की मुहिम इतनी कारगर हुई कि ये संख्या ऑनलाइन व्यवस्था के सहारे हजारों में पहुंच गई है।

### 13 वर्षों से जारी है नदी पुनरुद्धार मुहिम

उप्र में गोमती, घाघरा, राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के पुनरुद्धार पर वर्ष 2011 से कार्य कर रहे प्रो. दत्ता बताते हैं कि 960 किमी की यात्रा करके 27 सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण पूरा किया है। 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवन मिला है।

### 25 देशों में दिया जल संरक्षण का संदेश

अमेरिका के फुलब्राइट स्कॉलर और इंग्लैंड के ब्रिटिश शेवेनिंग फेलो रहे प्रोफेसर दत्ता ने 25 से अधिक देशों की यात्रा कर जल संरक्षण का संदेश दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कर उप्र के 2019 भूजल विधेयक के साथ केंद्र सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2020 का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 यूपी के

दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 शहर यूपी के भी हैं। इनमें नोएडा, गाजियाबाद के अलावा लखनऊ को प्रदूषित शहरों की सूची में जोड़ा गया है। मेरठ, बरेली, बुलंदशहर, हापुड़, पीलीभीत, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, बदायूं, फतेहपुर जनपद भी उक्त सूची में शामिल हैं।

## एक नजर

### आज बहराइच के लिए रवाना होगी पहली होली स्पेशल बस

**अयोध्या।** यात्रियों की सुविधा के लिए होली स्पेशल बसें शनिवार से चलाई जाएंगी। पहली स्पेशल बस शुक्रवार सुबह बहराइच के लिए रवाना होगी। अयोध्या डिपो के एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि होली 24 व 25 मार्च को है। त्योहार पर बड़ी संख्या में लोग अपने घर जाते हैं। इनके लिए इस बार रोडवेज अयोध्या से 50 स्पेशल बसें चलाएगा। बहराइच के अलावा लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, आजमगढ़ रूट पर भी जरूरत के हिसाब से बसें भेजी जाएंगी।



### नौ नमूने भरे, तेल कराया नष्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की सचल दल टीम ने गुरुवार को नौ प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर छेना मिठाई, पनीर, मावे व नमकीन आदि के नौ नमूने भरकर जांच के लिए भेजे। सहायक आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने बताया कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल ब्रांड चक्र का कुल 50 बोतल तेल नष्ट कराया गया।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ 50 कॉलेजों को नोटिस जारी

## माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर डीआईओएस ने दी नोटिस, जवाब - तलब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के मामले में जिले में संचालित 50 कॉलेजों को निटिस दिया गया है। इन माध्यमिक कॉलेजों द्वारा छात्रों का विभिन्न ब्योरा समय पर अपलोड नहीं किया गया। जिससे परीक्षा के दौरान छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेश पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने गुरुवार को इन कॉलेजों को नोटिस जारी करते हुए दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं के विवरण जैसे- नाम, फोटो, माता-पिता का नाम, लिंग व जन्मतिथि संशोधन के आदेश दिए थे। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा तीन बार तिथियों में वृद्धि की गई। इसके बाद भी संशोधन नहीं किया गया। 20 दिसम्बर तक का समय देने के बाद भी संबधित कॉलेजों द्वारा निर्धारित संशोधन नहीं किया गया। इसे घोर लापरवाही और उदासीनता मानते हुए परिषद द्वारा जारी कॉलेजों की सूची में शामिल प्रधानाचार्यों को चेतावनी दी गई है कि दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण दंश अन्यथा मान्यता समाप्त करने और बोर्ड के समस्त पारिश्रमिक कार्यो से डिबार कर दिया जाएगा। बता दें कि कॉलेजों की इस लापरवाही के कारण चार हजार से अधिक छात्र - छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। जिसे बोर्ड ने गंभीरता से लिया है।

### इन कॉलेजों को जारी किया गया नोटिस

एपीएलएल आदर्श इंटर कॉलेज, केकेडी इंटर कॉलेज, महादेव आदर्श इंटर कॉलेज, पं हरिद्वार प्रसाद इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, राजदत्त शुक्ल बाबूराम हौसिला इंटर कॉलेज, देवा इंटर कॉलेज, हरीश कान्वेंट, डायमंड इंटर कॉलेज, देव इंटर कॉलेज, बलदेव विधापीठ, ईश्वर दीन इंटर कॉलेज, पं ह्रदय राम शर्मा इंटर कॉलेज, राज बहादुर सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज, हाजी मुख्तार इंटर कॉलेज, ज्ञानोदय दुखहरण इंटर कॉलेज समेत 50 कॉलेज शामिल हैं।

> कॉलेजों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि स्पष्टीकरण नहीं देते तो मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई की जाएगी। –डॉ.राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक।

## वसीम बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से बताएंगे राम की महिमा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी ऐतिहासिक आयोजनों की भी साक्षी बन रही है। इसी तरह का अपने आप में पहला आयोजन आज 22 मार्च को शाम 6 बजे से तुलसी उद्यान में अदब-ए-श्रीराम का होगा। इस मुशायरे में वसीम बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से राम की महिमा बताएंगे। उत्तर प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार अयोध्या में रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत अब देश के प्रसिद्ध शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बड़ा मुशायरा होने जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजन से जुड़े युवा कवि रामायण धर द्विवेदी ने बताया कि इस मुशायरे में प्रसिद्ध शायर अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, श्वेता श्रीवास्तव अज़ल और चराग़ शर्मा प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे।

# शिकायतों का तुरंत कराएं निस्तारण : जिलाधिकारी

अयोध्या कार्यालय



निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार।

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को चुनाव के मद्देनजर बनाए गए कंट्रोल रूम और सिंगल विंडो सेल का निरीक्षण किया।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय कक्ष में कंट्रोल रूम और उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के न्यायालय में स्थापित सिंगल विंडो/अनुमति सेल की स्थापना की गई है। डीएम ने दोनों का निरीक्षण किया। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नंबर- 05278-297499 है। यहां तीन शिफ्टों में डियूटी लगाई गई है। निर्देश दिया कि निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान प्रदान और निर्वाचन संबंधी प्राप्त ऑफलाइन/ऑनलाइन शिकायतों (सी-विजिल) का तत्काल निस्तारण कराए जाने के लिए संबंधित को भेजकर निस्तारण आख्या प्राप्त करेंगे। सिंगल विन्डो/अनुमति सेल के निरीक्षण में कहा कि विभिन्न राजनैतिक दलों और निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों से ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करेंगे। इसकी अनुमति रिटर्निंग ऑफिसर से दी जाती है। तैनात अधकारी व कर्मचारी संबंधित विभाग से अनापत्ति/आख्या प्राप्त करके अनुमति निर्गत कराएंगे। निरीक्षण में एडीएम(प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, एडीएम (वि.रा.)/नोडल, व्यय अनुवीक्षण सेल महेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम सदर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राज कुमार पाण्डेय सहित अन्य अफसर मौजूद थे।

# तालाब में मिला लापता युवती का शव

सोहावल, अयोध्या



घटना के बाद रोते बिलखते परिवार वाले। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र निवासी लापता युवती का शव गुरुवार को उसके घर से लगभग 250 मीटर दूर रेलवे ट्रैक के निकट स्थित एक तालाब में मिला है। परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव चिर्रा मोहम्मदपुर निवासी बीएससी कृषि की छात्रा रुचि यादव (19) पुत्री संतोष यादव बुधवार शाम घर से साइकिल और मोबाइल लेकर अपने खेत की ओर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर उसके बाबा हरिश्चंद्र ने अज्ञात के खिलाफ युवती को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लापता युवती का शव गुरुवार सुबह गांव क्षेत्र स्थित एक तालाब में मिला तो परिवारीजनों ने मौके पर पहुंच शिनाख्त की और पुलिस ने जाँच-पड़ताल व साक्ष्य संकलन के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को मौके पर बुला लिया। तालाब किनारे ही युवती की साइकिल और चप्पल और कुर्ते की जेब से मोबाइल मिला है। वह अपने माता-पिता की इकलौती पुत्री थी।



रुचि (फाइल फोटो)

**परिवारीजनों ने जताई हत्या की आशंका**

मृतका की बुआ उर्मिला व चचेरी दादी राप्ती देवी का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ सजातीय युवक परिवार व युवती को जान-माल को लेकर धमकी देते रहते थे। उन्होंने किसी को वारदात करते देखा नहीं है, इसलिए किसी का नाम नहीं ले सकती, लेकिन आशंका है कि युवती की हत्या की गई है। उपनिरीक्षक आलोक कुमार यादव ने बताया कि तलाश कराई जा रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आग से झुलस कर महिला की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार:** कैंट थाना क्षेत्र में एक महिला की आग की लपटों की चपेट में आकर मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव तंदौली का पुरवा में विद्युत् आपूर्ति बाधित होने के बाद अमरावती (50) पत्नी सुकदेव बुधवार देर रात अपने पशुओं को मक्खी और मच्छर से बचाने के लिए धुआं कर रही थी। बेटे अमरजीत का कहना है कि मां लकड़ी रखकर आग जला रही थी की और वह घर में चला आया। थोड़ी देर बाद वापस मौके पर पहुंचा तो मां मुँह के बल आग में पड़ी हुई थी और उनके कपड़े जल रहे थे। गंभीर हाल में मां को जिला अस्पताल लेकर आए तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसा ब्लड प्रेशर बढ़ने के चलते आग में गिरने से हुआ। प्रभारी निरीक्षक अपराध अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि परिवार ने पीएम नहीं कराया है।

# ओपीडी में बाहरी बैठा मिला तो डॉक्टर पर होगी कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय



**सेवा पुस्तिका में दर्ज होगी प्रतिकूल प्रविष्टि, एसएसपी को दी जाएगी सूचना**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब दलाली पर लगाम लगाने के लिए चिकित्सक व कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएस ने बुधवार को इस संबंध में चेतावनी जारी की है।

अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकों के साथ बाहरी व्यक्तियों के बैठने की सूचनाएं प्रतिदिन सीएमएस को मिल रही थी। इस संबंध में उन्होंने पहले मौखिक में आदेश दिया था। अब उन्होंने सभी को पत्र जारी कर चेतावनी दी है। इसमें साफ कहा है कि ईएनटी, जनरल सर्जरी, बाल रोग, अस्थि रोग ओपीडी आदि इमरजेंसी व ओटी में सिर्फ वही रहेंगे, जिनकी ड्यूटी है। इस दौरान अगर कोई बाहरी व्यक्ति व दलाल मिलता है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सेवा पुस्तिका में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित की जाएगी। साथ ही उच्चाधिकारियों व एसएसपी को भी मामले से अवगत कराया जाएगा।

> मेरी प्राथमिकता है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो। कुछ ओपीडी में बाहरी व्यक्तियों के बैठने की सूचना मिली थी। इसके बाद चेतावनी पत्र जारी किया गया है। – डॉ.अरुण प्रकाश, सीएमएस, जिला अस्पताल।

## सार-संक्षेप

### एमएसटी की राशि जुड़ी तो परिचालकों को होगा लाभ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने परिचालकों को दिए जाने वाले पैसे से लोड फैक्टर की कटौती न करने की मांग की। साथ ही एमएसटी के पैसे को जोड़कर लोड फैक्टर की बात भी कही है। ऐसे में यदि एमएसटी के पैसे को लोड़ फैक्टर में जोड़ा गया तो परिचालकों को लाभ होगा। यूनियन के नेताओं राजेंद्र प्रसाद पांडेय सहित अन्य नेताओं ने बताया कि प्रदेश महामंत्री तेज बहादुर शर्मा ने प्रबंध निदेशक को मांग पत्र सौंपा है। इसमें परिचालकों के देयक से 50 फीसदी लोड फैक्टर से कम आय आने पर दंड स्वरूप कटौती करने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। दूसरी ओर एमएसटी धन को आय में शामिल नहीं किया जा रहा है। ऐसे में संविदा चालक–परिचालकों को आर्थिक हानि व कटौती का सामना करना पड़ता है। इससे वह निराश होते हैं। मांग पत्र में एमएसटी धन से प्राप्त आय को परिचालकों की आय में जोड़कर लोड फैक्टर निर्धारित कराने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक परिक्षेत्र के विभिन्न डिपों में कई ऐसे मार्ग हैं जिन पर बड़ी संख्या में एमएसटी धारक चलते है। उदाहरण के तौर पर अयोध्या डिपों से गोंडा रूट पर ऐसी तस्वीर बताई गई है। यदि एमएसटी से होने वाली आय को लोड फैक्टर में जोड़ा गया तो बड़ी संख्या में चालक परिचालक कटौती से बच सकते हैं। उन्हें लाभ होगा।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं ईद - होली



नगर पंचायत परिसर में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** होली और ईद का त्यौहार आपसी मेल मिलाप सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। यह अपील उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक सैनी ने गुरुवार सायंकाल नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा कार्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों की बैठक में की। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने कहा कि यदि किसी को ऐसा प्रतीत होता है कि यह व्यक्ति त्योहारों में खलल डाल सकता है तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए। बैठक में सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्रा, सभासद साहिल यादव, व्यापार मंडल के अध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता, जगदंबा प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता जाहिद हुसैन, भाजपा नेता द्रोणाचार्य गुप्ता, परवेज अख्तर मौजूद रहे।

### महिलाओं को रेशा से धागा व धागे से कपड़े बनाने का प्रशिक्षण

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील के अमानीगंज ब्लॉक में नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को महिलाओं को रेशा से धागा और धागा से कपड़ा बनाने का प्रशिक्षण दिया। भारतीय हैंडलूम प्रौद्योगिकी संस्थान वाराणसी के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार सिंह ने प्रशिक्षण दिया। आईआईएचटी वाराणसी से आई टीम ने महिलाओं को रेशा से कपड़ा बनाने और हैंडलूम पर बुनाई तथा डिजाइन बनाने का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया। समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिलाएं केला के तने से रेशा निकालना सीख चुकी हैं। अब महिलाएं रेशा से चोटी और उत्पाद बना रही हैं। संगीता, नीलेश, साक्षी, अनीता मौर्य, रुचि, नंदिनी, सरिता सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### रामलला के दर्शन के लिए अलग से व्यवस्था की मांग



चंपत राय से मुलाकात के दौरान पूर्व सैनिक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और सैनिक जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की। पूर्व सैनिकों ने रामलला के सुगम दर्शन के लिए अलग से व्यवस्था की मांग उठाई है। साथ ही मंदिर में पूर्व सैनिकों से सेवा के लिए भी बातचीत की। परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाश पाठक ने बताया कि महासचिव ने इस पर सकारात्मक वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक कैप्टन जेपी द्विवेदी, सचिव कैप्टन कृष्ण कुमार तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर बालेंद्र भूषण मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य कैप्टन बृजेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार पांडे सहित अन्य लोग थे।

### बैंक कर्मियों ने किया रक्तदान



शिविर में रक्तदान करते हुए।

**अयोध्या, अमृत विचार :** केनरा बैंक के सिविल लाइंस स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को दशरथ मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक विकास भारती के मार्गदर्शन में हुए आयोजन में बैंककर्मियों सहित बड़ी संख्या में आम लोग रक्तदान कर महादानी बने। मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार ने रक्तदानियों का उत्साह वर्धन किया। केनरा बैंक के लखनऊ अंचल कार्यालय से महाप्रबंधक आलोक अग्रवाल ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैंककर्मियों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बैंक के मंडल प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव, बैंक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



वार्षिक खेल समारोह के बेस्ट प्लेयर अवार्ड विजेता सुष्मिता व शनि मुख्य अतिथि के साथ।

### सुष्मिता व शनि बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय का दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी चंद्रोदय नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा, व सचिव आनंद सिंघल ने सुष्मिता निषाद को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी और शनि गिरी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के अवार्ड से सम्मानित किया। अतिथियों ने विभिन्न स्पधार्ओं विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया। संगीत विभाग की छात्राओं के सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से कार्यक्रम शुरू हुआ। समारोह में एथलेटिक्स स्पर्धा में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, साइकिल दौड़ प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय के शिक्षकों व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की साइकिल दौड़, रस्सा कस्सी व म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता रोमांचक रही। शिव करन सिंह, सुरेश सिंह, अमित कुमार मिश्र, ओम शिव तिवारी, हरि श्रीवास्तव, अंकुर सिंह, कमलेश, राजेंद्र प्रताप सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समारोह का संचालन संचालन प्रो. मिर्जा साहब शाह ने किया। इससे पूर्व क्रीडा परिषद की सचिव डॉ. पूनम जोशी, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, प्रो. आशुतोष सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार राय, प्रो. प्रणय कुमार त्रिपाठी, प्रो. अंजनी कुमार सिंह, प्रो. ओपी यादव, प्रो. आशुतोष सिंह, प्रो. आशीष प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# श्रेया बैडमिंटन विजेता, आकांक्षा ने जीती फर्राटा

अयोध्या कार्यालय



जनपदीय बालिका एथलेटिक्स की विजेता मुख्य अतिथि सीडीओ के साथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उप्र खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के तत्वावधान में गुरुवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला स्तरीय अंडर-14 बालिका एथलेटिक्स, हैंडबॉल, बैडमिंटन व खो-खो प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि सीडीओ ऋृषिराज ने प्रतियोगिता की विभिन्न सपर्धाओं के विजेता व उपिवजेता बालिका खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के एथलेटिक्स स्पर्धा की 60 मीटर दौड़ में अकांक्षा प्रथम, रेनू द्वितीय व प्रज्ञा तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर में अकांक्षा प्रथम, रेनू द्वितीय व रिया तृतीय रहीं। 200 मीटर में इशिका प्रथम, अयाना द्वितीय व प्रतिभा तृतीय रहीं। 400 मीटर में अनाया प्रथम, रिया द्वितीय व रानी तृतीय रहीं। 600 मीटर में अरिशा प्रथम, शालिनी द्वितीय व शानिया तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर में शालिनी प्रथम, प्रतिभा द्वितीय व अन्नू तृतीय रहीं। 1500 मीटर में जानवी प्रथम, नेहा द्वितीय व दिवांक्षी तृतीय रहीं। 1000 मीटर में लक्ष्मी प्रथम, माही द्वितीय व नाजिया तृतीय रहीं। लंबी कूद में प्रज्ञा प्रथम, श्रेया द्वितीय व इशिका तृतीय स्थान पर रहीं। शॉटपुट में नेहा प्रथम, श्रेया द्वितीय व नैन्सी तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो में नेहा प्रथम, रानी द्वितीय व सुमन तृतीय रहीं। जैबलिन थ्रो में अयाना प्रथम, सानिया द्वितीय व नैन्सी तृतीय रहीं। बैडमिंटन एकल में श्रेया पाल प्रथम, अराध्या त्रिपाठी द्वितीय व आंचल चौहान तृतीय स्थान पर रहीं। युगल में अराध्या त्रिपाठी व आंचल चौहान विजेता, श्रेया पाल व शिवांगी सिंह उपविजेता तथा उज्ज्वला पाल व कीर्ति सिंह तृतीय स्थान पर रहीं।

**हैंडबॉल में छात्रावास व खो-खो में क्रीड़ा समिति ने मारी बाजी**

### छात्रावास टीम ने मसौधा को किया पराजित

हैंडबॉल प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच छात्रावास अयोध्या व मसौधा टीम के बीच खेला गया। इसमें छात्रावास टीम ने मसौधा को 11–2 से पराजित कर विजेता बनी। खो–खो प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच में जिला विद्यालय क्रीड़ा समिति ने यश विद्या मंदिरर को 9–1 से पराजित किया। समापन अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि सीडीओ ऋषिराज को बुके भेंट कर व उपक्रीड़ाधिकारी मो. इरफान ने बैज लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी शकील अहमद अन्सारी, प्रतियोगिताओं के निर्णायक सहित खेल विभाग के कर्मचारी, कोच व खेल प्रेमी मॉजूद रहे।

**स्वास्थ्य** सस्ते रंगों के चक्कर में त्वचा की दवाओं पर खर्च करने पड़ जाते हैं पैसे

# रहें सावधान, कहीं रंग न डाल दे भंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** होली पर केमिकल युक्त रंग आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बाजार में इस समय मिलावटी रंगों की भरमार है। ऐसे में होली खेलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। यह कहना है जिला अस्पताल की चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव का। उन्होंने बताया कि रंग, अबीर प्राकृतिक हो तो ज्यादा अच्छा होता है। मिलावटी रंग लगाने से एलर्जी होती है। इससे शरीर पर जगह-जगह दाने निकलने, चुनचुनाहट, जलन की समस्या होती है।

डॉ. पल्लवी ने बताया कि केमिकल युक्त रंग लगते ही त्वचा के अंदर तक प्रवेश कर जाते हैं। उससे बहुत नुकसान होता है। कई बार लोग सस्ते रंगों के चक्कर में केमिकल युक्त रंग खरीद लेते हैं। उससे समस्या उत्पन्न हो जाती है और इसके मुकाबले चार गुना ज्यादा पैसों की दवाइयां लेना पड़ जाती है।



डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव

### रंग खेलने से पहले ये सावधानियां बरतें

- मॉइश्चराइजर व संस क्रीम का प्रयोग करें।
- पूरे कपड़े पहन कर ही रंग खेलें।
- खाली पेट न रहें और शरीर में पानी की कमी न हो।
- ऑयली त्वचा वालों को तेल नहीं लगाना चाहिए।
- आंखों को बचाने के लिए चश्में का प्रयोग करें।
- सूखी त्वचा है तो क्रीम बेस्ड वाले लोशन लगाएं।

### जलन हो रही है तो ठंडे पानी से साफ करें रंग

रंग लगने के बाद अगर आपको शरीर के किसी भाग में जलन शुरू हो गई है तो उस जगह को ठंडे पानी से धोएं। आराम न मिलने पर चर्म रोग विशेषज्ञ से अवश्य मिलें। अगर किसी भी व्यक्ति को रंगों से एलर्जी है तो ऐसे लोग बिल्कुल भी रंगों का उपयोग न करें।



### होली के रंग से आंखों को रखें सुरक्षित



होली में यदि रंग या केमिकल आंखों में चला जाए तो आंखों को कतई न मलें। तत्काल साफ पानी से धुलें। यदि तब भी जलन हो रही हो तो टब या बाल्टी में प्रभावित आंखों को डुबोकर पलकों को कई बार खोलें और बंद करें। आंखों में किसी तरह की स्टेरॉयड आई ड्रॉप या पुरानी आई ड्राप कतई न डालें। यदि आसपास मेडिकल स्टोर हो तो वहां से नॉन स्टेरॉयड एन्टीबायेटिक आई ड्रॉप लेकर प्रभावित आंखों में दो-दो बूंद दो-दो घंटे पर डालना शुरू करें। शीघ्र ही किसी नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श ले लेना सर्वथा उचित है। – डॉ. अनूप मनचन्दा, वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ

# अभद्रता के बाद चिकित्सकों ने बंद कराई ओपीडी

सोहावल, अमृत विचार

**सोहावल सीएचसी में ड्राइवर ने गार्ड को पीटा, चिकित्सकों से भी उलझा**



**अयोध्या कार्यालय :** सीएचसी में गुरुवार दोपहर में जमकर हंगामा हुआ। फील्ड वर्क के लिए अटैच वाहन के एक चालक ने सुरक्षा गार्ड की पिटाई कर दी। इसके बाद चिकित्सकों से भी अभद्रता की। आक्रोशित चिकित्सकों ने समय से डेढ़ घंटे पहले ही ओपीडी समेत सारी सेवाए बंद कर दीं। आरोपी पर केस और कार्रवाई की मांग पर अड़े कर्मचारियों को लेकर प्रभारी देर शाम तक सुलह समझौते में लगे रहे।

आरोप है कि दोपहर बाद लगभग ढाई बजे वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ। अपना वाहन अटैच कर हॉस्पिटल में सेवा देने वाले आरोपी मिंटू सिंह निवासी सोहावल ने सुरक्षा गार्ड विपिन कुमार की पिटाई कर दी और मोबाइल तोड़ दिया। प्रभारी सहित सभी चिकित्सकों को अपशब्द कहते हुए धमकी दी और दबंगई दिखाते हुए हंगामा काटा। विरोध में आक्रोशित चिकित्सकों के साथ सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए समय से पहले ही ओपीडी समेत सभी सेवाएं ठप कर दी। पुलिस ने सभी को शांत कराया। फील्ड में निकले सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रेम चंद ने पहुंच कर दोनों पक्षों की बात सुनी। इसके बाद चिकित्सकों की एक बैठक बुलाई। खबर लिखे जाने तक बैठक चल ही रही थी। बैठक में डॉ. फातिमा हसन, अनिल कुमार सिंह, उमेश तिवारी, वरिष्ठ फार्मासिस्ट व स्वास्थ शिक्षा अधिकारी आदि शामिल रहे।

> अभी दोनों पक्षों में वार्ता चल रही है। बातचीत से सुलह समझौता न हुआ तो केस दर्ज कराया जाएगा। –डॉ. प्रेम चंद्र, सीएचसी प्रभारी।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.47 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### जिला चिकित्सालय पहुंची डिजिटल एक्स-रे मशीन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में गुरुवार को डिजिटल एक्स-रे मशीन पहुंच गई। अभी तक मैनुअल मशीन से एक्स-रे होता था। 100 एक्स-रे करने के बाद मशीन गरम हो जाती थी। संचालन बंद होने के बाद मरीजों को लौटना पड़ता था। सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि जल्द ही डिजिटल मशीन से एक्स-रे की सुविधा शुरू की जाएगी। इससे मरीजों को लाभ मिलेगा।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर पर अकेली 16 वर्षीया दलित किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। पिता के घर पहुंचने पर बेटी ने आप बीती बताई। पिता ने गांव के ही युवक पर बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। खंडासा थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह का कहना है आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्जकर तलाश जारी है। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### 35 किलो मिठाई टीम ने कराई नष्ट

**कुमारगंज, अयोध्या।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को कुमारगंज, हैरिंग्टनगंज, बहादुरगंज समेत अन्य प्रमुख बाजारों के कई दुकानों पर छापा मारा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पी के त्रिपाठी बताया कि टीम ने 35 किलो मिठाई नष्ट कराई है। मावा और रसगुल्ला के नमूने भरकर जांच के लिए लैब भेज दिया।

# पूर्व प्रधान पुत्र की रॉड से प्रहार कर हत्या

## बाबाबाजार के गणेशपुर गांव में दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** रूदौली सर्किल के बाबा बाज़ार थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र की रॉड से प्रहार कर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों हमलवार अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकले। मौके की नजाकत को देखते हुए सर्किल के तीनों थानों की पुलिस फ़ोर्स को बुला लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गनेशपुर गांव के पूर्व प्रधान हमीद का पुत्र सिकंदर अहमद (42) गुरुवार को गांव स्थित अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर बैठा था। पास में ही उनके चाचा का लड़का अशरफ भी बैठा हुआ था। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे गांव का ही एक युवक अपने दो साथियों के साथ एक मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचा। हमलवारों ने लोहे की रॉड से सिकंदर पर सिर पर पीछे से प्रहार कर दिया। उसके चचेरे भाई अशरफ ने गुहार लगाई तो हमलावर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। परिजनों ने घायल को सीएचसी रूदौली पहुंचाया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सिकन्दर अहमद की मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात को लेकर क्षेत्र में हलचल है और बाबा बाजार थाने के अलावा रुदौली कोतवाली व मवई थाने की पुलिस फोर्स मौके पर बुला ली गई। क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम ने बताया कि हमले में घायल युवक की जिला अस्पताल में मौत हुई है। मौके पर पुलिस फ़ोर्स तैनात कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। मामले में सभी पहलुओं की जाँच-पड़ताल कराई जा रही है। संदिग्ध युवक की तलाश कराई जा रही है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**हमलावर बाइक सवार तीनों मौके से फरार, जाँच में जुटी पुलिस**

### गांव निवासी एक युवक की हुई शिनाख्त

दिनदहाड़े हुई इस वारदात में गांव निवासी एक युवक की पहचान हुई है, जबकि दो अन्य की अभी पहचान नही हो पाई है। मृतक सिकंदर की माता हसीरुल निशा वर्ष 2005 से 2010 व 2015 से 2020 तक अपने ग्राम पंचायत गनेशपुर की ग्राम प्रधान थीं। उनका पूरा कार्य बेटा सिकन्दर ही देखता-भालता था। अभी स्पष्ट रूप से कोई रंजिश की बात सामने नहीं आई है और न ही अभी पुलिस को कोई तहरीर ही दी गई है।

### थाने के निकट पेड़ से लटका मिला युवक का शव

अयोध्या, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र में थाने से चंद कदम दूर कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज के निकट गुरुवार को एक युवक का शव सागौन के पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। छावनी बोर्ड प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। प्रभारी निरीक्षक अपराध अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव ऊनी मफलर के सहारे लगभग साढ़े छह-सात फुट ऊपर लटका हुआ था। मृतक के शरीर पर गहरे कत्थई रंग की लोवर और लाल व सफेद रंग की चौड़ी पट्टी युक्त टीशर्ट मिली है। जामा तलाशी में मृतक के पास से कागजात अथवा ऐसा कोई सामान नहीं मिला हैं, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**अयोध्या, अमृत विचार :** रौनाहीं थाना क्षेत्र में पत्नी की नाराजगी से परेशान थाना क्षेत्र के ढेमवाघाट निवासी एक युवक रामबाबू (26) पुत्र बेचूलाल ने गुरुवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसके भाई मनीष ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। भाई मनीष का कहना है कि भाभी की नाराजगी और बातचीत न करने के चलते भइया ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

# हादसों में चार की मौत, छात्रा समेत तीन लोग घायल

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छात्रा समेत तीन लोग घायल हो गए।

अकबरपुर मार्ग पर गुरुवार सुबह 9.30 बजे अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में रामपुर हलवारा स्थित यश पेपर मिल के निकट एक कार ने एक साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हौसिला सरोज(55) निवासी तिहुरा उपरहार कोतवाली अयोध्या और मस्तराम (60) निवासी मधुपुर थाना पूराकलंदर को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज दर्शननगर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दर्शननगर चौकी प्रभारी आशीष त्रिपाठी ने बताया कि मृतक आपस में समधी थे और मधुपुर से एक ही साइकिल से पाराखान जा रहे थे। वहीं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 63वीं बटालियन की कैंटीन में तैनात प्राइवेट कर्मी अमित शर्मा (32) पुत्र अमरनाथ बाइक से अपने घर महारजगंज थाना क्षेत्र के चरेरा पूराबाजार से ड्यूटी पर आ रहा था। हाईवे पर जोगीतारा क्षेत्र में किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उस मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर सीआरपीएफ के कमांडेंट और जवान भी पहुंच गए तथा विधिक कार्रवाई पूरी कराई है। जबकि नगर कोतवाली के मोदहा इलाके में किसी वाहन की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार शिवशंकर तिवारी (46) पुत्र उमा प्रसाद निवासी जेरुआ भावापुर कोतवाली बीकापुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक एक कपड़े के शोरूम में प्रबंधक के पद पर तैनात था।




उधर कैंट थाना क्षेत्र के नियावां रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट एक निर्माणाधीन मकान का टांड ढ़हने के चलते काम कर रहा मजदूर रौनाही थाना बँधुआपुर का निवासी राधेश्याम (45) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं रायबरेली हाईवे पर प्रभातनगर क्षेत्र में एक एसयूवी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अवधेश दुबे (36) निवासी बाला सराय थाना कैंट गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। जबकि खंडासा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से कक्षा पांच की छात्रा कांति साहू (10) पुत्री संतबक्श निवासी खेमापुर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के समय वह अपने स्कूल रहमानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से वापस अपने घर जा रही है। घायल छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## अवैध प्लाटिंग के खेल में सरकारी भूमि को भी नहीं छोड़ा

**अयोध्या कार्यालय।** शहर से सटे क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग के खेल में सरकारी जमीनों को भी नहीं बख्शा गया। आरोप है कि अवैध प्लाटिंग के इलाके में नाला, नाली, बंजर और खलिहान की जमीन को नवैय्यत बदल प्लाटिंग में रास्ता बना डाला। इसकी शिकायत अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से की गई है। शिकायत में बानगी के तौर पर सोहावल तहसील के बनबीरपुर, हाजीपुर सिंहपुर और सदर तहसील के अब्बू सराय के कई जमीनों का हवाला दिया गया है। शिकायत प्रवीण कुमार ने की है। आरोप है कि तीन गांव तो बानगी भर हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि शिकायत की संबंधित क्षेत्र के जेई व लेखपाल इसकी जांच करेंगे। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# 20 हजार यात्रियों के लिए बनेगा होल्डिंग एरिया

अयोध्या कार्यालय

**राममंदिर**

▸▸ निर्माण समिति की बैठक में पांच अप्रैल तक सभी यात्री सुविधा वाले कार्यों को पूरा करने के निर्देश

**अमृत विचार :** रामनवमी पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिर परिसर में 25 हजार क्षमता वाले यात्री सुविधा केंद्र के निकट ही 20 हजार यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार किया जा रहा है। जिससे भीड़ का दबाव बढ़ने पर एक साथ 20 हजार श्रद्धालुओं को रोका जा सके।


चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र।

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन गुरुवार को चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने निर्माणधीन मन्दिर के कार्यों को पूरा करने के साथ यात्री सुविधा केंद्र के निर्माण को लेकर समीक्षा की। इसके पूर्व अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। रामनवमी से पहले पांच अप्रैल तक यात्री सुविधा जैसी व्यवस्थाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा और एलएंडटी व टाटा के अधिकारी भी मौजूद रहे। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर पहले भी बड़ी संख्या में भीड़ आती रही है, लेकिन इस वर्ष कुछ विशेष रूप से भीड़ आएगी। इसके लिए राज्य सरकार जागरूक है और सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उसी के निर्देशानुसार न्यास भी व्यवस्था में लगा हुआ है।

### तीन दिन 24 घंटे दर्शन कराने पर मंथन

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी। बैठक में 17 अप्रैल को देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों को राम मंदिर में सुगम दर्शन कराने की व्यवस्था बनाने को लेकर चर्चा हुई। 16, 17 और 18 अप्रैल को 24 घंटे के लिए रामलला का दर्शन कराने पर विचार हुआ।

### हनुमानगढ़ी पर भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

बैठक के बाद गुरुवार देर शाम चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ व्यवस्था बनाने पर मंथन किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बताया कि रामनवमी पर हनुमानगढ़ी पर भी भीड़ अधिक रहेगी। हनुमानगढ़ी के पंचों के साथ आईजी प्रवीण कुमार बैठक भी कर चुके हैं। हनुमान गढ़ी आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा लड्डू चढ़ाया जाना ही सबसे बड़ी चुनौती है। हनुमानगढ़ी के प्रमुख महंत को भी जानकारी दी गई है, लेकिन आस्था और परंपरा के कारण इस व्यवस्था पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

**सार-संक्षेप**


श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष ने गुरुवार शाम साधु-संतो से की बातचीत।

### तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष ने किया रामलला का पूजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि पहुंच कर रामलला और कुबेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि के दूसरे मंजिल और परिसर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद गुरुवार को दो माह पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर ट्रस्ट अध्यक्ष मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने कहा समय से सभी कार्य पूर्ण हो जाएंगे। आने वाले राम भक्तों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये ट्रस्ट कृतसंकल्पित है। अध्यक्ष ने कहा कि भक्तों को सुगमता से रामलला के दर्शन प्राप्त हो रहे हैं। ऊपर के दूसरे मंजिल का कार्य भी साथ - साथ सुचारू रूप से चल रहा है। इस दौरान संत गोपाल दास, संत जानकी दास, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, रामशंकर, फूलकांत आदि मौजूद रहे।

### अस्पतालों में बेड आरक्षित, छुट्टी पर लगी रोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** होली को लेकर जिले के अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने गुरुवार को बताया कि जिला अस्पताल में 20, श्रीराम चिकित्सालय व कुमारगंज स्थित 100 बेड के अस्पताल में 10-10 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा सभी चिकित्सकों व फार्मासिस्टों की छुट्टियों पर रोक लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने भी कर्मियों की छुट्टियां रद करते हुए 20 बेड आरक्षित कराए हैं।

### मधुमक्खी के हमले में शिक्षक व सात छात्र घायल

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय रौहारी में गुरुवार को मधुमक्खियों के हमले से एक शिक्षक व सात छात्र घायल हो गए। ग्राम प्रधान ने अपने निजी वाहन से सभी घायलों को सीएचसी रमवाकला पहुंचाया। शिक्षा क्षेत्र तारुन के कंपोजिट विद्यालय रौहारी में घटना गुरुवार को लगभग एक बजे के आसपास घटी। जब बच्चे प्रथम पाली की परीक्षा देकर बाहर निकले थे। बाउंड्रीवॉल से सटे चिलबिल के पेड़ में मधुमक्खियां का पुराना छत्ता लगा था। किसी बच्चे ने छत्ते पर पत्थर मार दिया। जिससे मधुमक्खियां का झुंड वहां से जा रहे छात्र-छात्राओं पर हमलावर हो गया। शिक्षक इंद्रभान यादव बचाने दौड़े तो मधुमख्खियां उन पर हमलावर हो गईं। अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे घबरा गए ।सभी ने अपने को कमरे में बंद करके बचाने का प्रयास किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमवाकलां के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक महिपाल ने बताया कि घायल सभी छात्र-छात्राओं का प्राथमिक उपचार किया गया। रागिनी, रजनीश, शिवा सहित छह बच्चों को घर भेजा गया। गंभीर रूप से घायल शिक्षक व कक्षा 6 का छात्र नितेश का इलाज किया जा रहा है।

### एलएलबी में 18 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में गुरुवार को किसान पीजी कॉलेज बहराइच में 18 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर एलएलबी परीक्षा के साथ बीपीएड व एमपीएड परीक्षा के केन्द्रों पर सख्ती की जा रही है।

### 400 पार के लक्ष्य के लिए जुटें कार्यकर्ता

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा की पहले मंडल स्तर की बैठक के बाद अब शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ कमेटी की बैठक गुरुवार को शक्ति केंद्र अंकवारा की सराय चैमल में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि 400 पार नारे तो साकार करने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, तिलकराम मौर्य, शिवनरायन तिवारी, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पूर्व मेजर प्रदीप सिंह, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुहागिनों ने की मां औसाना की पूजा

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली के काली माता मंदिर स्थित सामूहिक दुरदुरिया का आयोजन किया गया। सुहागिनों ने मां औसाना की पूजा करते हुए गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। सोहावल ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान की ओर आयोजित दुरदुरिया कार्यक्रम में मात्र शक्तियों को गुड, चना व लैया का प्रसाद वितरण किया गया। मुन्ना सिंह, अनुराग पांडेय आदि ने सहयोग किया।

# रामलला का आशीर्वाद लेने पहुंचे लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाड़ी

▸▸ स्पिनर खिलाड़ी केशव दर्शन के बाद बोले, शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं


साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर केशव महाराज।


जस्टिन लैंगर।


जॉन्टी रोड्स।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आकर श्रीराम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने की इच्छा पूरी हो गई। भगवान राम की जन्मभूमि में कुछ ऐसा विशेष है जो केवल महसूस किया जा सकता है, व्यक्त नहीं किया जा सकता। ये बातें गुरुवार को साउथ अफ्रीका के क्रिकेट खिलाड़ी व लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के स्पिनर गेंदबाज केशव महराज गुरुवार ने कहीं। वो लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के कोच जस्टिन लैंगर व जॉन्टी रॉड्स के साथ रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। सभी ने कहा कि 24 मार्च को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में सीजन की शुरुआत से पूर्व आज हमने रामलला के दर्शनकर आशीर्वाद लिया है। लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के खिलाड़ियों की सुरक्षा दृष्टिकोण से प्रशासन ने गुपचुप तरीके से रामलला का दर्शन पूजन कराया।

### 3:56 मिनट का वीडियो वायरल

रामलला के दरबार से 3:56 मिनट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के खिलाड़ी एक बस से अयोध्या पहुंचे दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो में टीम से जुड़े कई खिलाड़ी व लोग मौजूद दिखे। सभी रामलला से प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस संबंध में अभी कोई भी अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

# संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को

कुमारगंज, अयोध्या

▸▸ सात मई तक कर सकते हैं आवेदन, 11 शहरों में होगा एग्जाम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा 2024-25 की घोषणा गुरुवार को कर दी गई है। प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश हेतु अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन 17 मार्च से 7 मई तक कर सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने गुरुवार को बताया कि यूपी कैटेट परीक्षा 11 व 12 जून को प्रदेश के कुल 11 शहरों में आयोजित की जाएगी। जिसमें मेरठ, कानपुर, अयोध्या, बांदा, वाराणसी, लखनऊ, आगरा, बरेली, आजमगढ़, झांसी व गोरखपुर शामिल है। यूपी कैटेट परीक्षा में इस



बार एक नए कृषि विश्वविद्यालय का नाम जुड़ गया है। इस बार अभ्यर्थी यूपी कैटेट परीक्षा के द्वारा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर में भी कृषि शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा से आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या, महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर, कृषि विश्वविद्यालय बांदा में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाएंगे। इस बार संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ आयोजित कर रहा है।

### इन विषयों में दाखिले के लिए होगी परीक्षा

कृषि विश्वविद्यालयों में बीएससी, बीटेक, एमबीए, एमएससी एवं पीएचडी आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा फार्म वेबसाइट upcatet.org या www.svpuat.edu.in पर उपलब्ध है। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि सात मई है इसके बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**आस्था** प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या

# दो माह में 1.12 करोड़ भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन मंदिर में एक से सवा लाख रामभक्त पहुंच रहे हैं। 22 जनवरी से लेकर 20 मार्च तक एक करीब दो माह में 1.12 करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए हैं। अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है।


रामलला का दर्शन करने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा (फाइल फोटो)।

### हर साल बढ़ रही भक्तों व पर्यटकों की संख्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और पर्यटन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार 2017 में दीपोत्सव शुरू होने के बाद से अयोध्या में हर साल भक्तों और पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। रामलला के दर्शन करने के लिए यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2020 में करोना काल में इनमें कुछ कमी आई थी।



▸▸ दर्शन-पूजन करने रोज रामनगरी आ रहे सवा लाख भक्त, मंगलवार को होती है सर्वाधिक भीड़

| वर्ष | आए कुल श्रद्धालु | स्वदेशी | विदेशी भक्त |
|---|---|---|---|
| 2017 | 1,78,57,858 | 1,78,32,717 | 25,141 |
| 2018 | 1,95,63,159 | 1,95,34,824 | 28,335 |
| 2019 | 2,04,91,724 | 2,04,63,403 | 28,331 |
| 2020 | 61,96,148 | 61,93,537 | 2,611 |
| 2021 | 1,57,43,790 | 1,57,43,359 | 431 |
| 2022 | 2,21,38,805 | 2,21,12,402 | 26,403 |
| 2023 | 5,75,15,423 | 5,75,07,005 | 8418 |

# रामलला दर्शन व्यवस्था : कुछ पर की कार्रवाई, दी हिदायत

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामलला के वीआईपी दर्शन कराने का मामला चर्चा में आने के बाद पुलिस-प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को पुख्ता करने की कवायद शुरू कर दी है। एसएसपी ने परिसर में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। साथ ही तमाम लोगों को हिदायत दी गई है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद देश के विभिन्न प्रांतों से रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था में सेंध लगा कर पण्डे-पुरोहित से लेकर ट्रेवल एजेंसियों व अन्य ने श्रद्धालुओं से सुविधा शुल्क लेकर मोबाइल के साथ शॉर्टकट रास्ते से परिसर में प्रवेश दिलवाना शुरू कर दिया। एक सुव्यस्थित कॉकस बना लिया। शिकायतें बढ़ी तो पुलिस-प्रशासन ने एक-एक गतिविधियों और व्यवस्था से जुड़े लोगों के मूवमेंट का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में संदिग्ध दिखे कई लोगों को व्यवस्था से बाहर किया गया है। कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के चलते तबादला नहीं किया जा सकता। इसलिए निलंबन कर नए लोगों को तैनात किया गया है। पुलिस-प्रशासन श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन सुविधा उपलब्ध कराने की कवायद में जुटा है।

## एक नजर

### सपा में बनाए गए 4 सचिव

अयोध्या, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की स्वीकृति से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने चार सचिव बनाए है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि अक्षत श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, अभय द्विवेदी, सूर्यभान यादव को महानगर कमेटी में सचिव नामित किया।

### 31 को खुले रहेंगे बैंक और कोषागार

अयोध्या, अमृत विचार : वित्तीय साल के अंतिम दिन 31 मार्च को रविवार है, लेकिन बैंक शाखाओं और कोषागार खुले रहेंगे। इसका निर्देश जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को दिया है। मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने बताया कि 31 मार्च को रविवार होने के कारण साप्ताहिक अवकाश है। इस दिन अत्यधिक लेन-देन होना स्वाभाविक है। इसलिए शासकीय कार्य करने वाली सभी बैंक शाखाओं और कोषागारों को खोला जाना आवश्यक है।

### चुनाव में समर्थन नहीं करेंगे भाकियू कार्यकर्ता

अयोध्या अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसी प्रत्याशी/पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। 23 मार्च को शहीद उद्यान में शहीद प्रतिमा के सामने शहादत दिवस मनाया जाएगा। यह निर्णय शहीद उद्यान में आयोजित यूनियन की मासिक पंचायत में गुरुवार को लिया गया। पंचायत में यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी/प्रत्याशी का प्रचार नहीं किया जाएगा और न ही किसी का समर्थन किया जाएगा। घनश्याम वर्मा ने बीकापुर, सूर्यनाथ वर्मा ने सोहावल, राम गणेश मौर्य ने तारुन व मसौधा, देवी प्रसाद वर्मा ने हैरिग्टनगंज, राजेश मिश्रा ने मिल्कीपुर, शंकरपाल पांडे, राजदेव यादव ने अमानीगंज, राम अवध ने पूरा बाजार, भोला सिंह टाइगर ने रुदौली, रवि शंकर पांडे ने मवई ब्लॉक को गोद लिया है।

### पुलिस ने चाकू के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। जलालपुर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड में है, इसी क्रम में कोतवाली जलालपुर के उपनिरीक्षक जिज्ञासु सोम ने कर्बला नहर से पहले एखलाक अहमद पुत्र रईस निवासी नगपुर जलालपुर, उपनिरीक्षक सचिव कुमार मौर्य ने मुखबिर की सूचना पर रामगढ़ रोड के फरीद पुर मोड़ से गुड्डू उर्फ नसीम निवासी फरीदपुर व हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार ने जनता इंटर कालेज के समीप से नन्हे लाल निवासी महमदपुर हमजा को एक एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# धर्म-संस्कृति और शास्त्रों की रक्षा करें युवा : चंपत राय

## चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का भव्यता के साथ समापन, कुलपति बोले- अगले वर्ष होगा अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का स्वागत करते कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी।



स्वामी कमलनयन दास को ग्रंथ भेंट करते कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी।



शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में पुरस्कृत किए विभिन्न प्रदेशों से आए संस्कृत के छात्र - छात्राएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : युवा पीढ़ी धर्म संस्कृति और शास्त्रों की रक्षा और समय का सदुपयोग करें। भविष्य में संस्कारों का आधान किया जाना चाहिए। ये बातें गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कहीं। वो केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मणिराम दास छावनी के श्रीराम सत्संग भवनम् में आयोजित समापन समारोह में देश भर के संस्कृत विद्वान जुटे।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव का आयोजन शास्त्रोत्सव मथुरा नगरी में किया जाएगा। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि स्वामी कमल नयन दास ने कहा कि संस्कृत के संवर्धन के लिए सभी विद्वानों को आगे आना चाहिए। संस्कृत के विद्वान प्रो. कृष्णामूर्ति शास्त्री ने संस्कृत और शास्त्रों की रक्षा के उपाय बताए। वेद विद्वान स्वामी सत्येंद्र दास ने भारतीय शास्त्रीय परंपरा को स्थापित करने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ कर संस्कृत और शास्त्रों का संवर्धन करना होगा।

निर्णायक मंडल के प्रो. श्रीपाद सुब्रमण्यम, प्रो. बृजभूषण ओझा, प्रो. श्रुति एच के ने अपने अनुभव साझा करते हुए शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा को देश के लिए गौरवशाली बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शास्त्रों और संस्कृत को नई दिशा प्रदान करेगा। वहीं नागपुर से आईं श्वेता शर्मा, गुजरात के डॉ. गौरी शंकर और प्रो .भारत भूषण त्रिपाठी ने भी इसे सफलतम आयोजन बताया। समापन समारोह में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलसचिव प्रो. मुरलीकृष्णन ने देश भर से आए विद्वानों और अतिथियों का वाचिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, प्रो. लोकमान्य मिश्र, प्रो. मदनमोहन पाठक, आचार्य प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य धर्नेन्द्र कुमार झा, आचार्य गुरुचरण सिंह नेगी, आचार्य गणेश शंकर विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

### सर्वाधिक पदक प्राप्त करने पर कर्नाटक के गण को विजय वैजयंती

चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में सर्वाधिक पदक प्राप्त करने पर कर्नाटक राज्य के गण को विजय वैजयंती से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 28 राज्यों से आए 600 प्रतिभागियों में से 110 को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतिस्पर्धा की यह विशेषता थी कि छोटे-छोटे बच्चों ने शास्त्रों को कण्ठस्थ करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिनमें सम्पूर्ण अमरकोष को करने वाली वसुधा ने अद्भुत प्रदर्शन किया। इसी प्रकार गौरव उपाध्याय ने सुभाषित कण्ठपाठ, प्रमति न.स. और अमृत बन्धु शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता, मुक्ता एस ने न्याय भाषण तथा अनुशा ने पुराणेतिहास शलाका का आश्चर्यचकित कर देने वाला प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की ओर से इसे उत्कृष्ट घोषित किया गया।

# स्टैटिक टीमें रखेंगी चुनाव में नकदी, शराब पर नजर

अयोध्या कार्यालय।

▸▸ थानावार टीमों की तैनाती, रहेंगे मजिस्ट्रेट व पुलिस अफसर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में नकदी, शराब बांटने पर प्रतिबंध है। शस्त्रों की आवाजाही नहीं हो सकती है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने इस पर नजर रखने के लिए गुरुवार को जिले में थानावार स्टैटिक टीमों की तैनाती करके इन्हें सक्रिय कर दिया है।

उन्होंने बताया कि लोकसभ चुनाव के साथ ही होली का पर्व करीब है। नकदी, शराब बांटने और शस्त्रों की आवाजाही प्रतिंबधित है। टीमों को निर्देश दिया गया है कि सख्ती से इसका पालन कराया जाएगा। विधानसभावार थानावार टीमें लगाई गई है। एक टीम एक मजिस्ट्रेट के साथ एक पुलिस अफसर और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर, अयोध्या और गोसाईगंज में कुल 18 थाने हैं। इन सभी पर स्टैटिक टीमों की तैनाती की गई है। मतदाताओं को घूस देने के प्रयोग में लाई जाने वाली नकदी, शराब और गिफ्ट की पता लगाकर जब्ती और कार्रवाई के लिए उड़न दस्ता टीमों की सक्रियता बढ़ा दी गई है। विधानसभा वार तीन-तीन टीमें लगाकर सक्रिय की हैं।

# जिला कारागार में बंद पवन पांडेय की तबीयत बिगड़ी, लखनऊ रेफर

जिला संवाददता, अंबेडकरनगर।

▸▸ पूर्व बाहुबली विधायक पवन पांडेय अंबेडकरनगर से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के हैं चाचा



पवन पांडेय।

अमृत विचार। जिला कारागार में बंद बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडेय की तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसके बाद जिला कारागार के डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पूर्व विधायक को भर्ती कर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज (लॉरी) के लिए रेफर कर दिया है। पूर्व विधायक के सीने में दर्द हो रहा था। वह पहले से ही शूगर, बीपी और हार्ट के मरीज थे। पहले भी उनकी हार्ट की सर्जरी हुई है।

जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ. डीपी वर्मा ने बताया कि पूर्व विधायक पवन पांडेय को जिला जेल प्रशासन ने तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। बता दें कि पूर्व विधायक पवन पांडेय अंबेडकरनगर से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के चाचा हैं। पवन पांडेय जमीन से जुड़े मामले में जिला कारागार में बंद हैं। पूर्व विधायक पर धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए की जमीन हड़पने का आरोप है। पवन पांडेय पर कई जिलों में चार दर्जन से भी अधिक हत्या, लूट और अन्य आपराधिक मुकदमें दर्ज है। वह 1991 में अकबरपुर विधानसभा से विधायक चुने गए थे। इसके बाद वह अकबरपुर सीट से कई बार निर्दलीय और लोजपा से चुनाव लड़े, लेकिन चुनाव नहीं जीते। बाबरी मस्जिद गिराने के मामले में भी पवन पांडेय दोषी रहे है। पवन के भाई राकेश पांडेय जलालपुर सीट से सपा विधायक है।

## सार-संक्षेप



हनुमागढ़ी बारुन बाजार से रवाना होता दल। अमृत विचार

### रामलला के दर्शन करने पैदल गए 251 लोग

बारुन बाजार (अयोध्या), अमृत विचार : हनुमानगढ़ी से 251 लोगों का पदयात्रा करते हुए रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुआ। रामदेव कौशल की अध्यक्षता में नवल जायसवाल, ब्रजकिशोर कौशल, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, दीपक पाठक समेत क्षेत्रवासी शामिल हैं। इससे पहले जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव सिंह ने पदयात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया।



पुष्प वाटिका का निरीक्षण करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

### पुष्प वाटिका में लगेगा फव्वारा

अयोध्या, अमृत विचार : नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ विकसित पुष्प वाटिका का निरीक्षण किया गया। रामकथा पार्क के निकट चौधरी चरण सिंह घाट के पास इस वाटिका को विकसित किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के पुष्प रोपित करते हुए उद्यान तैयार किया गया है। इस उद्यान को पर्यटन विभाग द्वारा नगर निगम को हस्तान्तरित किये जाने पर विचार जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि वाटिका में अन्य सुविधाएं फाउंटेन, हट व पर्यटकों के लिए आकर्षक स्वरूप में विकसित किया जाएगा।

### अवैध अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों में तनातनी



सार्वजनिक रास्ते पर किया जा रहा है अतिक्रमण।

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। हेड कांस्टेबल द्वारा जमीनी विवाद में हस्तक्षेप किए जाने के बाद अब रास्ते पर अवैध अतिक्रमण के मामले में भी रवैया एक पक्षीय अपनाया जा रहा है। जिससे दो पक्षों में तनातनी का माहौल है। बता दें कि गांव निवासिनी अनीता देवी का कहना है कि सार्वजनिक रास्ते पर पड़ोसी द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसका विरोध करने पर थाने के पुलिसकर्मी राय साहब द्वारा भद्दी-भद्दी गालियां देकर अपमानित किया गया और एक पक्ष के ही लोगों को थाने बुलाया गया। आलापुर थाना क्षेत्र के संदहा मजगवां गांव निवासिनी अनीता देवी का आरोप है कि रास्ते पर अतिक्रमण के चलते काफी दुश्वारियां होती हैं, लेकिन शिकायत के बावजूद थाने पर सुनवाई नहीं होती है। गवईं राजनीति में दो पक्षों में विवाद की स्थिति हो रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में सीओ आरबी सिंह ने बताया कि राजस्व से रिपोर्ट तलब कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। यदि पुलिसकर्मी द्वारा प्रताडित किया जा रहा है तो मामले में भी जांच होगी।

### महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना कोतवाली अकबरपुर से उपनिरीक्षक मीनू, उपनिरीक्षक वर्षा, हेड कांस्टेबल संग्राम सिंह, महिला कांस्टेबल गीता यादव द्वारा तहसील तिराहा, रोडवेज, बसपा कार्यालय, न्योतारिया बाईपास, ओवर ब्रिज के नीचे, तमसा मार्ग, अंबेडकर पार्क स्थानों पर व थाना महरुआ से महिला आरक्षी रुबी मौर्या, आरक्षी प्रवेंद्र सिंह द्वारा अंतर्गत महरुआ बाजार में व थाना कोतवाली जलालपुर से कांस्टेबल जितेंद्र कुमार महिला कांस्टेबल शगुफ्ता खानम द्वारा कस्बा जलालपुर में व थाना सम्मनपुर से महिला कांस्टेबल नीलम पांडेय, महिला कांस्टेबल प्रियंका द्वारा लारपुर में महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में उन्हें जागरूक किया गया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी से किया इनकार

मवई अयोध्या, अमृत विचार : पटरंगा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी से इंकार किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने वर पक्ष के दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम पैगम्बर नगर बसौढ़ी निवासी गुलफाम ने अपनी पुत्री की शादी राज पुत्र चेपी निवासी सोफियाना कोतवाली रुदौली के साथ तय थी। गुलफाम का कहना है कि उन्होंने मंगनी की रस्म आदि में पूरे परिवार का कपड़ा,मिठाई,एक अंगूठी व एक लाख 40 हजार रुपये नगद दिया था। रिश्ता तय होने के बाद वर ने लड़की को एक नया फोन दिया था और कुछ दिन तक दोनों में बातचीत भी होती रही। आरोप लगाया कि शादी का समय नजदीक आया तो वर पक्ष के लोग दहेज में दो लाख रुपये नगद तथा एक बाइक शादी से पहले व एक बाइक शादी में मांग करने लगे। अपनी आर्थिक हालत का हवाला देकर मान-मनौव्वल की लेकिन नहीं माने और मांग न पूरी होने पर शादी से इनकार कर दिया। वर पक्ष के घर जाकर बातचीत कर मामला सुलझाने की कोशिश की तो गाली-गलौज करते हुये धमकी देकर अपने घर से भगा दिया। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर लड़के व उसके पिता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# शाइस्ता व जैनब की तलाशी में आधी रात को छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आधा दर्जन थानों की पुलिस ने प्रयागराज के चकिया और हटवा क्षेत्र को घेरा

अमृत विचार : उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन और उसकी देवरानी जैनब उर्फ रूबी के शहर आने की सूचना पर बुधवार की देर रात सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आधा दर्जन थानों की फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अफसरों ने आधी रात प्रयागराज के चकिया और हटवा में छापा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। रात 12:00 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सुबह चार बजे तक चलता रहा।

माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त है। उधर, उसके देवर अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी की भी पुलिस तलाश कर रही है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार हैं। बुधवार रात 11:30 बजे के करीब मिले एक खुफिया इनपुट ने पुलिस अफसरों की नींद उड़ा दी। बताया गया कि शाइस्ता और जैनब किसी से मिलने शहर में पहुंची हैं। इसके बाद आधे घंटे के भीतर तमाम अफसर धूमनगंज पहुंच गए। यहां आधा दर्जन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। रात करीब 12:00 बजे भारी पुलिस बल ने पहले हटवा गांव में छापा मारा। पुलिस फोर्स अतीक के करीबियों के घर के आसपास पहुंची और वहां रहने लोगों से पूछताछ की। हटवा से होते हुए पुलिस फोर्स चकिया पहुंची। यहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। बताते चलें कि शाइस्ता परवीन पिछले साल 16 अप्रैल को आखिरी बार शहर में देखी गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के अगले दिन वह माफिया के करीबी जफरुल्लाह के खुल्दाबाद स्थित घर पर पहुंची थी।

# नए शैक्षणिक सत्र में शुरू होंगे तीन नए एटीएस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नए शैक्षणिक सत्र से तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालय शुरू हो जाएंगे। आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) का संचालन होने से जरूरतमंद बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय के लिए 70 शिक्षक आउटसोर्स से रखे जाएंगे। प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का अभी संचालन हो रहा है। इनका संचालन समाज कल्याण विभाग के अधीन होता है। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पिछले माह नए आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट स्वीकृत हुआ था। जौनपुर में दो और अयोध्या में एक विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उपनिदेशक समाज कल्याण और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों विद्यालयों का निरीक्षण कर रिपोर्ट निदेशक को भेज दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालयों में छात्रों के दाखिले के लिए शीघ्र आवेदन कराए जाएंगे। साथ ही 70 शिक्षकों को आउटसोर्स के माध्यम से रखा जाएगा। जबकि स्थायी शिक्षकों की नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि नए शैक्षणिक सत्र से विद्यालयों का संचालन शुरू हो जाए।

# कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने तय किए यूपी के प्रत्याशियों के नाम

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में गुरुवार को हुई बैठक में प्रदेश की 17 लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों पर मंथन हुआ। पार्टी की ओर से प्रत्याशियों के नामों की औपचारिक घोषणा नहीं की गई। प्रत्याशियों की सूची जल्द जारी होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में ज्यादातर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अमेठी सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी के नाम पर सहमति बनी है। इसके अलावा वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बाराबंकी से तनुज पुनिया, अमरोहा से दानिश अली अंसारी, कानपुर से आलोक मिश्रा, बासगांव से सदल प्रसाद सिंह, देवरिया से अखिलेश सिंह, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य व सहारनपुर से इमरान मसूद के नाम तय किए गए हैं। मालूम हो कि दानिश अली अंसारी हाल ही में बसपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि पार्टी जल्द ही सूची की औपचारिक घोषणा करेगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद पार्टी पर सूची शीघ्र जारी करने का दबाव बना हुआ है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों की ओर से केंद्रीय नेतृत्व को कहा गया है कि प्रत्याशियों की सूची शीघ्र जारी की जाए ताकि प्रत्याशी चुनाव की तैयारी समय से शुरू कर सकें।



### विद्यार्थियों ने खेली होली, लगाया एक दूसरे को रंग

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को होली फेस्ट का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। एक-दूसरे संग अबीर, गुलाल एवं फूलों की होली खेली। व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रो. शैलेन्द्र वर्मा व डॉ. राना रोहित सिंह ने सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। आयोजन उत्कर्ष सिंह, अमित शुक्ला, आर्यन तिवारी, शिवांगी दुबे, शगुन सिंह, रिशिका जायसवाल, कंचन, सलिल, मुस्कान, शशांक, शनि, आयुष आदि छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।

**लोकसभा चुनाव** चुनाव आयोग ने तय की खर्च सीमा, विभिन्न दरें निर्धारित, प्रसार-प्रचार में प्रत्याशी खर्च कर सकेगा 95 लाख, ट्रक से लेकर एसी कार की दरें भी तय

# 10 की चाय, 100 की थाली- टीमें करेंगी निगरानी

कमर अब्बास, अयोध्या।



अमृत विचार : लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए अधिकतम खर्च सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की है। चुनाव प्रचार के लिए विभिन्न सामग्री की दरें भी तय कर दी गई हैं। इसके तहत उम्मीदवार ने अपने समर्थक को चाय पिलाई तो उसका दाम 10 रुपये के हिसाब से जोड़ा जाएगा। वहीं भोजन थाल के 100 रुपये तय किए गए गए हैं। प्रचार और अन्य व्यय को लेकर भी दरें निर्धारित की गईं हैं। उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

प्रत्याशी के लिए 2004 के चुनाव में खर्च सीमा करीब 30 लाख रुपये थी। चुनाव में प्रत्याशियों को खर्च का विवरण व्यय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। प्रत्याशियों के खर्च की सीमा में सामग्रियों को बाजार मूल्य पर निर्धारित दामों को शामिल किया है। इसमें प्रति चाय 10 रुपये, समोसा/पकौड़ी 10 रुपये, भोजन थाल 100 रुपये, लंच बॉक्स 50 रुपये, एम्पलिफायर और माइक्रोफोन सहित लाउडस्पीकर का किराया 800 रुपये प्रतिदिन, पोडियम पंडाल आठ रुपये प्रति स्क्वायर फीट, कपड़े का बैनर सात रुपये प्रति वर्ग फीट, कपड़े का झंडा 500 रुपये सैकड़ा, प्लास्टिक झंडा 250 रुपये सैकड़ा, हैंडबिल 350 से 450 रुपये प्रति हजार और प्रति पोस्टर छह रुपये की दर तय की गई है। वहीं वाहनों के भाड़े में ट्रक का 2750, एसी कार के 1650 रुपये, जीप-टैंपो व नान एसी कार के 1100 रुपये और ट्रैक्टर के 2800 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

### इन सामग्रियों के भी तय हुए दाम

आठ रुपये प्रति वर्ग फीट पंडाल मंच निर्माण, पंखा सीलिंग 35 रुपये प्रतिदिन, 50 रुपये प्रतिदिन पंखा पैडिस्टल, 60 रुपये प्रतिदिन कूलर, 1500 रुपये प्रतिदिन एसी, 50 रुपये प्रतिनग टेबल, 100 रुपये प्रतिनग परदा, 100 रुपये प्रति पीस टी-शर्ट, 30 रुपये प्रति पीस पार्टी टोपी, 100 रुपये प्रति पीस पार्टी गमछा निर्धारित किए गए हैं।

### 650 में बैट्री रिक्शा, 300 रुपये में बाइक

बैट्री रिक्शा 650, मोटर साइकिल का किराया 300 रुपये प्रति दिन के हिसाब से तय किया है। निर्वाचन आयोग ने प्रचार प्रसार की चीजों को ध्यान में रखते हुए ट्यूबलाइट 12 रुपये प्रतिदिन, एलईडी बल्व पांच रुपये प्रतिदिन, हैलोजन 60 रुपये प्रतिदिन, जनरेटर पांच केवीए के 600 और 10 केवीए के 1000 रुपये प्रतिदिन डीजल रहित दाम तय किए हैं। बड़े नेताओं के आगमन में प्रत्याशियों को 20 गुणा 20 का पक्का हेलीपैड निर्माण करना होगा।

### होटल में कमरा लेने की देनी होगी सूचना

प्रत्याशी को किराएदार रखने से लेकर होटल में कमरा किराए पर लेने की अनुमति लेनी होगी। चुनाव में प्रदर्शन, धरना, रैली, जुलूस बिना अनुमति नहीं होंगे। प्रत्याशियों को लाउड स्पीकर के लिए भी अनुमति लेनी होगी। प्रदर्शन में अस्त्र-शस्त्र पर प्रतिबंध है। बिना अनुमति के पंडाल नहीं बना नहीं बना सकेंगे।

> चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न मदों में निर्धारित खर्च सीमा की सूची प्राप्त हो गई है। इसे 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद की अधिसूचना जारी होते ही प्रभावी कर दिया जाएगा। निर्धारित सूची के अनुसार ही प्रत्याशी को खर्च करना होगा।
>
> - ममता सिंह, मुख्य कोषाधिकारी।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

# खेल से मैत्री भावना का होता है विकास : डॉ. आनंदेश्वर

## एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम : गोरखपुर ने अयोध्या को हराकर राज्य स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता पर किया कब्जा

▸▸ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने किया था प्रतिभाग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ओपन स्टेट आमंत्रण महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच गोरखपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

बता दें कि राज्य स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के आखिरी दिन हुए फाइनल मैच में गोरखपुर ने अयोध्या को 5 गोल से हराकर प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया है। कड़े मुकाबले में गोरखपुर ने 17 गोल और अयोध्या की टीम ने 12 गोल किए। इससे पूर्व सेमी फाइनल मुकाबला अयोध्या-वाराणसी और बस्ती-गोरखपुर के बीच हुआ। जिसमें गोरखपुर और अयोध्या की टीम द्वारा फाइनल मैच खेला गया। विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को डॉ. आनंदेश्वर पांडे महासचिव यूपी हैंडबॉल संघ द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल से मैत्री भावना का विकाश तो होता ही है। साथ ही खिलाड़ी मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से भी मजबूत होता है। कार्यक्रम की आयोजक जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक जिला ओलंपिक व हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने आए हुए अतिथियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद में एक वर्ष में तीन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जो जनपद के लिए गौरव की बात है। प्रतियोगिता में प्रदेश की 9 मंडल और मेजबान जनपद की टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, प्रयाराज, वाराणसी, सहारनपुर, अयोध्या, बागपत (मेरठ मंडल), सोनभद्र (मिर्जापुर), अंबेडकरनगर की टीम ने प्रतिभाग कर अपना जौहर दिखाया।


खिलाड़ियों से मिलते यूपी हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे साथ में जिला ओलंपिक व हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह।



विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे व संघ के महासचिव।

### समृद्धि सिंह ने दागे आठ गोल

राज्य स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में कुल 23 रोचक मैच हुए। लीग कम-नाक-आउट बेस पर हुए इस प्रतियोगिता में विजेता गोरखपुर की तरफ से खिलाड़ी समृद्धि सिंह ने 8, आरती यादव ने 5, अनन्या यादव ने 2, मुस्कान व प्रिया ने 1-1 गोल किए। वहीं पर उपविजेता अयोध्या की तरफ से खिलाड़ी आराधना ने 5, मोनी चैधरी ने 4, मुस्कान ने 2 व प्रिती ने 1 गोल अपनी टीम के लिए किए। फाइनल मैच में रेफरी की भूमिका में संदीप राय व प्रेम प्रकाश सिंह रहे।

■ **ये रहे निर्णायक की भूमिका में :** प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में परमेन्द्र सिंह, अजय श्रीवास्तव, सचिन, नफीस अहमद, हीना खातून, सीमा, नीलम कुमारी, पंकज यादव, पायल, प्रेम प्रकाश सिंह, संदीप पाल और विजय थे।

■ **इनका भी रहा योगदान :** प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला व्यायाम शिक्षक मो. हसन, कार्यक्रम संचालन विजय चन्द मिश्र, अध्यापिका संगीता कन्नौजिया, वन्दना, निधि मिश्रा, बबिता मिश्रा, कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, एथलेटिक्स प्रशिक्षक सुमेधा यादव, भारोत्तोलन प्रशिक्षक सत्यम सिंह, जीवन रक्षक वीरेन्द्र कुमार निषाद का योगदान रहा।

# पर्यावरण संरक्षण को युवा आगे आएं: आलोक

▸▸ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के 6वें दिन अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन प्रार्थना और लक्ष्य गीत गायन के उपरांत गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात शिविरार्थियों ने टोली बनाकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सैयद बाकर मेहंदी, राम अचल यादव, डॉ. सत्येन्द्र यादव और महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. चंद्रकेश कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. पवन कुमार दुबे, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. अनिल कुमार मिश्र, डॉ. अराधिका, डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय, अपूर्वा चतुर्वेदी, वीरेंद्र कुमार, डॉ. विवेक शुक्ला, अखिलेश पांडेय, डॉ. शंभूनाथ सिंह आदि के निर्देशन में चयनित ग्राम दरावपुर में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए जल संरक्षण, पोधारोपण, स्वच्छता और मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और गांव में साफ-सफाई का कार्य करके उन्हें प्रेरित किया। साथ ही साथ शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का सर्वेक्षण किया। भोजनोपरान्त बौद्धिक सत्र में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर परिचर्चा हुई। जिसमें शिवम यादव, शिक्षा द्विवेदी, रेनू, रजनी, उमेश कुमार, विवेक, अभय प्रताप, अभिषेक, शैलेश, शिवानी, शिशिर सेन आदि स्वयंसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सत्र की मुख्य वक्ता आलोक यादव ने पर्यावरण संकट और उसके समाधान के महत्वपूर्ण उपायों की चर्चा किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में युवाओं को आगे आना होगा।



जागरूकता अभियान में मौजूद शिविरार्थी। अमृत विचार

**छात्र-शक्ति है एक महत्वपूर्ण कड़ी :** डॉ. अखिलेश ने पर्यावरण संरक्षण को वैश्विक आवश्यकता बताया और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को प्रकृति के संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त ने सभी वक्ताओं की सराहना किया। उन्होंने कहा कि अपने परिवेश और प्रकृति को साफ-सुथरा और समृद्ध रखने में छात्र-शक्ति एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सांस्कृतिक सत्र में स्वयंसेवियों में दिव्या, निधि, ज्योति, चांदनी, साक्षी, अंजलि गुप्ता, खुशी गुप्ता, रिया सिंह, गीता सुष्मिता, रंजना, विनय कुमार, श्रेया, निधि, रेनू, रजनी, शिवांगी आदि ने अपने गीतों और गजलों से सभी को भावविभोर कर दिया।



**11वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.39 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.39 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# समय से पूरी करें लोकसभा चुनाव की तैयारी

## डीएम बोले-अधिकारी दिलाएं कर्मचारियों को प्रशिक्षण, लापरवाही बरतने पर की जाएगी कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता द्वारा विस्तार पूर्वक लोकसभा चुनाव की तैयारी के बारे में बिंदुवार जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि चुनाव में लगाए गए समस्त कर्मचारी दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाएं। जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो। किसी भी लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीडीओ अनुराज जैन। अमृत विचार

### जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को किया गया प्रशिक्षित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र टांडा के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस को दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के बादे में जानकारी दी गई। वहीं कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट और वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। 19 मार्च को विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर और जलालपुर, 20 मार्च को विधानसभा क्षेत्र कटेहरी और आलापुर तथा 21 मार्च को विधानसभा क्षेत्र टांडा में लगाए गए जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण पूरा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसीएनआरएलएम, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मौके उपस्थित रहे।

### एडीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद जनपद में सकुशल, पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उप जिलानिर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, वीडियो अवलोकल टीम, मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति और सी विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। एडीएम ने वहां पर उपस्थित कर्मचारियों को गहनता पूर्वक निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाएगा।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जनपद के भीटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। भीटी पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्त शुभम राव उर्फ सूरज पुत्र रमाशंकर को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमों में वांछित अभियुक्त शुभम राव उर्फ सूरज पुत्र रमाशंकर को ग्राम खजुरी नवखयी चाय की दुकान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम गम्भीरपुर का रहने वाला है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक सैफुल्लाह, उप निरीक्षक धनपाल, कांस्टेबल आनन्द प्रताप सिंह शामिल रहे।

## खाद्य सुरक्षा की टीम ने जांच के लिए छह नमूने लिये

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। होली पर्व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके उपाध्याय के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर छापेमार कर 6 नमूने संग्रहित कर जांच को भेज दिया। टीम ने बसखारी स्थित मेसर्स आदर्श ट्रेडर्स प्रो. अरविन्द कुमार की दुकान से खोया। रामनगर स्थित हरिओम स्वीट्सए प्रो. हरिओम की दुकान से छेना मिठाई, रामनगर स्थित सोनी पान एवं जनरल स्टोर प्रो. पवन सोनी की दुकान से नमकीन, मामपुर नरियांव स्थित मंजू देवी मिष्ठान भण्डार प्रो. मन्जू की दुकान से बर्फी, मामपुर नरियांव स्थित अजमेरी किराना और सप्लायर्स से किशमिश, बलरामपुर आलापुर स्थित अरविन्द किराना स्टोर से मैदा का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया है।

## एसपी और एएसपी ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना और त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाल पांडेय द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

# राहत : आज से प्लेटफॉर्म एक से दौड़ेगी ट्रेनें, तैयारी पूरी

▸▸ करीब एक साल के लंबे इंतजार के बाद रेल संरक्षा आयुक्त आज करेंगे नई रेल लाइन का शुभारंभ और प्लेटफॉर्म का लोकार्पण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अकबरपुर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प को लेकर करीब एक साल से कार्य तेजी से चल रहा है। लंबे इंतजार के बाद 22 मार्च से एक बार फिर प्लेटफॉर्म नंबर एक से ट्रेनें दौड़नी शुरू हो जाएगी। रेल संरक्षा आयुक्त प्लेटफॉर्म के साथ ही अकबरपुर से जाफरगंज तक दोहरीकरण के तहत बने नए ट्रैक का भी शुभारंभ करेंगे।

बता दें कि अकबरपुर स्टेशन के जिस प्लेटफॉर्म एक का अस्तित्व लंबे समय से खत्म था उससे होकर अब फिर से ट्रेन गुजरने लगेगी। करीब एक वर्ष पहले रेलवे ने पुराने प्लेटफॉर्म एक से ट्रेनों का आवागमन रोक दिया था। नई रेल लाइन बिछाने और नए प्लेटफॉर्म के निर्माण को लेकर यह निर्णय रेलवे ने लिया था। जिससे यात्रियों को रेल लाइन पार कर प्लेटफॉर्म दो और तीन तक जाने की मजबूरी बनी हुई थी। अब नया प्लेटफॉर्म बनकर तैयार हो गया है। दो नई रेल लाइन भी बन गई है। इस का शुभारंभ करने रेल संरक्षा आयुक्त दिनेश जायसवाल 22 मार्च को अकबरपुर रेलवे स्टेशन आएंगे। विशेष ट्रेन से उनके साथ डीआरएम लखनऊ के अलावा कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। वह अकबरपुर में नए प्लेटफॉर्म का भी लोकार्पण करेंगे। जिसके बाद ट्रेनों का नियमित संचालन प्लेटफॉर्म एक से भी शुरू हो जाएगा।


अकबरपुर रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

■ **यात्री डिस्प्ले बोर्ड से कर सकेंगे कोच की जानकारी**

यात्री अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर कोच लगने की सटीक जानकारी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से कर सकेंगे। इससे ट्रेन आने पर कोच के लिए मचने वाली भगदड़ और इससे ट्रेन छूट जाने की स्थिति से भी बचा जा सकेगा। पहले से काफी बड़ी और सुरक्षित पार्किंग मिलना भी यात्रियों के लिए अब बड़ी राहत साबित होगी।

■ **ट्रॉली से ट्रैक का करेंगे निरीक्षण**

रेल संरक्षा आयुक्त 22 मार्च को अकबरपुर से जाफरगंज तक नई रेल लाइन का भी शुभारंभ करेंगे। अकबरपुर में विशेष ट्रेन से आने और प्लेटफॉर्म लोकार्पण के बाद वह ट्रॉली से ट्रैक का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अपनी विशेष ट्रेन से वह नए ट्रैक का स्पीड ट्रायल भी करेंगे। इस बीच पूरे कार्यक्रम को देखते हुए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil MACLEODS Canixa
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मै **अरूण विक्रम सिंह पुत्र अरिमर्दन सिंह, निवासी- 235, सुन्दर नगर कालोनी, शहर व जिला-फतेहपुर,** मेरी पुत्री का नाम अनुषा विक्रम सिंह था जो कि अब परिवर्तित होकर अलंकृता विक्रम सिंह हो गया है तथा उससे सम्बन्धित पैन, आधार और बैंक खाते में अलंकृता विक्रम सिंह नाम दर्ज है। अतः अब उसे अनुषा विक्रम सिंह के स्थान पर अलंकृता विक्रम सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय तथा मेरी पुत्री की माता का नाम पूनम परिहार है।

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे स्व. पति धीरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र सूर्य बक्स के बीमा पॉलिसी संख्या- 214947401 में मेरा नाम शिवदेवी दर्ज है, जबकि मेरा नाम ममता सिंह भी है। दोनो नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। **शिवदेवी उर्फ ममता सिंह पत्नी स्व. धीरेंद्र बहादुर सिंह निवासिनी – ग्राम– गोकना, पो.– कोटिया चित्रा, ऊंचाहार – रायबरेली।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं जहीर पुत्र समीउल्ला मैने अपने पुत्र आशिक खान के खराब चाल-चलन से काफी परेशान हूँ। वह अपराधिक कृत्य का युवक है। उसके कृत्यों से परिवार के लोगों को प्रताड़ना उठाना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने पुत्र आशिक खान को अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **-जाहिर खान पुत्र समीउल्ला खान, निवासी- ग्राम-यादवपुर सबलापुर कोतवाली देहात बहराइच**

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी महराजगंज के आदेश दिनांक 14.03.2024 के अनुपालन में ग्राम चितवनियां विकास क्षेत्र शिवगढ़, परगना कुम्हरावां, तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली स्थित गाटा संख्या 1478 दर्ज तालाब पर लगे 101 यूकोलिप्टस के पेड़ों की नीलामी दिनांक 28.03.2024 को सार्वजनिक खुली बोली के द्वारा अपराह्न 1 बजे पंचायत भवन चितवनियां में सम्पन्न की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी अधिकारी, तहसीलदार महराजगंज, रायबरेली**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **शिवकुमार पुत्र रघुवीर, निवासी-मदईखेड़ा, परगना- सरेनी, तहसील-लालगंज, जिला रायबरेली** अपने पुत्र राकेश और राजेश के गलत आचरण से परेशान हूं। दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री क का नाम SNEHA GARG से बदलकर AKSHARA GARG रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AKSHARA GARG D/O-MANOJ KUMAR GARG Add: B-1/37 opp-ROADWAYS- DEPO, VIBHUTI KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW-226010 (UP)

## एक नजर

### मधुमक्खियों ने शिक्षकों पर किया हमला, अफरा-तफरी

करनैलगंज, अमृत विचार : बृहस्पतिवार को सरयू डिग्री कालेज में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षक कार्यशाला से निकल रहे थे। तभी शिक्षकों के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से अफरा तफरी मच गई शिक्षक अपनी जान बचाकर भागने लगे। मगर तब तक मनीष मौर्य, शाहिद अहमद, राजकुमार व दक्षराज सहित करीब एक दर्जन से अधिक शिक्षक मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए। जिन्हें स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा था। खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल ने बताया शिक्षकों की स्थित सामान्य है, अधिकतर शिक्षक अपने घर जा चुके हैं।

### अधूरे सामुदायिक शौचालय के निर्माण की मांग

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत तिर्रे मनोरमा में सामुदायिक शौचालय का निर्माण दो साल से अधूरा है। इससे ग्राम वासियों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री रग्घू बाबा सेवा आरोग्य सेवा संस्थान घुघुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने ब्लॉक रुपईडीह का भ्रमण करने आई मुख्य विकास अधिकारी एम अरुण मौली से शौचालय का निर्माण पूरा कराये जाने की मांग की है। निर्माण कार्य अधूरा रहने से ग्राम वासियों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### किसानों से आठ लाख रुपये वसूले गए ऋण

रुपईडीह, अमृत विचार : बकाया वसूली अभियान के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर के तत्वावधान में भुड़कुड़ी, रायपुर ब्रह्मचारी व रुपईडीह में ऋण वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस शिविर मे किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दस किसानों से आठ लाख पचास हजार रुपए ऋण वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### लखपति सीआरपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

रुपईडीह, अमृत विचार : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लाक रुपईडीह के 40 महिला स्वयं सहायता समूहों के एक-एक सदस्यों का लखपति सीआरपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में संपन्न हुआ। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षकों द्वारा महिलाओं को लखपति बनने के विभिन्न तौर तरीकों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के तहत ब्लॉक के 25 महिला स्वयं सहायता समूह के एक एक सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस प्रकार से 40 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। अन्य 65 महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को चुनाव आचार संहिता के खत्म होने के उपरांत प्रशिक्षित किया जाएगा।

# डेढ़ करोड़ रुपये से संवरेगी सगरा तालाब की सूरत

## पुनरुद्धार का कार्यादेश जारी, जगमग लाइटों से रोशन होगा तालाब के बीच बना गोवर्धन पर्वत

**कवायद**

- जमा सिल्ट की निकासी से बढ़ेगी तालाब की गहराई

गोंडा कार्यालय



जल्द शुरू होना है इस सगरा तालाब के सुंदरीकरण का काम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के छह बड़े तालाबों में से एक सगरा तालाब का स्वरूप सुधारने की कवायद शुरू हो चुकी है। शहर के आधा दर्जन बड़े नालों का जंक्शन रहे इस तालाब की गहराइयों में जमा सिल्ट निकाली जाएगी जिससे इसकी गहराई बढ़ेगी। तालाब के किनारों से जंगली घास झाड़ियां व पेड़ कटवाए जाएंगे। रोशनी के भी इंतजाम बेहतर किए जाएंगे। इसके लिए नगरपालिका ने एक करोड़ 40 लाख में ठेका कराया है। कार्यदाई को चार महीने का मौका दिया जाना है।

शहर के बीचो-बीच स्थित इस तालाब का ऐतिहासिक महत्व रहा है। तालाब का रकबा काफी ज्यादा होने से इसमे मछली पालन भी कराया जाता है जिसका ठेका पहले नगरपालिका की ओर से होता था, लेकिन कुछ विवादों के चलते अब मत्स्य पालन की ओर से कराया जा रहा है। लंबे समय कई बड़े नालों से जुड़ा होने के नाते इसमें काफी मात्रा मे सिल्ट जमा हो चुका है जिससे इसकी जलग्रहण क्षमता घटी है। साथ साथ मछली पालन की दृष्टि से भी जमा सिल्ट हानिप्रद है क्योंकि इससे मछलियों की ऑक्सीजन उपलब्धता घट चुकी है। सिल्ट निकालने के कार्य की पर्यावरण हित में आवश्यकता थी। इसके लिए बड़ी हाइड्रोलिक मशीनें लगाई जानी हैं। हालांकि अभी कार्यादेश जारी नहीं हुआ है लेकिन सूत्र बताते हैं कि तालाब के किनारों पर सौ से अधिक पोल लाइट लगाई जानी हैं जिससे तालाब परिक्षेत्र जगमग रोशन होगा। जल निगम के अवर अभियंता अंगद वर्मा ने बताया कि बड़ी मात्रा मे निकलने वाले सिल्ट के निस्तारण के इंतजाम देखे जा रहे हैं। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि जल्द ही संबंधित कार्यदाई संस्था को कार्यादेश दे दिया जाएगा।

# खुशियों के साथ मनाएं पर्व, जमकर करें मतदान

संवाददाता, कौड़िया बाजार

**अमृत विचार:** बुधवार को कौड़िया थाने में आगामी होली व रमजान को लेकर उप जिलाधिकारी कर्नलगंज भारत भार्गव व पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई।

उप जिलाधिकारी भार्गव ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि होली हुड़दंग का नहीं रंगों का त्यौहार है। उसे खुशियों के साथ मनाएं। दूसरे समुदाय के लोगों से अपील किया कि यदि किसी को रंगों को लेकर कोई आपत्ति है तो उस दिन कुछ समय के लिए वह घर पर ही रहे। जिससे कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटने पाये। उन्होंने सभी से खुशियों के साथ होली पर्व को मनाने की अपील की। कहा गया कि किसी के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करें।

बैठक में मौजूद लोगों ने अपने अपने बिचार रखे। इस दौरान चौकी इंचार्ज दुबहा बाज़ार अशोक सिंह, उप निरीक्षक सत्येंद्र यादव, उप निरीक्षक प्रतीक पांडेय, उप निरीक्षक सुरेश मणि मिश्र, प्रधान सत्यजीत पांडेय, प्रधान विवेक शुक्ला, प्रधान रिंकू शुक्ला, रामकुमार मिश्र, त्रिपुरारी तिवारी, विजय कुमार चौबे, सुनील कुमार कुरील, कमरूजमा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार युवकों को रौंदा, मौत

## बलरामपुर में मजदूरी कर दोनों लौट रहे थे घर

संवाददाता, इटियाथोक



घटना के बाद जांच करती पुलिस।

**अमृत विचार:** गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग स्थित देवतहा मोड़ पर बलरामपुर की तरफ से आ रहे बाईक सवार दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से रौंद दिया। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग पहुंचे और उन्होंने भवानीपुर कला पुलिस चौकी को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक पर दोनों बाइक सवारों को इलाज के लिए पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के फरेंदा कानून के रहने वाले राघवेंद्र तिवारी (28) पुत्र हरिराम तिवारी व ओम प्रकाश उर्फ राजू वर्मा (30) पुत्र जोगी वर्मा बलरामपुर जिले में मजदूरी करने गए थे। मजदूरी कर बुधवार की देर शाम को लौट रहे थे। देवतहा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों को इलाज के लिए सीएचसी इटियाथोक पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दोनों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। राघवेंद्र तिवारी के दो पुत्रियां हैं। वहीं ओमप्रकाश उर्फ राजू के कोई संतान नहीं है। दोनों मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। दोनों के मृत्यु के बाद परिवार की भरण पोषण के लिए संकट पैदा हो गया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दोनों युवकों का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नवागत बीईओ का किया गया स्वागत

परसपुर, अमृत विचार: प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ विकासखंड परसपुर के शिक्षकों ने नवागत बीईओ सुशील कुमार सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर अधिकारी ने विद्यालय के शिक्षण कार्य पर बल दिया। इस मौके पर इंद्र प्रताप सिंह, नंद कुमार सिंह, दुर्गा प्रसाद शर्मा, उपेन्द्र कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, जगन्नाथ सिंह, श्रवण सिंह, तिलक राम वर्मा सहित शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में डा.विष्णु शंकर तिवारी, वेद प्रकाश सिंह, सत्यव्रत सिंह, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रहलाद पांडे, श्रवण सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# सुरक्षा बलों ने चुनाव और त्योहार को लेकर किया पैदल मार्च

संवाददाता, खरगूपुर



पैदल मार्च करते सुरक्षाकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** होली, रमजान व लोस चुनाव को संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स ने केंद्रीय सुरक्षा बल संग क्षेत्र में कई स्थानों पर पैदल मार्च किया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह की अगुवाई में निकाला गया पैदल मार्च स्थानीय नपं के बस स्टॉप, गांधी चौराहा, इकौना मार्ग, आर्यनगर मार्ग व पुरानी बाजार, हनुमानगढ़ी चौराहा, भगवानदीन पुरवा, पृथ्वीनाथ चौराहा, विशुनापुर कस्बा, जयप्रभा ग्राम आदि स्थानों से होकर गुजरा। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि होली, रमजान त्यौहार व लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शासन के निर्देश पर पैदल मार्च किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना है। पैदल मार्च में वरिष्ट उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक लाल बिहारी, धीरेन्द्र सिंह, अखिलेश यादव, संतोष पाण्डेय व मुख्य आरक्षी राज किशोर, आदित्य यादव, धनंजय सिंह, केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ ही महिला पुरुष पुलिसकर्मी रही।

# प्रशिक्षण में शिक्षकों को कराया दायित्वबोध

संवाददाता, रुपईडीह

**अमृत विचार:** निपुण भारत मिशन के तहत बेसिक शिक्षा तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में हमारे आँगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र रुपईडीह पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी दुर्गेश कुमार गुप्त, एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, मुख्य सेविका सुमिता वर्मा आदि लोगों ने प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत बाल वाटिका कक्षाओं को संचालित किए जाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। कहा कि शिक्षक और शिक्षिकाओं को बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। कार्यक्रम में प्रत्येक संकुल क्षेत्र से निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके पांच पांच बच्चों को पुरस्कृत किया गया। एआरपी अनुज तिवारी, आशुतोष द्विवेदी व घनश्याम शुक्ल, अपूर्वा अग्रवाल, हेमंत तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्र, सत्यव्रत शुक्ल, विवेक वर्मा, नीलम मिश्र, सुशील पांडेय, आशुतोष गिरी, धर्मेंद्र तिवारी, सुशील तिवारी, राम बदल सोनी, गायत्री, अनामिका बिसेन, राजकुमारी, चंदन शर्मा, कुलदीप चाहक, सुषमा सिंह आदि रहे।

# अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं नामांकन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करने के लिए अलग से सुविधा प्रदान की है। ऐसे उम्मीदवार जो आनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं, वे https://suvidha.eci.gov.in/login लिंक के माध्यम से नामांकन पत्र की प्रविष्टि कर सकते हैं एवं उसके प्रिन्ट निकाल कर प्रारूप-1 पर इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

इसी प्रकार शपथ पत्र भी उपरोक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भर सकते हैं। एवं रटर्निंच आफिसर के समक्ष दाखिल कर सकते हैं। ऑनलाइन पद्धति से नामांकन भरने के उपरान्त जमानत धनराशि को भी ऑनलाइन जमा करने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए नामांकन पत्र सफलता पूर्वक सबमिट करने के पश्चात जमानत धनराशि जमा करने दर्शित होगा, जिस पर क्लिक करते हुए आनलाइन पेमेन्ट किया जा सकता है। अभ्यर्थी ऐप पर पढ़ें अतिरिक्त पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अन्तर्गत नकद रूप से ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमानत धनराशि जमा कर सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम बगदर ग्रांट विकासखंड छपिया जनपद गोंडा**

पत्रांक : मेमो दिनांक : 21.03.2024

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना वर्ष 2023–2024 अंतर्गत ग्राम बगदर ग्रांट विकासखंड छपिया जनपद गोंडा में निम्न कार्य होना है
1– चाँदडाबर सरहद से काली स्थान होते हुए मिश्रौलिया सरहद तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य दूरी 530मी/2.5मी उक्त कार्य हेतु ईट, सीमेंट, मोरंग, बालू, मिट्टी आदि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा निकलने के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर संपर्क करें। सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

पटेश्वरी प्रसाद
प्रधान

कौशल किशोर
सचिव

**RAVI CHILDREN'S ACADEMY**
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

# अब मीडिया कर्मी भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** कोई मतदान से वंचित न रहे। इसके लिए निर्वाचन आयोग हर कदम सोच समझ कर उठा रहा है। आयोग ने मतदान के दौरान कवरेज में व्यस्त रहने वाले मीडिया कर्मियों का दर्द भी महसूस किया। सेना व राज्य कर्मियों की तरह मीडिया को भी आवश्यक सेवाओं में शामिल किया है। मीडियाकर्मी मतदान से वंचित न रहें इसके लिए उन्हें डाक मत पत्र मुहैया कराने का फैसला लिया है। इससे मतदान प्रतिशत में इजाफा होने की उम्मीद है। संसदीय चुनाव की घोषणा होने के साथ ही मीडिया की व्यस्तता बढ़ जाती है। आम जनता से जुड़े मुद्दों के साथ ही सियासी समीकरण व मतदाता जागरूकता में मीडिया की अहम भूमिका रहती है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव की घोषणा के दौरान ही मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया था। मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील भी की थी। इसी के बाद आयोग ने मीडिया कर्मियों को भी मतदान की महत्वपूर्ण कड़ी से सीधे जोड़ दिया है। जहां के मतदाता पंजीकृत हैं वहां के आरओ अब निर्वाचन कार्यालय से डाक मतपत्र प्राप्त कर पत्रकार मतदान कर सकेंगे। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को डाक मत पत्र छपवाने में मीडिया कर्मियों की संख्या को भी शामिल करने का निर्देश दिया है।

# कौन है प्रत्याशी, कहां करें मतदान, ऐप बताएगा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग ने इस बार मतदाताओं और उम्मीदवारों से लेकर चुनाव आचार संहिता में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई ऐप बनाए हैं। मतदाता घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, उम्मीदवारों को चुनाव आयोग से मंजूरी पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती होती है। इस ऐप के माध्यम से लोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में आयोग को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इस पर उल्लंघन संबंधित वीडियो और फोटो भी अपलोड किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ऐप खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है।

**वोटर हेल्पलाइन:** इस मोबाइल ऐप पर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता के लिए उपलब्ध सभी सेवाएं मिलती हैं। आप मतदाता सूची में नाम देखने से लेकर पोलिग स्टेशन तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अगर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है या किसी कारण कट गया है तो इस ऐप से मतदाता सूची में फार्म-6 के जरिए नाम जोड़ने के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए यह ऐप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी।

**ऐप पर कर सकेंगे आवेदन**

राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस ऐप के जरिए ही आवेदन करेंगे।

**केवाईसी (नो योर कैंडिडेट)**

अभी आप जिस संसदीय क्षेत्र के मतदाता हैं वहां के उम्मीदवारों की जानकारी लेने के लिए आपके पास कोई आसान साधन नहीं था। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी ऐप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख मी देख सकते हैं।

**जागरूकता** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविरका चौथा दिन

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली रैली

गोंडा कार्यालय



लोगों को जानकारी देतीं एनएसएस के स्वयं सेवक विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र का आरंभ योग शिविर से हुई। तत्पश्चात स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल से परेड सरकार के मजरे बंगरहवा तक पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर रैली निकाली।

स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल पर प्रतिदिन सुबह आयोजित होने वाले योग शिविर के लिए ग्रामीणों को हस्त निर्मित निमंत्रण कार्ड भेंट कर नियंत्रित किया। द्वितीय सत्र में आयोजित बौद्धिकी में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं एडवोकेट राजेंद्र सिंह खुराना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शमा सिंह, ग्राम प्रधान गौरिया, कटरा बाजार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि खुराना ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। सेवा भाव से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। विशिष्ट अतिथि शमा सिंह ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों से स्वयं सेवकों में मानव सेवा का भाव जागृत होता है। मानव सेवा का लक्ष्य जीवन में सर्वोपरि होना चाहिए।

स्वयं सेविका लकी तिवारी, शुभी मिश्रा, जूली शुक्ला, कोमल तिवारी, महविश मेराज, गार्गी मिश्रा, वर्षा पाण्डेय ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्ड वितरण में अभिजीत यश भारती, देवेश पाण्डेय, मो हुसैन, कोमल तिवारी, लकी तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में पवन कुमार सिंह, डा. चमन कौर, डा परवेज आलम, डा. दिलीप शुक्ला उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष बोले-निर्भीक होकर सभी करें मतदान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** वजीरगंज के थानाध्यक्ष अभय सिंह ने एसएसबी सिद्धार्थ नगर के 43 बटालियन जवानों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर कानून व्यवस्था के चुस्त दुरुस्त रहने का संदेश दिया।

इस मौके पर जवानों ने वजीरगंज, बंधवा, जमलापुर चौराहा, विरहमत पुर, न्यौडार, करदा, अजब नगर, बानेपुर, चनहा, टिकरी बाजार, दुर्जनपुर पचूमी, मधवापुर, किशुनदास पुर, बहादुरा, कोठा, पूरेडाढू, चंदापुर, भटपुरवा, हजरतपुर, नयपुर, रायपुर, रूपी पुर, परसिया, दुर्जनपुर घाट, गेड़सर, मझारा, रमचेरा पुर, नौबस्ता, बरईपारा, बालेश्वरगंज बाजार, भरहापारा आदि गांवों में पैदल गस्त करते हुए लोगों को पूरी तरह सुरक्षा का एहसास दिलाया साथ ही साथ आमजन से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। जवानों ने होली, रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने तथा लोकसभा के आम चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने का आह्वान किया।

**भारतीय डाक विभाग**
**कार्यालय अधीक्षक डाकघर**
**गोण्डा मण्डल गोण्डा 271001**

भारतीय डाक विभाग दिनांक 22.03.2024 को ग्रामीण डाक जीवन बीमा की 29 वाँ वर्षगांठ मना रहा है। जिसके उपलक्ष्य में प्रधान डाकघर गोण्डा में मेगा मेला का आयोजन किया गया है। बीमा से सम्बन्धित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जायेगा एवं बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। अत: जनता से अपील है कि दि0 22.03.2024 को प्रधान डाकघर गोण्डा कैम्पस में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाये।

**सौजन्य से – किरण सिंह अधीक्षक डाकघर, गोण्डा मण्डल, गोण्डा 271001**

अधीक्षक डाकघर
गोण्डा मण्डल
गोण्डा– 271001

## एक नजर

### दंपति को लाठी-डंडे से पीटकर किया घायल

**खरगूपुर, अमृत विचार :** मामूली बात को लेकर दंपति की लाठी से हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने महिला सहित चार लोगों पर मुकदमा किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम लोनावा दरगाह में साइना खातून व उसके पति जावेद आलम पर पड़ोसी राजू राज बाबू निहाल तथा मुन्नी ने लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। पुलिस में दर्ज कराए गए मुकदमे में पीड़िता साइना ने आरोप लगाया है कि उसके दुकान के सामने पड़ोस के ही आरोपी ने कूड़ा डाल दिया इस बात की शिकायत करने पर चारों आरोपियों ने लाठी डंडा से हमला कर साइना तथा उसके पति को घायल कर दिया। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ हमले तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा किया गया है।

### तस्करी के आरोपी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** थाना धानेपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी निजामुद्दीन उर्फ पप्पू पुत्र समी मोहम्मद निवासी ग्राम धर्मेई थाना इटियाथोक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शासकीय अधिवक्ता अनुपम शुक्ला, मॉनिटरिंग सेल, कोर्ट मोहर्रिर जागृति व थाना धानेपुर के पैरोकार मण्टू चौरसिया के द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी पर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने 10 वर्ष व एक लाख रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### समाजसेवी के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**करनैलगंज, अमृत विचार :** समाजसेवी राजमणि तिवारी (53) का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की ख़बर पर उनके पैतृक आवास पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वे करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पैरौरी के निवासी थे। राजमणि सदैव पीड़ित, बेसहारा, लाचार और जरूरतमंद लोगों की मदद करते थे। कोरोना काल में उन्होंने लोगों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजमणि तिवारी के असामयिक निधन की ख़बर पर उनके पैतृक आवास पर क्षेत्रवासियों, सगे संबंधियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके अंतिम दर्शन के बाद हर शख्स की आंखें नम दिखीं।

### अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

**मनकापुर, अमृत विचार :** मनकापुर-झिलाही रेल मार्ग पर एक अज्ञात अधेड का शव पाया गया। जीआरपी व सिविल पुलिस के अधिकार क्षेत्र के विवाद को लेकर घंटों तक बातचीत होती रही। मनकापुर एपी इंटर कॉलेज के पास जो रेलवे स्टेशन के कुछ ही दूरी पर है। गुरुवार शाम किसी ट्रेन से एक अधेड कट गया। इसकी सूचना आरपीएफ को मिली। आरपीएफ के जवान आये तो कहा कि यह जीआरपी या सिविल के क्षेत्र में है। शव घंटों तक पड़ रहा। अंत में पुलिस को शव को वहां से हटवाना पड़ा।

# जिले में 36 किसान बने अधिकृत उपयोगकर्ता

## जीआई टैग उत्पाद के निर्यात को लेकर अधिकृत उपयोगकर्ता का पंजीकरण है आवश्यक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** देवीपाटन मंडल में काला नमक चावल को जीआई टैग मिलने के बाद 36 ऐसे किसान हैं जो अधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकृत हैं। यह लोग काला नमक चावल का निर्यात विदेश में कर सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई और किसान काला नमक चावल का निर्यात विदेश में करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। अब तक जिले में जिन लोगों को अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस मिला है इन लोगों को कानूनी संरक्षण मिल गया है। यही लोग काला नमक चावल का व्यवसाय कर सकते हैं।

जिले में जिन 36 लोगों को जीआई टैग उत्पाद काला नमक चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस मिला है।

इनमें मझौवा बुजुर्ग सोनवा के क रघुनंदन, राजमणि वर्मा, घीदियवन, रामहित, श्रीपाल, रामकिशन, रामराज हैं। कोतवाली देहात धीरज पुरवा की वंदना, बिरवा बभनी गोविंदपरा के आनंद सिंह, सतीश सिंह, शिवपूजन, मनोज सिंह, चंदनपुर केसीपुर के रंगबिहारी, जय मां दुर्गे सीड्स पूरे शिव बख्तावर की फॉर्म केर्ड बायो एनर्जी, लावा टेपरा तरबगंज रोड अथेरिस्ट एफसी लिमिटेड, हरखापुर माधवपुर के घनश्याम, लावा टेपरा तरबगंज के रामशरण, माधवपुर के सुनीता देवी, भानपुर के श्रीभगवान शुक्ला, माधोपुर तरबगंज रोड तिलक राम मिश्रा, चिरबसना तरबगंज रोड के सौरभ सिंह, श्रीपाल पूर्व टेपरा के मनोज कुमार, खरगूपुर केसीपुर के पप्पू, चौरासी के श्रीकांत, मजावा बुजुर्ग के श्रीपाल, इटियाथोक के पंकज उपाध्याय, नानमून, इमलिया चिंटू के सूर्यपाल, विनीता, लौवआ टेपरा माधोपुर के कुलदीप मिश्रा, भगहर बुलंद के घनश्याम, लाला पुरवा भगहर बुलंद के आशीष कुमार यादव, डेहरास करनैलगंज के राजेश कुमार त्रिपाठी, सरैया करनैलगंज के पवन पांडे तथा मोकलपुर के बागेश्वरी दत्त चौबे हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 फीस जमा करके अब तक काला नमक चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस प्राप्त किया है।

### जीआई टैग में क्या होता है

पूरे प्रदेश में 13 कृषि उत्पादन को जी आई टैग प्राप्त है। जिसमें देवीपाटन मंडल के अंतर्गत काला नमक चावल को चुना गया है। जीआई टैग उन्हीं उत्पाद को किया जाता है जो किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में दीर्घकालीन समय से उत्पादित किए जा रहे हों तथा विशिष्ट गुण रखते हैं। जीआई टैग द्वारा कृषि उत्पादन को कानूनी संरक्षण प्राप्त होता है। उत्पाद के गलत क्रय विक्रय किए जाने पर अंकुश लगाया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है। काला नमक चावल से संबंधित जो उत्पादक किसान हैं उन्हें अपने उत्पाद को बेचने के लिए अधिकृत उपयोगकर्ता का पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है। जिससे उनके उत्पाद का उचित लाभकारी मूल प्राप्त होता है। सहायक कृषि विपणन अधिकारी अशोक वर्मा बताते हैं कि जीआई टैग उत्पाद को बेचने के लिए पंजीकरण आवश्यक होता है यदि कोई पंजीकरण के बिना काला नमक चावल का निर्यात करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। जिले में अभी तक 36 लोगों ने अधिकृत उपयोगकर्ता का पंजीकरण कराया है। जिन किसानों को जीआई टैग उत्पाद का निर्यात करना है वह अपना पंजीकरण कर करा सकते हैं।

# बच्चों की बुनियादी शिक्षा को दिया जाए बढ़ावा

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र इटियाथोक पर 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र त्रिपाठी और सीडीपीओ नीतू रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता के लिए निर्धारित निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इसके लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सुदृढीकरण एवं समुदाय के मध्य जन जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से पिछले दो वर्षो से बालवाटिका कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज उन्हीं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विकासखंड के प्रत्येक को-लोकोटेड आंगनवाड़ी बालवाटिका के दो निपुण बच्चों, पूर्व प्राथमिक के नोडल शिक्षकों तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। अंत में सभी निपुण बच्चों को पुरस्कृत कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। संचालन विनोद मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मेहलता तिवारी, रीता वर्मा, राधे रमन यादव, कृष्ण कुमार सोनकर, मनोज यादव दिलीप गुप्ता, आशुतोष पांडे, संदेश वर्मा, अरुण पांडे, वैभव त्रिपाठी, पूनम जायसवाल आदि मौजूद रहीं।

# नयी सुविधाओं से लैस होगा गोंडा का रेल इंजन

## पूरी तरह वातानुकूलित रेल इंजन का हो चुका है सफल ट्रायल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गोंडा लोको शेड ने एक बार फिर अपनी उपलब्धियों से पूर्वोत्तर रेलवे को गौरव प्रदान करने का काम किया है। यहां के इंजीनियरों ने एक ऐसा वातानुकूलित इंजन बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है जिससे सबसे ज्यादा लोको पायलटों की सुविधा बढ़ेगी। यहां तक इसमें टॉयलेट की सुविधा भी होगी। इसके सफल ट्रायल के बाद लोको ड्राइवरों के चेहरे पर रौनक बढ़ी है।

यहां विकसित की गई इस पूर्णतया वातानुकूलित रेलवे इंजन का सुरक्षित और सफल ट्रायल कर लिया गया है। वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर आशीष कुमार मद्धेशिया के निर्देशन में यह ट्रायल गोंडा से पटियाला स्टेशन के बीच किया गया, जिसके तकनीकी और व्यवहारिक परिणाम पूरी तरह सकारात्मक रहे। उन्होंने कहा कि रेलवे अपने कर्मचारियों को कार्य के दौरान बेहतर सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस उपलब्धि के लिए मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने टीम को बधाई दी है। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि नये रेल इंजन (संख्या 43282) को नई सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है। यह इंजन पूरी तरह से वातानुकूलित है जिससे गर्मी और बरसात के मौसम में लोको पायलट बिना किसी असुविधा के रेल संचालन कर सकेंगे।


गोंडा से पटियाला तक हो चुका है इस इंजन का ट्रायल। अमृत विचार

इंजन में 12 कैमरे लगाए गये हैं जो लोको पायलट को ट्रेन संचालन और उपकरण की निगरानी में भी मदद करेंगे। इस विद्युत इंजन में कई आधुनिक सुविधाएं दी गई है। इसमें लोको पायलट इंजन के अंदर लगे बटन को दबाकर बिना खिड़की खोले सिग्नल का आदान-प्रदान कर सकता है। इसमें आरामदेय कुर्सी, सुसज्जित सामान रखने की व्यवस्था तथा आपातकालीन टूल बॉक्स की सुविधा दी गयी है। लम्बी दूरी की मालगाड़ी के संचलन के दौरान लोको पायलट, विशेषकर महिला लोको पायलटों को प्रसाधन की समस्या न हो इसके लिए इंजन में 'वाटरलेस यूरिनल' का प्रावधान किया गया है।

सीनियर डीएमई आशीष कुमार मद्धेशिया ने बताया कि इस रेल इंजन के अंदर अत्याधुनिक उपकरण जैसे सीलोमेर, सबडुए आदि का प्रयोग किया गया है जिससे लोको केबिन में बाहरी तथा इंजन की ध्वनि में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट होगी। ध्वनि अवरोधक छत, सिग्नल एक्सचेंज सिस्टम, एलईडी हेडलाइट, मल्टी फीचर ड्राईवर सीट, इंस्पेक्शन सीट, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, सामान रखने की सुस्सजित व्यवस्था और फॉग सेफ्टी डिवाइस की व्यवस्था की गयी है। कुल मिलाकर रेल इंजन पूरी तरह से सुविधाओं से परिपूर्ण हो गया है। इसका सभी लोगों को पूरा लाभ होगा।

# प्री-प्राइमरी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें

संवाददाता, बेलसर

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र बेलसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ बीईओ राम खेलावन सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी गिरजेश पटेल व सीडीपीओ वंदना ने किया।

कार्यक्रम में आईसीडीस विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से प्री प्राइमरी शिक्षा को बढ़ावा देना, प्री प्राइमरी के लिए राज्य सरकार द्वारा किये गए प्रयास, जनसमुदाय की सहभगिता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा एक के नोडल टीचर तथा कोलोकेटेड आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा बलवाटिका के 20 निपुण बच्चे और कक्षा एक से तीन के निपुण बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को बीईओ राम खेलावन सिंह, एआरपी पुष्कर तिवारी, सत्यव्रत वर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ नरेंद्र सिंह, प्रांतीय लेखाकार पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ राजेश कुमार शुक्ल, सीडीपीओ वंदना, सहायक खंड विकास अधिकारी पवन उपाध्याय ने संबोधित किया। कार्यक्रम में 50 निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी संघ बेलसर की ब्लॉक अध्यक्ष रानी मनोज शुक्ल, अमित सिंह लेखाकार, संतबक्स सिंह, मृत्युंजय सिंह, अजय पांडेय, रवि प्रकाश सिंह, विंध्याचल शुक्ल, नागेंद्र यादव, संगीता चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव, दिवाकर पांडेय, दीपक कौशल, विष्णु कुमार, अवनीश पांडेय, दीपक उपाध्याय, विजयपाल वर्मा, रंजना सिंह, दिलीप तिवारी, शुभाष तिवारी, जय प्रकाश ओझा, अंकित सिंह, शैलेश आदि रहे।


कार्यक्रम में शामिल शिक्षक और बच्चे। अमृत विचार

# असलहों के साथ युवक का वीडियो हुआ वायरल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पहली गांव निवासी एक युवक का सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के जखीरे के साथ वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं इस वीडियो के संबंध में एक्स पर हुये एक ट्वीट पर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज को कारवाई के लिए निर्देशित किया गया है। कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पहली गांव के दलपतपुर मजरे का रहने वाले युवक का वीडियो वायरल है। उसके द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो जारी किया गया। गांव में पीतल बरसेगा भोजपुरी गाने पर बनाये गये वीडियो में उसके द्वारा आधा दर्जन अवैध असलहों और कारतूस का खुल्लम खुल्ला प्रदर्शन किया गया है। वीडियो में उसने हाथ में 2 अवैध असलहे ले रखे हैं वहीं करीब 3 तमंचे और दर्जनों कारतूस जमीन पर रखे है। इस वायरल वीडियो से संबंधित एक्स पर किए गए एक ट्वीट के जवाब में गोंडा पुलिस ने नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय को कारवाई के लिए निर्देशित किया है। अभी तक युवक के विरूद्ध कोई कार्रवाई किए जाने की बात सामने नहीं आई है। कोल्हमपुर चौकी प्रभारी शेषनाथ पांडे ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## सार-संक्षेप

### चोरी के आरोप में युवक को किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के महराजगंज बाजार में स्थित किराने की दुकान में घुस कर चोरी कर रहे युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने दुकान मालिक की तहरीर पर चोरी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया। दुकानदार मनोज कुमार गुप्ता पुत्र मेवा लाल गुप्ता की महराजगंज कस्बे में किराना की दुकान है। दुकान से करीब सौ मीटर दूरी पर घर भी है, जहां जन्मदिन के कार्यक्रम में भोजन हो रहा था कि तभी पत्तल कम पड़ गया। दुकानदार अपनी दुकान से पत्तल लाने गया जहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति दुकानदार को धक्का देकर भागने लगा। शोर करने पर स्थानीय लोगों ने आरोपी को दौड़ा कर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे डुमरियाडीह चौकी प्रभारी सावन सिंह ने उसे गिरफ्त में ले लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम सुरजीत सोनी निवासी बावरिहा थाना तरबगंज बताया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध चोरी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, चार महिला समेत आठ घायल

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम धनौरा में आपसी रंजिश को लेकर गुरुवार को दो पक्षों में जमकर लाठियां चटकीं। जिसमें चार महिला समेत आठ लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ नामजद लोगों के विरुद्ध मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना उमरी बेगमगंज बाजार की रहने वाली शब्बो पत्नी रोजअली ने दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि वह किसी कार्य से परसपुर के धनौरा गांव आई थी। जहां आपसी रंजिश में विपक्षियों से कहासुनी होने लगी और बहस बढ़ते ही लाठी डंडों से लैस दोनों पक्षों ने धमकी देते हुए एक दूसरे पर हमला बोल दिया। मारपीट में शब्बो, मामा करम हुसैन, भाभी जरीना व मौसी महरुल निशा और अली हुसैन, मोनू, शायना व आशमा घायल हो गईं। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मारपीट मामले के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शांति भंग करने की आशंका में दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

### सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम के साथ की बैठक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम के साथ बैठक की। इसमें सीसीटीएनएस रैंकिंग को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं, अपराधियों के फोटोग्राफ्स सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपलोड करने, गुमशुदा व्यक्तियों के विवरण एवं फोटो को अपलोड करने, प्रतिदिन डाटा सिंक करने, आईसीजेएस, सीसीटीएनएस रैंकिंग पैरामीटर के अनुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग मेहनत के साथ कार्य करें जिससे सीसीटीएनएस की जनपदीय रैंकिंग में जनपद की स्थिति उच्च बनी रहे इसके साथ ही सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपराध अन्वेषण में उपयोगी दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए निर्देशित किया गया। नागरिकों द्वारा दिये गये आनलाइन नागरिक सेवाओं यथा चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायता सत्यापन, शिकायत एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का समय पूर्व निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सीसीटीएनएस प्रभारी राजदीप यादव व सभी थानों से आये कम्प्यूटर ऑपरेटर, कर्मचारी रहे।

### न्यायालय के आदेश पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बालापुर गांव के चकिया मजरा निवासी लालजी पुत्र राम सहाय ने मुख्य दंडाधिकारी गोंडा के न्यायालय में प्रस्तुत वाद में कहा कि उसने अपनी जमीन 15 लाख रुपए में बीते वर्ष 08 दिसंबर को उमेश सिंह को बेची थी। जिसमें से 14 लाख रुपये उमेश ने मेरे बैंक खाते में भेज दिए थे और बाकी 01 लाख रुपये बैनामा करने के बाद देने के लिए कहा था। तरबगंज रजिस्ट्री आफिस में बैनामे वाले दिन विपक्षी बब्लू पुत्र जगदेव निवासी मीरपुर युसुफ थाना नवाबगंज और शिवपूजन पुत्र राम बरन निवासी बालापुर मिले और उमेश सिंह से बैनामे के बाद मिलने वाली रकम रूपये 01 लाख स्वयं ले लिए। विपक्षियों ने वादी को अपनी गाड़ी में बैठाकर शराब पिलाई और फिर बैंक ले जाकर वादी के खाते से 04 लाख 10 रूपये निकलवा कर छीन लिए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ डकैती का केस दर्ज किया गया है।

### कार और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**मनकापुर, अमृत विचार :** कार और बाइक के आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके से कार लेकर भाग रहे चालक सहित दो लोगों को पकड़ कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ललकपुर निवासी विकास कुमार चौरसिया ने बृहस्पतिवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बुधवार को रात साढ़े आठ बजे उसका चचेरा भाई अजीत कुमार चौरसिया गांव के रामू यादव के साथ मछली बाजार से घरेलू गैस सिलेंडर लेकर घर जा रहा था। इस बीच मनकापुर मछली बाजार मार्ग पर नहर पुलिया के पास सामने से आ रही कार सवार चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अजीत कुमार(23) रामू यादव(20) गंभीर रूप से घायल हो गए तथा मौके से कार सवार लोगों ने कार लेकर भाग गए। घायलों को जिला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने पीछा करके कहोबा तिराहा के पास कार को रोक लिया। बाद में कार सहित कार चालक मुलायम यादव निवासी ग्राम लालकपुर व एक अज्ञात को कहोबा पुलिस चौकी प्रभारी के हवाले कर दिया गया।

# साइबर सेल की टीम ने फ्रॉड की गई धनराशि वापस दिलाई

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** साइबर ठगों ने एक लाख से अधिक ठगी कर ली। साइबर सेल के कर्मचारियों ने रुपये वापस कराए तो पीड़ित ने राहत की सांस ली। लखनऊ रोड स्थित जय महल में खाद्य विभाग में तैनात मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर संजय सिंह के क्रेडिट कार्ड पर एप के माध्यम से 149000 रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। साइबर सेल की टीम काम शुरू कर दिया। टीम ने ठगी के रुपए को बैंक में होल्ड कर दिया। कुछ दिन रुपए पड़े रहे। उसके बाद साइबर सेल की टीम ने बैंक से संबंध स्थापित कर पीड़ित को पैसा दिला दिया। रकम अधिक होने के कारण पीड़ित काफी परेशान थे। जब वापस रुपया मिल गया तो उन्होंने राहत को सांस ली। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक रहना होगा। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, सबसे पहले 1930 पर शिकायत दर्ज करते हुए समीप की पुलिस से संपर्क करें। यदि समय से जानकारी मिल जाएगी तो टीम पैसा वापस करने में सफल होगी। उन्होंने बताया कि सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए। ठगी की गई धनराशि वापस मिलने पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस ऑफिस पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक को बुके भेंट कर धन्यवाद दिया।


ठग से पैसा वापस कराने पर एएसपी का सम्मान करता शिकायतकर्ता।

# पंखे से लटका मिला युवक का शव

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बभनान

**अमृत विचार:** गौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनान के सुभाष नगर में 38 वर्षीय एक युवक का शव संदिग्ध हालात में उसके मकान में कमरे की छत की कुंडी से दुपट्टा के सहारे लटका पाया गया। स्वजनों की तहरीर पर पुलिस ने चाचा व दो चचेरे भाइयों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

सुभाष नगर निवासी 38 वर्षीय सुरेश उर्फ राम सुरेश वर्मा पुत्र रामजीत बुधवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। गुरुवार की देर सुबह तक जब वह कमरे में से नहीं निकला तो उसके पिता कमरे के पास जाकर आवाज लगाने लगे। कमरे से कोई जवाब न मिलने पर रोशनदान से कमरे में झांका तो वहां का नजारा देख दंग रह गए। राम सुरेश का शव पंखे से दुपट्टा के सहारे लटक रहा था। उसके दोनों हाथ कपड़े से बांधे गए थे। बाद में जब स्वजनों ने लोहे के फाटक को कई बार ढकेल तो वह अपने आप खुल गया। स्वजनों ने तत्काल सूचना पुलिस को देकर कमरे में बाहर से ताला जड़ दिया और पुलिस का इंतजार करने लगी। मौके पर जब फोरेंसिक टीम पहुंची तो ताला खोला गया। मौके पर सीओ हरैया अशोक कुमार मिश्रा , प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर और चौकी इंचार्ज बभनान धर्मेंद्र तिवारी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल पहुंच गई। बाद में दिवंगत के पिता रामजीत वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके छोटे भाई तुलाराम वर्मा का पुत्र प्रदीप कुमार वर्मा लगभग एक माह पूर्व दिवंगत से अस्सी हजार रुपए उधार लिया था। जब दिवंगत दिया हुआ पैसा वापस मांगने लगा तो प्रदीप कुमार वर्मा,अभिमन्यु वर्मा पुत्र गण तुलाराम वर्मा व तुलाराम वर्मा पुत्र राम आसरे वर्मा ने पैसे न देना पड़े इसके लिए तरह तरह का दबाव बनाने लगे व धमकी देने लगे। जिससे दबाव में आकर राम सुरेश ने आत्महत्या कर ली।

# बेहतर कार्यों के लिए प्रधानाध्यापकों का सम्मान

## नगर के सरयू डिग्री कॉलेज में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को नगर के सरयू डिग्री कॉलेज में परिषदीय विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव/प्रधानाध्यापक के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में बेहतर कार्य के लिए प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना के उपरांत किया गया। जिसमें गजाधर सिंह, मनीष मौर्या, सुधीर कुमार और मनोज पाण्डेय प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। ब्लाक के दस शिक्षकों राजकुमार प्रवि धौरहरा, दीपक प्रवि मल्लाहनपुरवा, छाया सिंह प्रवि बिडवा, रीना गुप्ता प्रवि बरवलिया 2, अक्षिता सिंह प्रवि जहली पुरवा, रमन प्रवि दिवली, लक्ष्मी तिवारी प्रवि उसकापुर, कृष्ण कुमार तिवारी प्रवि टेंगनहा, रामानन्द पाण्डेय प्रवि नरायनपुर साल, अरजुमन्द शाहीन सिद्दीकी प्रवि चकरौत को उनके विद्यालय में उपस्थिति एवं शिक्षण में किये गए सराहनीय कार्य के लिए प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानाध्यापकों का रोल काफी अहम होता है। उन्हें काफी महती भूमिका निभानी होती है। कार्यक्रम में एआरपी आलोक दीक्षित, कमलेश यादव, विमल दूबे, अनुराग कुमार, बाबूलाल, रवि प्रताप सिंह, मान सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


सम्मान के साथ शिक्षक। अमृत विचार

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया प्रशिक्षित

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचार:** बीआरसी के तत्वावधान में तुलसी स्मारक इंटर कॉलेज में संचालित तीन दिवसीय प्री-प्राइमरी शिक्षा अंतर्गत 52 सप्ताह की गतिविधि पर आधारित कैलेंडर मैनुअल पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमता संबर्धन के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ।

कमलापति तिवारी और पंधारी पासवान ने बताया मंगलवार से शुरू होकर वृहस्पतिवार को सम्पन्न उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 128 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र स्टेशनरी, बुक आदि का वितरण किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन बच्चों में शुरुआती संख्या ज्ञान बनाने, परिकलन, वंडर बॉक्स किट, पहल जैसे रिसोर्सेस का प्रयोग करते हुए बच्चों में शुरुआती संख्या का ज्ञान विकसित करना, बिग बुक व कहानी की किताबों का प्रयोग करते हुए बच्चों में नैतिक व भावनात्मक विकास करना, डिजिटल सामग्री के प्रयोग से कैलेंडर निर्देशिका का उपयोग, समेकन व प्रक्रिया आदि पर चर्चा की गई।

## एक नजर

### सहायक व्यय प्रेक्षक किए गए प्रशिक्षित

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कोषागार में विधानसभावार नियुक्त किये गये सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं रिज़र्व सहायक व्यय प्रेक्षकों का प्रशिक्षण हुआ। नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने सहायक व्यय प्रेक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए आहवान किया कि सभी अधिकारी चुनाव के दौरान पूरी तरह से निपक्ष रहकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर बलहा के सूरज, नानपारा के मिथलेश कुमार, मटेरा के अनूप वर्मा, महसी के ऋषभ श्रीवास्तव, बहराइच के घनश्याम दुबे, पयागपुर के आशीष नारायन, कैसरगंज के अभिषेक सिंह तथा रिज़र्व सहायक व्यय प्रेक्षक चिराग अवस्थी व वैभव दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

### शराब बिक्री और निर्माण में दो आरोपियों को भेजा जेल

**बहराइच, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक रामगांव शशि कुमार राणा ने बताया कि उप निरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी सी रूपनारायण गॉड और हेड कांस्टेबल राजेंद्र मोदनवाल की टीम ने रहा मंसूर गांव निवासी पंचा पुत्र भलई और श्याम सिंह पुत्र जज्जू सिंह निवासी बौंडी फत्तेल्लापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज है।

### शव की हुई शिनाख्त

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के बहराइच गोंडा रेलवे क्रॉसिंग पर हटीला के निकट एक वृद्ध ग्रामीण की बुधवार शाम को ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान लालू पुत्र मुजफ्फर शेखापुरा गोकुलपुर थाना रसिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक बुधवार सुबह 9 :00 बजे घर से निकला था इसके बाद से वापस नहीं पहुंचा। अज्ञात कारणों से ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई।

# 4600 स्थानों पर जलेगी होलिका, उसके बाद होगी रंगों की बरसात

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद में फाग व होली गीतों के बीच गुलाल उड़ा तो रंग-बिरंगी छटा बिखरेगी। गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी होते ही बच्चों ने जमकर होली खेली। चौक-चौराहों पर बच्चों के चेहरे रंगे दिखे। सभी होली के उल्लास में डूबे रहे। पूरा शहर भी केसरिया रंग में रंगा गया।

जिले में होली को लेकर लोगों में उल्लास है। फिल्मी गीतों के बीच 24 मार्च को 46,00 स्थानों पर होलिका जलाई जाएगी। होली को लेकर बाजारों में रौनक है। देर रात तक बाजार खरीदारों से गुलजार है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मोबाइल पुलिस गश्त कर लोगों पर नजर बनाए रखेगी। शहर के डिगिहा तिराहा, अस्पताल चौराहा, पीपल चौराहा, छोटी बाजार, छावनी बाजार व पानी टंकी समेत अन्य स्थानों पर पिचकारी व अबीर-गुलाल से दुकानें सजी हुईं हैं। होली को खास बनाने के लिए शहर को केसरिया रंग से सजाया गया है। सुबह से ही बाजारों व चौक-चौराहों पर चहल-पहल बनी रही। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बच्चों ने जमकर होली खेली। लोगों ने परिवार के साथ बाजार पहुंचकर जमकर खरीदारी की। पिचकारी व रंगों की दुकानों पर अधिक भीड़ उमड़ी रही।



शहर में सजी रंग की दुकान। अमृत विचार

### पुलिस की है पैनी नजर



शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र रिसिया, मटेरा, नानपारा, रुपईडीहा, नवाबगंज, बाबागंज, कैसरगंज, जरवलरोड, पयागपुर, विशेश्वरगंज, मुर्तिहा, मोतीपुर व गायघाट समेत अन्य स्थानों पर होली की धूम मची हुई है। पूरे जिले में 4600 स्थानों पर होलिका दहन होगा। शहर की देहात कोतवाली, नगर कोतवाली व दरगाह थाना क्षेत्रों में 90 स्थानों पर होलिका जलाई जाएगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर के चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक पुलिस गश्त जारी रहेगी। पुलिस अराजक तत्वों पर नजर बनाए है।

**डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी**, एएसपी ग्रामीण

# सड़क हादसों में युवक की मौत, आठ लोग हुए घायल

## फखरपुर और खैरीघाट थाना क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर और खैरीघाट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि आठ घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेडवा अल्पीमिश्र गांव निवासी शुभम वर्मा (25) पुत्र राम केवल वर्मा अपने मामा के यहां लखनऊ गए थे। गुरुवार सुबह वह लखनऊ से बाइक द्वारा घर के लिए रवाना हुए। शुभम बहराइच लखनऊ मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूकनापुर बाजार में पहुंचे। सुबह 11 बजे बहराइच से लखनऊ की तरफ जा रही टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही बाइक सवार की कुचलकर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज कुंडासर अमित गुप्ता पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक करुनाकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा। दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। उधर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम करवारी निवासी सैफूलाल (40) पुत्र ननकऊ ट्रक संख्या यूपी यूपी 46 टी 1704 के चालक हैं। वह गन्ना चीनी मिल ले जाने का काम करते हैं। बुधवार को गन्ना ट्रक पर लोड करने के बाद श्रमिक कोतवाली नानपारा के बढ़इया कला गांव निवासी अखिलेश, जीते, देशराज, राजेंद्र, तीरथ और बच्छराज के साथ गन्ना लेकर जा रहे थे। ट्रक खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर गांव के पास रात नौ बजे पहुंची। तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत हो गई। जिसके चलते ट्रक पलट गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक रामपुर धोबियाहार गांव निवासी राम निवास पुत्र दाता राम समेत आठ लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर खैरीघाट थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जांच की तो ट्रक चालक काफी नशे में मिला। इस पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की जानकारी पाकर परिवार वाले भी वहां पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि सभी को हल्की चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी स्वस्थ हैं।



टैंकर की टक्कर से क्षतिग्रस्त बाइक।

### बाइक की टक्कर से ग्राम प्रहरी की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया क्षेत्र के पिपरहवा जोगा गांव निवासी श्याम बहादुर पुलिस विभाग में ग्राम प्रहरी के तौर पर तैनात थे। बुधवार शाम वह चैलाही मोड़ से ड्यूटी कर टैंपो से वापस लौट रहे थे। चिल्हरिया मोड़ पर टेंपो से उतरकर वह ई-रिक्शा से राजपुर मोड़ मार्ग से होते हुए अपने गांव की ओर निकले। बभनी गांव के पास चालक ई-रिक्शा रोक कर सवारी उतारने लगा तो श्याम बहादुर नीचे उतरकर खड़े हो गए। इसी दौरान चिल्हरिया मोड़ से बघौड़ा की ओर जा रहे बाइक सवार ने श्याम बहादुर को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने अपने वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया ले जाया गया।

# दूसरे दिन भी हुई वार्षिक परीक्षाएं

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में बृहस्पतिवार को भी वार्षिक परीक्षाएं आयोजित हुई। सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में हुई।

जिले के प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को सुबह और शाम की पाली में परीक्षाएं हुई। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के लिए हिंदी, गणित और पर्यावरण विषय का पेपर छात्रों ने दिया। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित बालिका विहान आवासीय विद्यालय में भी कक्षा 6 7 8 की छात्राओं ने परीक्षा दी। वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि सभी छात्राओं को दूरी में बैठाकर परीक्षा दिलाई गई। बीएसए अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि पूरे जिले के परिषदीय विद्यालयों में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षाएं हुई। छात्र-छात्राओं की सत प्रतिशत उपस्थिति रही।



बालिका विहान विद्यालय में परीक्षा देतीं छात्राएं। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री से मिले भाजयुमो जिलाध्यक्ष

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी ने मुलाकात कर जनपद की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उनके साथ मंडल उपाध्यक्ष सचिन तिवारी भी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष व मंडल उपाध्यक्ष।

### तीन वारंटी भेजे जेल

**बहराइच, अमृत विचार:** पयागपुर पुलिस ने वांछित चल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार का जेल भेजा है प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश कुमार पांडे, दीवान संतोष यादव, अंगद राय, अर्जुन मद्धेशिया और सिपाही प्रभाकर गुप्ता की टीम ने खजुरार गांव निवासी उमेश पुत्र शिव शंकर तिवारी, नेजाभार निवासी दीपक शुक्ला पुत्र विजय कुमार और प्रदीप मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# लोकतंत्र के पर्व पर भयमुक्त होकर करें मतदान

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत पुलिस व बीएसएफ ने हरदत्तनगर गिरण्ट क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केंद्रों का जायजा लिया। साथ ही फ्लैग मार्च कर जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जनपदीय पुलिस ने गांव-कस्बों में पड़ने वाले संवेदनखील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर बार्डर एरिया, हाईवे, ढाबों, होटलों व प्रतिष्ठानों में ठहरने वालों की गहनता से चेकिंग की। साथ ही फ्लैग मार्च भी किया। साथ ही घटनाओं की रोकथाम के लिए पिकेट ड्यूटी भी निरंतर लगाई जा रही है। क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने पुलिस टीम व बीएसएफ के साथ आगामी लोकसभा चुनाव, आदर्श आचार संहिता लागू होने के दृष्टिगत थाना हरदत्तनगर गिरण्ट क्षेत्र के कस्बा बदला में फ्लैग मार्च किया। साथ ही जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया और ग्रामीणों से वार्तालाप कर सुरक्षा की भावना जागृत कर मतदान के दिन निर्भीक होकर शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### नवीन मतदाता मैराथन कल

**बहराइच, अमृत विचार :** लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 23 मार्च को नवीन मतदाता मैराथन का आयोजन होगा। ये दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर शहर के पानी की टंकी, अस्पताल चौराहा, डिगिहा तिराहा, छावनी चौराहा, घंटाघर चौक से पीपल तिराहा होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त होगी। मैराथन में गहाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय बहराइच के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही जनपदस्तरीय अधिकारी भी ड्रेस कोड में कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित होते हुए प्रतिभाग करेंगे।

# न्यायमूति का बेटा बन मांगी वीआईपी व्यवस्था

**बहराइच, अमृत विचार:** कोतवाली देहात के सांवरिया रिसॉर्ट में एक युवक पहुंचा। उसने खुद को न्यायमूर्ति का बेटा बताते हुए वीआईपी व्यवस्था दिए जाने की मांग की। घबराए होटल प्रबंधन ने उसे बेहतर व्यवस्थाएं दी। सीजेएम के निर्देश पर कोतवाली देहात में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

कोतवाली देहात के लखनऊ रोड पर सांवरिया रिजॉर्ट है। सीजीएम के मुख्य लिपिक संजय कुमार ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया कि उच्च न्यायालय की ओर से 5 मार्च को पत्रक संख्या 530/2024 का पत्र सीजीएम बहराइच के यहां भेजा गया। इसमें एक व्यक्ति द्वारा खुद को न्यायमूर्ति का बेटा बताया गया जिसमें उसने अपना नाम ऋषभ शर्मा पुत्र विश्वनाथ बताते हुए सांवरिया रिसॉर्ट में कमरे की मांग की। साथ ही कर्मचारियों से वीआईपी व्यवस्था देने की बात कही। उच्च न्यायालय के पात्र को संज्ञान में लेते हुए सीजेएम ने केस दर्ज कराने को कहा। लिपिक ने कोतवाली देहात में ऋषभ शर्मा नामक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## वर्ग पहेली-17

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | ■ | ■ | 2 | |
| 3 | | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 7 | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | ■ | 11 | | | ■ |

**बाएं से दाएं**

2. 1. मानव मुख से निःसृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4. 1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6. 1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8. 1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9. 1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3. 1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4. 1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5. 1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।

## वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सु | ■ | ■ | ■ | 2 दृ | ध |
| 3 खु | र | खु | रा | ना | ■ | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 आ | मि | ष | भो | 5 जी | ■ | 6 ध |
| ■ | नी | ■ | ■ | वां | ■ | नु |
| 7 मी | ■ | ■ | ■ | 8 त | 9 लु | आ |
| 10 त | ली | ■ | 11 अं | क | क | ■ |

# चोरों के गैंग का रूपईडीहा पुलिस ने किया खुलासा, 21 बाइकें बरामद

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा पर रुपईडीहा पुलिस ने बाइक तीन चोरों को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर चोरी की बाइकें जंगल के निकट खंडहर से बरामद हुई। चोरी की 21 बाइकें बरामद हुईं जिन्हें सीज कर दिया गया है।

रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर आईसीपी चौराहे पर बुधवार रात रुपईडीहा पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि रात 12.40 बजे एक बाइक सवार तीन युवक आए जिनसे पुलिस ने पूछताछ की। युवकों ने हरदी क्षेत्र से आने की बात कही। इस पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। उन लोगों बाइक चोरी की होने और जंगल से सटे चकिया रोड बक्शी गांव स्थित खंडहर में 20 अन्य बाइकें रखने होने जानकारी दी। मौके से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ है। इस पर पुलिस टीम ने सभी बाइकें बरामद की। पकड़े गए चोर हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम एरिया शंकरपुर बभनौटी गांव निवासी प्रेम कुमार चौहान, लोनियनपुरवा गांव निवासी तीरथ राम और इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर के मजरा नवरंगपुरवा निवासी जयजय राम यादव हैं। विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। खुलासा करने वाली टीम को 10000 रुपये से पुरस्कृत किया गया है।

### इन जिलों से चोरी की बाइक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाइक चोर बहराइच जिले के अलावा सीतापुर, बाराबंकी और लखनऊ से भी बाइकें चोरी करते थे। इसके बाद ये नेपाल में जंगल के रास्ते बाइक की बिक्री कर देते थे।

## सुडोकू -96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

## सुडोकू -95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04 .28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृष** — आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपत्ति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

**सिंह** — आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।

**धनु** — आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मकर** — आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

**मीन** — आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
नजर के सामने — सुबह : 11.00
तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

**Sony Max**
पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.52
आशिकी — रात : 07.00

**Sony Pix**
टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 09.55
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
तरला — सुबह : 10.05
जब हैरी मेट सेजल — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
महान — सुबह : 10.30
दिल — रात : 07.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं
कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।



**11वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .48 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# अबीर-गुलाल उड़ाकर घंटों खेली होली, भजनों पर झूमते रहे श्याम भक्त

**फाल्गुन महोत्सव**

**संकीर्तन में भजन गायकों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति**

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार :** फाल्गुन महोत्सव पर जरवल के खाटू श्याम मंदिर में बुधवार शाम फाल्गुन सकीर्तन का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। श्याम भक्तों ने श्याम बाबा के समक्ष घंटों अबीर-गुलाल से होली खेली। भजन गायकों के भजनों पर श्याम भक्त पूरी रात नाचते-झूमते रहे। राधा-कृष्ण की झाकी प्रस्तुत की गई। साथ ही अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

जरवल के मोहल्ला कृष्णानगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव पर सकिर्तन का आयोजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने मंदिर में अच्छा कार्य करने वालों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भजन गायक आरती राठौर लखीमपुर, कुमार आदर्श कुमार रिशू गोंडा ने 'रंग निराले जग रखवाले बाबा खाटू श्याम अजब तेरी माया है, देखता है चुपचाप सवरा एक रास्ता बंद होता चार ये खोलता है बैठा है चुपचाप सावरा मगर ये देखता है, तेरे दर्शन करने आयो दर ये मुझको भा गया बड़ी दूर से मै आया हूं बाबा के ये धाम तू ही बनायेगा बिगड़े सारे काम, जैसे कई भजन प्रस्तुत किए। कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, प्रमेश अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल उर्फ़ चिंटू, प्रमोद कसौधन, विजय कसौधन, अमरदीप, कुमरदीप, राकेश कुमार, संजय श्रीवास्तव ,संतोष कुमार श्री वास्तव, मोहित अग्रवाल, रमेश अग्रवाल,दिव्यांश, हर्ष श्रीवास्तव सहित हजारों श्याम भक्त पूरी रात भजनों पर घूमते रहे।



भजनों पर झूमतीं महिलाएं। अमृत विचार



पंडाल में मौजूद श्याम भक्त व इनसेट में भजन प्रस्तुत करता गायक। अमृत विचार

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** बीआरसी सभागार में खंड शिक्षाधिकारी कमलेश मिश्रा ने नई शिक्षा नीति व बुनियादी शिक्षा नीति के तहत प्री-प्राइमरी शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। प्रशिक्षकदाता के रूप में राम मूर्ति शुक्ल, राजितराम यादव, नरमी देवी, श्यामा शर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 52 सप्ताह की गतिविधियों पर आधारित क्षमता में निपुण बच्चों को अक्षर व संख्या ज्ञान आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में कुमुद मिश्रा, रेखा, लीलावती, अमृता सोनी, पुष्पा देवी, ममता तिवारी, किरण देवी, राजकुमारी सहित दर्जनों कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरियांवा के मजरा इंद्रापुर निवासी सन्नो (19) पत्नी अख्तर अली की बुधवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में शव फंदे से लटकता मिला। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बलिदान दिवस मनाया

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के राजी चौराहा स्थित लोधी महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम लोधी के निवास पर बुधवार को बलिदान दिवस मनाया गया। अखिल भारतीय लोधी महासभा के तत्वाधान में महारानी अवंती बाई लोधी की 167वां बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लोधी महासभा के शालिग्राम लोधी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर लोधी, जिला संगठन मंत्री रमेश लोधी, अयोध्या प्रसाद लोधी, मास्टर साहब, रामगोपाल लोधी जिला पंचायत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर किया हमला, आरोपियों ने किया सरेंडर

## मारपीट कर उनकी कार में की गई तोड़फोड़, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच



तोड़फोड़ में क्षतिग्रस्त कार।



थाने के बाहर मौजूद भाजपा नेताओं के समर्थकों की भीड़। अमृत विचार

**विवाद**

**समर्थकों ने सीओ कार्यालय में किया घेराव, दी तहरीर**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेता गुरुवार सुबह घर से निकले। 500 मीटर की दूरी पर पहुंचते ही हमलावरों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के वाहन में तोड़फोड़ कर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने कोतवाली में जाकर सरेंडर कर दिया। हजारों की भीड़ सीओ कार्यालय के साथ कोतवाली में एकत्र हो गई। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच कर रही है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत कैसरगंज कस्बा निवासी विजय सिंह रैकवार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। इस समय वह भाजपा के नेता भी है। गुरुवार को भाजपा नेता अपने वाहन से निकले। घर से 500 मीटर की दूरी पर पहुंचे। आरोप है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह, उनके बेटे और भाई ने एकाएक वाहन पर हमला कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को कालर पकड़कर मारने का प्रयास किया लेकिन तब तक काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इस पर हमलावर बचाओ-बचाओ की आवाज लगाते हुए कोतवाली पहुंच गए और अपने आप को सरेंडर कर दिया। जानकारी मिलने पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के हजारों समर्थक सीओ और कोतवाली कार्यालय में एकत्र हो गए। भाजपा नेता ने तहरीर दी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि पुलिस ने बार-बार तहरीर बदलवाई। पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत तीन के विरुद्ध प्राणघातक हमला करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह के मोबाइल पर फोन लगाया गया तो उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। घटना के बाद से तनाव है।

**तो इसलिए किया हमला**

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह रैकवार के भतीजे से पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे की बुधवार शाम किसी मामले को लेकर मारपीट हो गई थी। उसी खुन्नस में आरोपियों ने गुरुवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर हमला कर दिया।

# निशान यात्रा में उमड़ी श्याम भक्तों की भीड़

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** रिसिया के श्री संतोषी माता श्री श्याम बाबा मंदिररिसिया की ओर से गुरुवार को फाल्गुन महोत्सव पर निशान यात्रा निकाली गई। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए महिलाओ की टोली ने निशान लेकर श्याम धुन पर मस्त होकर भ्रमण किया। श्री श्याम निशान यात्रा के एक दिन पूर्व निशान का पूजन किया गया। देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुबह से मंदिर परिसर में महिलाओं का जमावड़ा शुरू हो गया। श्याम नाम की पताका व निशान श्री श्याम को स्पर्श करा निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान नेहा दोचानिया,बबली अग्रवाल,श्रुति बंसल,नीतू अग्रवाल, शिल्पी जैन, निशा अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि रामू लाल, प्रेम गोयल, सुधीश अग्रवाल, रवि दोचानिया,रोहित मित्तल,सत्यनारायण सहित अन्य मौजूद रहे।



निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के चेतरा इमलियागंज गांव निवासी एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला। चेतरा इमलियागंज निवासी सुभान अली की 25 वर्षीय पत्नी सहिबुन निशा का शव सुबह घर के अंदर जमीन पर मिला। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि उसका पति मुंबई में मजदूरी करता है। घर पर बीमार पत्नी की देखरेख करने को सासू हनीफा निवासी परना तकिया थाना इटियाथोक जिला गोंडा रहती है। गुरुवार सुबह सूचना मिली कि सहिबुन निशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप

### एसएसबी जवानों व पुलिस ने किया पैदल गश्त



नगर पंचायत मिहीपुरवा में मार्च करते पुलिस और एसएसबी के जवान।

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** मोतीपुर पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ क्षेत्र के मतदान केंद्रों का एरिया डोमिनेशन किया। लोगों को बिना भय के मतदान करने की बात कही। आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्योहार के मध्य नजर थाना प्रभारी मोतीपुर दद्दन सिंह एवं एसएसबी जवानों के संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र एवं कस्बा मिहीपुरवा में फ्लैग मार्च कर जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया। पुलिस ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने एवं आगामी त्योहारों में भाईचारा कायम कर आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान मोतीपुर थाना क्षेत्र के लौकाही, बस्थानवा, मेडकिया, कंजड़वा, मिहीपुरवा नगर आदि के गांवों में फ्लैग मार्च किया।

### बच्चों को सही राह दिखाते हैं विद्यालय : विधायक

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** ब्लॉक शिवपुर के ग्राम सभा रामपुर धोबिया विद्यालय के स्थापित हुए 10 वर्ष पूरा होने पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्यातिथि विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा रहे। शिवपुर विकास खण्ड के रामपुर धोबिया में स्थिति मार्निंग बेल्स पब्लिक स्कूल को स्थापित हुये 20 मार्च को 10 वर्ष पूर्ण होने पर बड़े ही धूम धाम से वार्षिकोत्सव कार्य्रकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया। कार्यक्रम शुभारंभ के बाद स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के समय में गांव के बच्चे भी पढ़कर अधिकारी बन रहे हैं। ऐसे में बच्चों को सही शिक्षा विद्यालय ही देते हैं। इसके बाद छात्र और छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों के अभिभावक व अध्यापक,अध्यापिका सहित कई गांव के ग्राम प्रधान व सामाजिक कार्यकर्ता राम नरेश वर्मा नेता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 25 को खेली जाएगी फूलों की होली

रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में संघ प्रचारक द्वारा बाल स्वरूप हनुमान मंदिर में बैठक की गई। जिसमें नगर के सम्मानित नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक की शुरुआत भारत माता की जय वंदे मातरम के जयकारे के साथ शुरू हुआ। होली मिलन महोत्सव का कार्यक्रम 25 मार्च को सांय 4 बजे व राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली खेलने का प्रस्ताव पास हुआ। आयोजक प्रचारक सर्वेश ने कहा कि यह यह ऐतिहासिक होगी। संरक्षक अंजनी कुमार मित्तल ने इस पर हामी भरी। कार्यक्रम संयोजक कन्हैया वर्मा ने कहा कि बाहर से कलाकार बुलाए गए हैं। इस दौरान सहसंयोजक शेर सिंह कसौंधन, तेज प्रसाद वर्मा, व्यवस्था प्रमुख केसरी प्रसाद सोनी, उर्फ गज्जू भैया, सदस्य सूरज शुक्ल, अशोक, राजेश, कमलेश, अर्जुन, राजकुमार, मंगल वैश्य आदि रहे।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत




ब्लॉक संसाधन केंद्र में बच्चों को प्रमाण पत्र देते खंड शिक्षा अधिकारी।

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** मिहींपुरवा विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों में मनोवैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, विद्यालयों में विज्ञान व प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र मिहींपुरवा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह के निर्देशन एवं एआरपी अंशुल कुमार के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में पूर्व में विद्यालय स्तर पर आयोजित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरण खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह ने किया। परीक्षा के सफल आयोजन में एआरपी अंशुल कुमार, सुकुमार सरकार, वीरेंद्र सिंह ,गिरीश राम, रामरूप, रामकुमार सैनी, रामकरन, दुर्गेश पाठक, मनीष गुप्ता , जीत बहादुर अनुपम सिंह का योगदान रहा।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार



कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे किसान। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। कहा कि गन्ना किसानों का भुगतान एक सप्ताह में किया जाए, इसके अलावा उनकी अन्य मांगें शामिल रही। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार वर्मा की अगुवाई में बृहस्पतिवार को किसान शहर के धरना स्थल पहुंचे। यहां पर किसानों ने मांगों को लेकर धरना दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि चिलवरिया चीनी मिल में इस सत्र के गन्ना बकाया का भुगतान अभी नहीं हुआ है, इसका भुगतान कराया जाए। गेहूं की खरीद जिले में एमएसपी द्वारा करवाने, निराश्रित मवेशियों से फसलों को बचाने, ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। इसका ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा। इस दौरान किसान संघ के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## कुरआन मुकम्मल होने पर किया रोजा इफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर निवासी ताहिर हुसैन के छोटे भाई खालिद हुसैन और मो. मोहसिन की बेटियों के कुरआन ए करीम का नाजरा मुकम्मल करने और पहला रोजा रखने की खुशी में क़ाज़ीपुरा स्थित आवास पर रोजा इफ़्तार का आयोजन हुआ। शहर के काजीपुरा मोहल्ला में आयोजित रोजा इफ्तार में भाजपा विधायक महसी सुरेशवर सिंह, एमएलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन हाजी रेहान आढ़ती,ब्लॉक प्रमुख रमाकर पांडेय ,अभिलाषा वर्मा समेत शहर के महत्त्वपूर्ण लोगों ने शिरकत कर बच्चियों के वालिदैन को मुबारक बाद देते हुए दोनों बच्चियों को दुआ से नवाज़ा। तमाम रोजादारों ने कारी जुबेर अहमद क़ासमी की इक़तिदा में मग़रिब की नमाज़ अदा कर दोनों बच्चियों के शानदार मुस्तकबिल की रब की बारगाह में दुआएं मांगी। जामिया नूर उल उलूम के प्रबंधक बुजुर्ग आलिम ए दीन मौलाना कारी, जुबेर अहमद क़ासमी, सपा के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान, जफर उल्ला आदि रहे।

# नशा मुक्त समाज बनाने का किया आह्वान

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** नगर में स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से नशा उन्मूलन, जल पर्यावरण संरक्षण विषयक आधारित परिचर्चा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने नशामुक्त, भयमुक्त, शत-प्रतिशत निष्पक्ष मतदान का आह्वान किया।

देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर में उपस्थित महामना मालवीय मिशन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने कहा कि नशा मानवता के प्रति समाजिक अपराध है। इसके सेवन से मानव का मस्तिष्क विकृत हो जाता है और शरीर लाइलाज बीमारियों के चपेट में आ जाता है। इस पर नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि हम सब लोग मिलकर प्रभावी कार्ययोजना बनाए। संचालन समाजसेवी पत्रकार धीरेंद्र शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधान संघ संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्र ने किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. इंद्र बली सिंह ने विष मुक्त खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन नगर पालिका परिषद रुपईडीहा डॉ. उमाशंकर वैश्य ने अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संगठन की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों में हर संभव सहयोग का वायदा किया। इस दौरान प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव , समाजसेवी पर्यावरण विद राकेश चंद्र श्रीवास्तव , समाजसेवी प्रभात श्रीवास्तव, रतन अग्रवाल , शिवराज सिंह सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।




नशा उन्मूलन गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अभियान** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# मच्छरों का प्रजनन रोकने को दवा का छिड़काव कराएं बीडीओ

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान की सफलता के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न हुई। इसमें 11 विभागों सहित सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि आपसी सहयोग से आबादी वाले क्षेत्रों में घरों के आसपास झड़ियों की साफ-सफाई, नालियों को ढकने, शौचालय का उपयोग, कचरा निस्तारण, सुअर बाड़ों को आबादी से दूर रखने, घर के चूहों को भागने, जल भराव रोकने व शुद्ध पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। मच्छरों के प्रजनन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें नष्ट करने हेतु बीडीओ को सभी ग्राम पंचायतों में एंटी लार्वा व फागिंग सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत मतदान स्थलों व उसके आसपास भी साफ-सफाई व एंटी लार्वा का छिड़काव अवश्य किया जाए। जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक साथ मिलकर सभी घरों में दस्तक देकर जेई, एईएस, कुष्ठ रोग, बुखार, क्षय रोग, फाइलेरिया व कालाजार के साथ किसी भी बीमारी से ग्रसित लक्षणों वाले संभावित मरीजों की पहचान कर ई-कवच पोर्टल पर दर्ज करेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनको उचित पोषाहार उपलब्ध कराएंगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र पर उपचार के लिए भेजेंगी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश ने बताया कि जमे पानी में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई अपने घर के आसपास जलभराव की स्थिति बनाए रखता है तो उसे नोटिस जारी की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान दिशा-निर्देश देतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

मूर्खस्तु परिहर्तव्यः प्रत्यक्षो द्विपदः पशुः।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्यं कण्टकं यथा॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

## संपादकीय

# केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेंट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

# मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन, अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी, लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए, आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है, सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है, लेकिन आमजन को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था, क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया, बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा, भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना, विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंनें धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ, फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है, क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं, जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्ज़र्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए, यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं, जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

## प्रसंगवश

# परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर, उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है, यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते, लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे, घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है, लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया, जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं, आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं, मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर, मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं, निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर, अवतार, स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं, शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां, सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना, दिल्ली हो आवास!!

# पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है, जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना, इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है, ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है, वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं, पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं, आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है, पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है, कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है, व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है, पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है, इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है, उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए, उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है, आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे, डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा, जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से, सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से, पर्यावरण हितैषी व्यवहार से, प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

## सोशल फोरम

# परंपराओं को अद्यतन कीजिए

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं, लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान, काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है, लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन, सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। **-फेसबुक वॉल से**

# आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं, न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं, जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता, विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया, जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया, जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

# परिवेश विज्ञान

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है, घिरा हुआ है, जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है, वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है, यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल, यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है, असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है, वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है, अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं, धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है, हवा बह रही है, बीज से वृक्ष बन रहा है, मेघ वर्षा कर रहा है, समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है, वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है, अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है, मरता है, खाता-पीता-सोता है, मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है, लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर, मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है, पक्षी नीड़ बनाता है, मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

# बच्ची से दुराचार के दोषी को 20 साल का कारावास

## अदालत ने सात माह 10 दिन में दोषी को सजा देकर पीड़ित परिवार के साथ किया न्याय, 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र लम्भुआ के एक गांव में बीते साल तीन साल के बच्ची से दुराचार करने के दोषी धर्मेन्द्र कुमार को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदण्ड की आधी धनराशि देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक दोषी ने 28 जून 2023 को दोपहर आम बीनने गई तीन साल की बच्ची के साथ दुराचार किया। बच्ची के दादा व माता के आ जाने से दोषी भाग खड़ा हुआ। मासूम के दादा की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये चार गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला केवल सात माह 10 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया। न्यायाधीश पवन शर्मा की अदालत से दोषियों को उनके अपराध के अनुसार उनकी करनी की सजा व निर्दोषों को बरी करने का सिलसिला लगातार चल रहा है जिसके कारण यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कानून के प्रति खौफ बना है।

### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नही हो सकी। कोर्ट में बहस के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है ।यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 30 को

**सुलतानपुर :** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की है ।केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है ।अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

### कांस्टेबल अजीम समेत तीन को हाईकोर्ट की नोटिस

**सुलतानपुर :** कूरेभार थाने के कांस्टेबल अजीम समेत तीन को हाई कोर्ट ने एक याचिका में तलब किया है। मुकदमा रद्द करने की याचिका पर न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने जवाब तलब किया है। थाना क्षेत्र के ढेसरुआ गुप्तारगंज निवासी मिर्जा शोएब बेग ने दलित उत्पीड़न के मुकदमे को रद्द करने की याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की है। याचिका में बताया गया की मिर्जा शोएब बेग ने कूरेभार थाने के ढेसरुआ निवासी वादी ऋषिकांत के भाई पर पहले मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बदले उस पर मारपीट, गाली गलौज, धमकी और दलित उत्पीड़न का मुकदमा कूरेभार पुलिस की साजिश से दर्ज किया गया। हाईकोर्ट ने मामले में विपक्षी पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। याचिका 29 अप्रैल को सुनवाई के लिए नियत की गई है।

## जिपंस के पास मिला तमंचा और कारतूस

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** करौंदीकला थाना प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह हमराहियों के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन व अपराध के रोकथाम संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को वार्ड नंबर पांच के जिला पंचायत सदस्य चंदन यादव के पास से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी करौंदीकला उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ करौंदीकला सहित प्रतापगढ़ में आपराधिक मामले दर्ज हैं। न्यायालय भेजा गया था जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।



**ग्यारहवां रोजा**

शिया
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.42 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### कांग्रेस जिला कमेटी ने घोषित की कार्यकारिणी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम चुनाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने गुरुवार शाम को नई कार्यकारिणी की घोषणा की। डीसी पांडेय आशीष को पुन: जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। पूर्व सांसद स्व. राम सिंह के पुत्र योगेश सिंह को कोषाध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी दी गई है। अरुण त्रिपाठी को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नफीस फारूकी व अमोल बाजपेयी को प्रवक्ता और इमरान खान को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। महेंद्र सिंह, सुब्रत सिंह सनी व राम सरन गौतम समेत कुल 11 लोगों को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र इनायतपुर निवासी वीरेंद्र कुमार सोनी पुत्र रामप्यारे सोनी बाइक से लखनऊ बलिया राजमार्ग के रास्ते गोसाईगंज बाजार की ओर जा रहे थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह गोसाईंगंज थाने के करीब स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। इसमें वीरेंद्र कुमार सोनी व दूसरे बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया है।

### एसडीएम व आबकारी निरीक्षक ने किया निरीक्षण

**सुलतानपुर ,अमृत विचार :** होली व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम जयसिंहपुर व आबकारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप वर्मा ने जयसिंहपुर क्षेत्र के सरकारी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान का स्टॉक रजिस्टर, स्टाक मिलान, क्यूआर कोड आदि का मिलान किया। साथ ही दुकानों पर लगे सीसीटीवी व साफ सफाई का निरीक्षण किया। एसडीएम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नही होनी चाहिए।

## हादसे में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

- प्रयागराज हाईवे पर बाइक सवार भाइयों को डंपर ने कुचला

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रयागराज अयोध्या बाईपास हाइवे पर प्यारेपट्टी मोड़ के पास गुरुवार की दोपहर बाद बाइक सवार दो भाइयों को डंपर ने कुचल दिया। जिसमें एक की मौत हो गयी तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

हादसे में बाइक चला रहे लंभुआ के अवासान लाल का पूरा निवासी राजीव यादव (24) पुत्र श्री नाथ यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक पर पीछे बैठा मौसी का बेटा विकास यादव (25) पुत्र राम सूरत यादव का हाथ पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज मेडिकल कालेज सुलतानपुर में चल रहा है। दुर्घटना के बाद एक युवक का शव डंपर के टायर के बीच मे फंस गया और चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। दुर्घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गये और आक्रोशित लोगों ने हाइवे पर आवागमन बाधित कर दिया। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकालकर वाहन को हटवाया गया और आवागमन बहाल किया गया। देहात कोतवाल ने बताया कि वाहन को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर चालक व वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



हाईवे पर दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने लगाया जाम। अमृत विचार

## डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना दूबेपुर स्ट्रांग रूम पहुंची। मौजूद राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। सुलतानपुर रायबरेली रोड पर अंकारीपुर, दूबेपुर स्थित स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। ईवीएम, वीवी पैट स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर निर्देशित किया कि इसके खिड़की व दरवाजे बंद होने चाहिए। निरीक्षण के बाद स्ट्रांग रूम की चाबियां शील्ड कर कोषागार में जमा कराने का निर्देश दिया।

## अब आर-पार की होगी लड़ाई

**चेतावनी**

- ज्यूडशरी ट्रांसफर से नाराज अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कादीपुर की कोर्ट में अखण्डनगर और कादीपुर थानों से संबंधित मुकदमों को ट्रांसफर के बाद नाराज वकीलों ने गुरुवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना को सौंपा।

अधिवक्ताओं ने संदर्भित ज्ञापन में 11 मार्च के प्रशासनिक आदेश को तत्काल स्थगित करने की मांग की है। गुरुवार को नौवें दिन भी हड़ताल जारी रही। 28 तारीख को अधिवक्ता महासम्मेलन कर आगे की रणनीति तय करेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय ने कहा अन्य जिले के वकील से भी अधिवक्ता संघ के साथ हैं तथा जब तक हमारी मांगे पूरी नही होती हम आर पार की लड़ाई करेंगे।

इस मौके पर सहसचिव प्रशासन बलराम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष रामविशाल तिवारी, जितेन्द्र मिश्र, अजय त्रिपाठी, प्रदीप यादव आदि रहे। फौजदारी अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा मुकदमें ट्रांसफर के खिलाफ उन्होंनें हाईकोर्ट में अपनी तरफ से एक रिट याचिका गुरुवार को दाखिल की है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## जिला पूर्ति अधिकारी को भेजा कानूनी नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने और उत्पीड़न करने के आरोप में जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य को अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र ने कानूनी नटिस भेज कर जवाब तलब किया गया है। लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की बात कही गई है।

कूरेभार ब्लॉक के डीहढग्गूपुर मौजा के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के एक आवेदक ने अधिवक्ता के जरिए नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। समय से कार्रवाई नहीं होने पर लोकपाल से शिकायत और न्यायालय में मुकदमा दायर करने की चेतावनी भी दी गई है। उपभोक्ता ने सदर तहसील कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज दुबे तथा अन्य कर्मचारियों पर लापरवाही और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उपभोक्ता का राशन कार्ड बीती एक फरवरी से डीएसओ के डिजिटल हस्ताक्षर के लिए प्रतीक्षारत है। जिसके लिए कई बार जिला पूर्ति अधिकारी और कर्मचारियों से मिलकर प्रक्रिया पूरी करने की मांग की गई, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की।

## आचार संहिता की पाठशाला में पढ़ाया पाठ

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लगाई पाठशाला

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता, एसपी सोमेन बर्मा व सीडीओ अंकुर कौशिक की मौजूदगी में अधिकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की पाठशाला लगाई।

एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला ने चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता की गाइड लाइन अधिकारियों को बताते हुए पालन के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी विभागाध्यक्षों व अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में जारी गाइडलाइन का सभी विभागाध्यक्ष अनुपालन करें। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों हेतु एक उपस्थिति पंजिका अवश्य बना लें। जिसमें सभी का विवरण दर्ज किया जाय। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा आगामी त्योहार होली व ईद के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु सभी क्षेत्राधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन से अवगत कराया। सीडीओ अंकुर कौशिक द्वारा सभी खंड विकास अधिकारी सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चुनाव आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हेतु अवगत कराया गया।




अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम साथ में हैं एसपी व सीडीओ। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आज से परिवहन निगम चलाएगा 33 होली स्पेशल बस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** होली पर बड़ी संख्या में बाहर रहने वाले लोग घर आयेंगे। उनको घर पहुंचाने के लिए परिवहन निगम ने कमर कस ली है। बढ़ती हुई यात्रियों की संख्या को देखते हुए परिवहन निगम द्वारा त्योहार पर 33 होली स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। एआरएम नागेंद्र पाण्डेय ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, आजमगढ़, कानपुर व नई दिल्ली के लिए अतिरिक्त रोडवेज बसें आज से 31 मार्च तक चलेंगी। त्योहार को देखते हुए निगम मुख्यालय से एआरएम को अतिरिक्त बसों के संचालन के लिए निर्देश दिए गए हैं। बताते चलें कि निगम के पास पहले से ही 116 बसें चल रही है। जिनमें से निगम की 56 बसे हैं तो 60 अनुबंधित बसे हैं। वहीं, खेमे में 33 बसे और बढ़ाई गई है। अतिरिक्त बसे बस स्टेशन से लखनऊ-वाराणसी, वाराणसी-अयोध्या व सुलतानपुर-नई दिल्ली के लिए पांच-पांच, कानपुर के लिए दस, लखनऊ-आजमगढ़ रूट पर आठ रोडवेज बसें चलेंगी। वहीं, प्रयागराज के लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

### खंभे से टकराई बाइक, ट्रिपलिंग कर रहे युवक घायल

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव के निकट सिक्स लाइन के सर्विस रोड पर ट्रिपलिंग कर रहे युवक की बाइक खंभे से टकरा गयी। जिसमें बाइक सवार दो की हालत गंभीर है। जिसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। घटना गुरुवार को दोपहर बाद लगभग 4 बजे की है। जहां हसरमपुर गांव निवासी दो सगे भाईयों संतोष (28) और संदीप (32), अपने साथी मायंग निवासी मनदीप (30) सुत राम केवल के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर हसरमपुर गांव जा रहे थे। बेनीपुर गांव के निकट सिक्स लाइन अंडरपास से होकर सर्विस रोड पर मुडे.तो तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे बेरीकेडिंग के लिए लगे खंभे से जा टकराई। जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से चोटिल हुए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी धनपतगंज ले जाया गया। चोटिलों में संदीप और मंदीप की हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं आंशिक रुप से चोटिल संतोष को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया। चोटिलों मे कोई भी हेलमेट नहीं लगाए थे।

### जांच में झूठ निकली लूट की घटना

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मां के साथ बाइक से ननिहाल जा रहे युवक से पास लेने में बाइक सवार युवकों से थाना क्षेत्र के अहदा विरसिहपुर मार्ग पर पास लेने को लेकर विवाद हो गया। डरे सहमें युवक से नगदी जेवरात लूट लेने की बात सामने आई। मोतिगरपुर पुलिस ने घटना स्थल के निरीक्षण में लूट का मामला निकला झूठा। जौनपुर जिले के सरपतहा थाना ग्राम सुइथाकला निवासी अंशित तिवारी अपनी मां के साथ बाइक से जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के भभोट गांव में ननिहाल जा रहा था। गुरुवार की दोपहर लगभग ढाई बजे मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अहदा बिरसिंहपुर मार्ग पर कालीगंज के पास पीछे आ रही पल्सर बाइक सवार युवकों को जगह न मिलने पर पास लेने में विवाद हो गया। कहा सुनी में वह डर गया। लोगों को बताया कि बाइक सवार युवकों ने 20 हजार नगदी, मंगलसूत्र व जंजीर लूट लिया। यह खबर सोशल मीडिया पर चलने लगी। घटना की जानकारी होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर युवक और उसकी मां से पूंछताछ की तो मामला कहा सुनी का सामने आया। युवक ने थाने पर दी गई अपनी लिखित शिकायत में लूट की घटना से इनकार किया। प्रभारी थाना निरीक्षक ज्ञान चंद्र शुक्ला ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल में कहा सुनी का मामला सामने आया, लूट की घटना असत्य पाई गई।




रैली निकालकर जागरूक करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक।

### यातायात नियमों के पालन को निकाली जागरूकता रैली

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थित संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकिया सुलतानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत गायन के उपरांत गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात प्रतिभागियों ने लंभुआ दुर्गापुर मार्ग पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मन्जू मगन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवक स्वमसेविकाओं ने विभिन्न नारों के माध्यम से और सड़क पर बिना बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट के चल रहे राहगीरों को जागरूक किया बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा। बौद्धिक सत्र में मोबाइल के दुष्प्रभाव विषय पर परिचर्चा हुई। जिसमें निधी तिवारी, सपना विश्वकर्मा, अंशुमान पांडेय, नितिन, रंजना, शिवानी, आंचल सिंह आदि स्वयंसेवियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ. धर्म विजय सिंह, डॉ. सुषमा सिंह, प्रभाकांत, राजेश कुमार, रणंजय सिंह, बिपिन कुमार यादव, शिवपूजन आदि मौजूद रहे।

## 1749 लोगों की लिस्ट तैयार, किए जाएंगे पाबंद

- 15लोकसभा चुनाव में नहीं चलेगी दबंगई : एएसपी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दौरान दबंगई के बूते मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। कोई जोर जबरदस्ती न हो, इसके लिए पुलिस आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कस रही है। चुनाव में गड़बड़ी के अंदेशे में 1,749 लोगों को पाबंद करने की तैयारी है। वहीं, गुरुवार को पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स ने कूरेभार कस्बे में पैदल मार्च भी किया है। आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराने के लिए सीओ सौरभ सावंत, कूरेभार के प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्र व सीआरपीएफ उपनिरीक्षक आरपी वर्मा व उपनिरीक्षक सुभाष वर्मा पैदल मार्च में शामिल रहे।

पुलिस व सुरक्षा बलो की टीम कूरेभार से होते हुए फुलौना चौराहा, पटना चौराहा, पुरखी धनजई, सरैया मझौवा, इटवा मलावनपुर, संजय नगर होते हुए ऐनपुर तिराहे पर पहुंची। पुलिस-पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया। साथ ही लोगों को शांतिपूर्ण वातावरण में लोकसभा चुनाव 2024 को संपन्न करने का संदेश दिया। लोकसभा चुनाव में जोर जबरदस्ती आदि रोकने के लिए पुलिस ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है जो मतदाताओं या मतदान को प्रभावित कर सकते हैं। अभी तक 348 मामलों में 1749 लोगों को पाबंद करने की रिपोर्ट तहसीलों को भेजी जा चुकी है। इसके अलावा गैर जमानती वारंट वाले लोगों के साथ ही आपराधिक तत्वों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है।



कूरेभार में पैदल मार्च करते पुलिस व सुरक्षा बल के जवान। अमृत विचार

> लोकसभा चुनाव में किसी तरह मतदान या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशें सफल नहीं होंगी। इसलिए निरोधात्मक कार्रवाई समेत अनेक जरूरी तैयारियां हो रही हैं। फरार गैंगस्टर सिराज अहमद चुनाव पर कोई असर नहीं डाल सकेगा। पुलिस पूरी तरह तैयार है। -**अरुण चन्द्र,** अपर पुलिस अधीक्षक

## प्रेम व सद्भावना के साथ मनाएं त्यौहार: एसडीएम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गुरुवार को कुड़वार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि आगामी त्यौहार होली, रमजान आपसी सौहार्द के साथ मनाए। होली में होलिका दहन व रंगभरी होली में कहीं कोई समस्या हो तो समय से अवगत करा दे जिससे उसका निस्तारण किया जा सके। समाज को चलाने में अहम जिम्मेदारी वरिष्ठों की होती है। त्यौहार में नशा और नवयुवकों को बाइक राइडिंग पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। जिससे त्यौहार में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

उन्होंने कहाकि आदर्श आचार संहिता में कोई भी कार्यक्रम बिना अनुमति के न आयोजित करे। ध्यान रहे कि कार्यक्रम में राजनीतिक भाषण बाजी न होने पाए। बैठक में भगवानपुर व बभनगवा में होलिका दहन की कुछ समस्याओं की जानकारी मिलने पर कुड़वार पुलिस को निराकरण करने का निर्देश दिया। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने कहा कि त्यौहार में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जहां भी संवेदनशील क्षेत्र होगा वहा पर पुलिस पिकेट की तैनाती की जाएगी। नशेड़ियो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

**अनदेखी** — अंतिम सांसें ले रहा पारंपरिक व्यवसाय, पशुपालक फैशन का दौर और सरकार की नजर अंदाजी बता रहे वजह

# खरीद केंद्र न होने से भेड़ पालन व्यवसाय से भंग हो रहा मोह

हनुमान तिवारी, धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गांव का पारंपरिक भेड़ पालन व्यवसाय फैशन का आधुनिक दौर और सरकार की नजर अंदाजी से अंतिम सांसें ले रहा है। नस्ल सुधार और ऊन खरीद केंद्र न होने से इस व्यवसाय से लोगों का मोह भंग हो रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना से जुड़ा भेड़ पालन व्यवसाय जिले में अब बंद होने की कगार पर है।

सामाजिक संरचना पर गौर करें तो गांव में पाल समाज के लोगों का यह मुख्य व्यवसाय था। इस समाज से जुड़े लोगों का यह पुश्तैनी व्यवसाय सरकार की नजर अंदाजी के चलते अब भेड़ पालकों के लिए घाटे का सौदा बनता जा रहा है। सरकार द्वारा इसके उन्नयन के लिए न तो नस्ल सुधार की कोई ठोस पहल की जा सकी और न ही इसके ऊन उत्पाद की बिक्री के लिये बाजार तैयार किया जा सका।



केश कुमार। राज भवन।



धनपतगंज के इटवा गांव में ऊन निकालते भेड़ पालक। अमृत विचार

### कभी खेती के साथ भेड़ पालन देता था मुनाफा

भेड़ पालकों का कहना है कि करीब दशक भर पहले खेती के साथ भेड़ पालन का व्यवसाय किया जाता था। उस दौर में काफी मुनाफा का सौदा हुआ करता था। अपने यहां मैदानी भाग होने के कारण देशी भेंड़ ही पाली जाती है। इसलिए साल में एक बार मार्च से अप्रैल के बीच उनका बाल निकाला जाता है। दशक भर पहले पहले जब भेंड़ के बाल की कमरी, आसनी, स्वेटर की मांग थी तो 20 रुपये प्रति किलो बिक जाता था। अब मांग खत्म हो गई तो ऊन खरीदार भी नहीं आ रहे हैं।

### खरीदार न मिलने पर फेंकनी पड़ रही ऊन

पाठक पुरवा निवासी भेड़ पालक केसकुमार पाल कहते हैं की साल में दो बार भेंड़ों के ऊन की कटाई होती है। खरीदार न होने से ऊन को फेंक देना पड़ रहा है। दूसरी तरफ नस्ल सुधार की कोई योजना भी सरकार की तरफ से नहीं मिल पा रही है। पूरे कुलपत पुरवा निवासी राज भवन पाल कहते हैं कि भेंड़ों के बीमारी के इलाज के लिए टीकाकरण को छोड़ दिया जाए तो सरकारी अस्पताल से अन्य कोई सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। भेंड़ों की मृत्यु दर भी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा समस्या चारा चुगान की है। चारागाह और जंगल खत्म होने के बाद भेंडों.को लेकर घर-बार छोड़कर साल के 12 महीने चारा चुगान कराने के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। भेड़ पालन व्यवसाय अब सिर्फ मांस व्यवसाय आधारित बनकर रह गया है। जिससे मन बड़ा खिन्न हो चुका है। नई पीढ़ी तो इसे करने के लिए तैयार ही नहीं है। भेड़ पालन व्यवसाय के उन्नयन के लिए सरकार ने कोई ठोस नीति और ऊन बिक्री के लिए बाजार की ठोस व्यवस्था न बनाई तो यह व्यवसाय अब बंद करना पड़ेगा।



11 वां रोजा

शिया
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.49 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# छेड़खानी के आरोपी शिक्षक की पुलिस कस्टडी में मौत, एसओ समेत 3 पर केस

## पुलिस पर आरोप लगा परिजनों ने की सड़क जाम, जमकर किया हंगामा

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** जिले के गोला क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। उसे छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया था। थाने लाने पर उसकी तबियत बिगड़ी तो पुलिसकर्मी उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिवार के लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और सड़क जाम कर दी। जानकारी पर आईजी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत कराया। मामले में थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र में बाढ़ा में रहने वाले विनय शंकर पांडेय उर्फ दीपक(42) पर गांव की एक नाबालिग लड़की ने छेड़खानी का आरोप लगाया था जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। बुधवार की शाम करीब 5 बजे पुलिस ने आरोपी विनय शंकर पांडे को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए थाने ले जा रही थी, इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. बताया जा रहा है कि रास्ते ले जाते वक़्त उसे उल्टी भी हो गई, बावजूद इसके पुलिस ने उसे थाने ले गई। थाने लाने के थोड़ी देर बाद जब उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी तो पुलिस उसे अस्पताल ले गई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और ग्रामीणों के साथ पुलिस के खिलाफ विरोध करना शुरू कर दिया। गांववाले सुबह 3 बजे तक सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की और गोला-कौड़ीराम-बड़हलगंज मार्ग जाम कर दिया। जानकारी पर आईजी और एसपी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी समझाने के बाद गुरुवार सुबह करीब 4 बजे जाम खुलवाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मामले में एसओ गोला, चौकी इंचार्ज समेत 3 पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाया गया है। जांच गोला के क्षेत्राधिकारी को सौपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गांव के एक परिवार से चल रहा विवाद

बताया जाता है कि चंद्रप्रकाश पांडेय और कृष्ण कुमार राजीव गांधी इंटर कॉलेज के प्रबंधक हैं। गांव के ही एक परिवार से इनका विवाद चलता है। प्रबंधक के भाई विनय पर उसी परिवार की एक बच्ची ने छेड़खानी का आरोप लगाया। लड़की के परिजनों ने शाम 5 बजे डायल-112 पर सूचना दी। प्रबंधक का कहना है कि जब पुलिस आई, उस समय विनय अपनी ब्लड प्रेशर की दवा लेने माल्हनपार चौराहे गया था। वापस आने पर पुलिस उसे अपने ले जाने लगी। केशवापार चौराहे पर उसे उल्टी होने लगी तो डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा मगर पुलिस ने थाने लाकर उसे अंदर बैठा दिया।

### डॉक्टरों के पैनल में कराया गया शव का पोस्टमार्टम

शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया गया जिसकी वीडियोग्राफी भी हुई। । पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित रख लिया गया। शरीर पर किसी चोट के निशान भी नहीं मिले। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शिक्षक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने व मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उसी के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 24 को मनाया जाएगा होली मिलन समारोह

**गोरखपुर, अमृत विचार :** सनातन धर्म भगवान परशुराम सर्व ब्राह्मण सामान्य समिति की एक बैठक गुरुवार को मुख्यालय राजेंद्र नगर, भाटी विहार कॉलोनी बैजनाथ आईटीआई गोरखनाथ में हुई। अध्यक्षता रणजीत तिवारी उर्फ सोना तिवारी ने की। निर्णय लिया गया कि होली मिलन समारोह का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय नारायण मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुनंदन उपाध्याय, राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष अजय पांडे, जिला संरक्षक मदन पांडे, कार्यकारी सदस्य वीरेंद्र पांडे, हरे राम तिवारी, दया शंकर दुबे, राजेंद्र मणि त्रिपाठी, हरिहर मिश्रा, उमेश चंद आदि रहे।

# बीएसए ने सभी आरोपों को बताया गलत और निराधार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** उर्दू शिक्षक की गलत तरीके से नियुक्ति और वेतन का भुगतान व शिक्षा माफिया राकेश सिंह को बहाल करने के आरोपों को बीएसए देवेंद्र पांडेय ने गलत बताया है।

दरअसल, बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय पर एक बीईओ और दो बाबुओं पर उर्दू शिक्षक की तैनाती व वेतन भुगतान के साथ ही शिक्षा माफिया राकेश सिंह को बहाल करने का आरोप लगाया गया था। एसटीएफ ने इस मामले में सदर बीएसए समेत चारों पर धोखाधड़ी, साजिश सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने गुरुवार को शिक्षा माफिया को बहाल किए जाने के आरोप को गलत और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वंय राकेश सिंह निवासी निवासी कुइचवर थाना भाटपार रानी जनपद देवरिया जो सिद्धार्थनगर जनपद के खड़कुई नानकार प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत था, उसके खिलाफ शोहरतगढ़ थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। उसे बहाल किए जाने का आरोप पूरी से तरह से गलत और निराधार है। डीएम से परमिशन लेकर कोर्ट के एक कार्य से बाहर आए हैं, बिना अनुमति के जनपद नहीं छोड़ा है।

## एक नजर

### गैस सिलेंडर में लगी आग, चार बच्चे झुलसे

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जोगिया कोतवाली क्षेत्र के करौंदा मसिना गांव में बुधवार रात भोजन बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग से 4 बच्चे झुलस गए और घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्र के करौंदा मसिना गांव निवासी कृष्ण कुमार गुप्त पत्नी की दवा लेने नौगढ़ गए थे। रात 9 बजे के आसपास उनकी बेटी ननिहाल से आए लोगों के लिए भोजन बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई। पहले बच्चों ने आग बुझाने का प्रयास किया जिससे बेटी दीक्षा, बेटा अतुल और रिश्तेदार जूली व आलोक झुलस गए। आग बेकाबू होती देख बच्चे बाहर निकलकर शोर मचाने लगे।

### बैठक में दी शासन के निर्देशों की जानकारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना मोहाना अंतर्गत कस्बा ककरहवा व बर्डपुर में धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों, सभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की। उन्होंने त्योहारों के संबंध में शासन व उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों से लोगों अवगत कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष मोहाना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### स्वास्थ्य विभाग के पूर्व जेडी का निधन



**गोरखपुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक (जेडी) व गोरखपुर के पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी (डिप्टी सीएमओ) दाउदपुर निवासी डॉ. बीएल गुप्ता का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे और कई दिनों से बीमार थे। डॉ. बीएल गुप्ता के बेटे वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ. ऋतेश कुमार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. बीएल गुप्ता के निधन शोक जताया है और गुरु गोरखनाथ से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शाम को राप्ती तट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। डॉ. ऋतेश ने मुखाग्नि दी।

## रेलवे की कैंटीनों की दशा सुधारने की उठाई मांग

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के स्टेशन स्थित केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इनमें पूर्वोत्तर रेलवे के हर विभाग में चलने वाले कैंटीन की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महामंत्री विनोद राय ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे पर चलने वाले कैंटीनो की दशा अत्यंत निराशाजनक है। कैंटीनों में साफ-सफाई व स्टॉफ की कमी है। बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है और टेबल-कुर्सी की कमी है। कैंटिनों में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हो रही है, इसलिए खाद्य पदार्थ नहीं मिलते हैं। कर्मचारी घूमकर वापस चले जाते हैं और बाजार से चाय-नाश्ता करने के लिए विवश है। महामंत्री ने पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन से मांग की है कि कैंटिनों की दशा पर तत्काल ध्यान दिया जाए क्योंकि बहुत कर्मचारी कैंटिनों में ही भोजन करने के लिए आश्रित हैं जो शिफ्ट में ड्यूटी करते हैं। अन्य कर्मचारी नाश्ता और चाय के लिए कैंटिनों में जाते हैं। सभा में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एके सिंह, मनोज द्विवेदी, डीके तिवारी, आरपी भट्ट, केएम मिश्रा, कौशल कुमार सिंह, सतीश चंद अवस्थी, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, विजय पाठक, संजीवधर, जयप्रकाश सिंह, देवेश सिंह, अंशुमान आदि रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व में प्रथम संस्कार मतदान

कार्यशाला

संवाददाता, गोरखपुर



कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की सभी इकाइयों के 7 दिवसीय विशेष शिविर के 5वें दिन गुरुवार को ग्रामसभा सिकटौर में निर्वाचक साक्षरता क्लब के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रथम संस्कार मतदान है। एक-एक वोट से सरकार गिरती-बनती है। वोट का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। निर्वाचक साक्षरता क्लब के विश्वविद्यालय के ब्रांड एम्बेसडर छात्र नीलेश कुमार यादव ने बताया कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में निर्वाचक साक्षरता क्लब का गठन करके युवा मतदाताओं को वोट की शक्ति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय के नेतृत्व में छात्रों ने मतदान का संकल्प लिया। ग्राम सभा सिक्टौर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह ने युवाओं को मतदाता सूची में जुड़ने व अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। संचालन अनिकेत व धन्यवाद ज्ञापन उत्कर्ष सिंह ने किया।

# ट्रेनों का दिया दो मिनट का प्रयोगिक ठहराव

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे ने प्रशासन 22539/22540 मऊ-आनंद विहार टर्मिनस-मऊ एक्सप्रेस का दुल्लहपुर व 15079/15080 पाटलिपुत्र-गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का सिधवलिया स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव दिया है। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मऊ जंक्शन से 22 मार्च से चलने वाली 22539 मऊ-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस दुल्लहपुर स्टेशन पर 21.15 बजे पहुंचकर 21.17 बजे प्रस्थान करेगी। आनंद विहार टर्मिनस से 23 मार्च से चलने वाली 22540 आनंद विहार टर्मिनस-मऊ एक्सप्रेस दुल्लहपुर स्टेशन पर 5.40 बजे पहुंचकर 5.42 बजे प्रस्थान करेगी। पाटलिपुत्र से 23 मार्च से चलने वाली 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस सिधवलिया स्टेशन पर 19.07 बजे पहुंचकर 19.09 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह गोरखपुर से 23 मार्च से चलने वाली 15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस सिधवलिया स्टेशन पर 7.43 बजे पहुंचकर इसके बाद 7.45 बजे प्रस्थान करेगी।

# घर आजा परदेशी तुझे वोट बुलाए रे...

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर



लोकसभा चुनाव

- विदेश व दूसरे शहरों में रहने वाले मतदाताओं को अपने खर्च पर बुलाने में लगे प्रत्याशी

**अमृत विचार :** लोकसभा डुमरियागंज आकांक्षा जनपद के रूप में माना जाता है। यहां के अधिकांश वोटर जीवन यापन के लिए देश विदेश व देश के विभिन्न प्रदेशों मे रहते हैं। लोकसभा चुनाव आते ही प्रत्याशियों की उनकी याद आने लगी है। वे उन्हें बुलाने के लिए उपाय में लग गए हैं। उनकी टीम गांव में जाकर एक लिस्ट बना रही है। उन्हें आने-जाने के लिए टिकट का खर्चा करते हुए बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, अभी इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।

जनपद में करीब 5 से 10 फीसदी मतदाता विदेश से लेकर प्रदेश के विभिन्न शहरों पर रहकर अपना जीवन यापन करते हैं। यहां की परंपरा रही है कि चाहे छोटा मतदान हो या बड़ा, प्रत्याशी उसे सभी खर्च देते हुए गांव बुलाने का प्रयास करते हैं। इससे बाहर रहने वाले मतदाताओं को दो लाभ होते हैं। एक तो वे कुछ समय के लिए अपने परिवार के बीच आ जाते हैं, दूसरे किराया-भाड़ा भी खर्च नहीं होता। खास बात ये कि चुनाव आते ही इन मतदाताओं के घरों की महिलाएं याद करती हैं, 'घर आजा परदेसी तुझे मेरे वोट बुलावे हैं।'

### इंडिया गठबंधन-बसपा ने नहीं की प्रत्याशी की घोषणा

बता दें कि भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है लेकिन इंडिया गठबंधन ने अभी किसी को लोकसभा डुमरियागंज में नहीं उतरा है और न ही बसपा ने। यहां मतदान छठे चरण में 25 अप्रैल में को होना है। इसके लिए प्रत्याशी बाहर रहने वाले मतदाताओं को बुलाने के लिए सूची तैयार कर रहे हैं और उनके आने-जाने की टिकट भी मुहैया कराने में लगे हैं क्योंकि एक-एक वोट का जीत-हार में उनका एक अहम योगदान रहता है।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में पदाधिकारी चयनित



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई की बैठक में मौजूद चयनित पदाधिकारी।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई बांसी की बैठक गुरुवार को बीआरसी बांसी के प्रांगण में हुई। इसमे संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष अरुण सिंह भास्कर की अगुवाई में संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में चौधरी अजय सिंह पटेल को वरिष्ट उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, सलाहुद्दीन, राहुल दिवेदीआदि लोगों को घोषित किया गया। संगठन के विस्तार के बाद मनोनित पदाधिकारियों को संगठन व शिक्षकों के हित में कार्य करने की शपथ सदस्यता प्रमुख विजय सिंह भास्कर ने दिलाई। बैठक में ब्लॉक महामंत्री महेश मिश्रा, ब्लॉक महिला अध्यक्ष बीनू शर्मा, महिला महामंत्री रिचा अग्रवाल, महिला कोषाध्यक्ष कविता शर्मा आदि मौजूद रहीं।

### श्रवण कुमार पटवा बने अध्यक्ष मां धर्मेंद्र कुमार महामंत्री




मतदान में विजयी प्रत्याशी का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** शोहरतगढ़ के राजस्थान अतिथि भवन में युवा पत्रकार प्रेस क्लब के बैनर तले तहसील ईकाई शोहरतगढ़ के अध्यक्ष और महामंत्री पदों पर गुरुवार को निष्पक्ष रूप से मतदान कराया गया। चुनाव अधिकारी मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन के जिलाअध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री प्रदीप वर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलास नाथ द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम एवं कमलेश मिश्रा की अध्यक्षता में चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार श्रवण कुमार पटवा को 63 व अतुल शुक्ला को 24 मत मिले। महामंत्री पद के उम्मीदवार धर्मेंद्र कुमार चौधरी को 55 तो पं. विंध्याचल शुक्ला को 32 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष पियूष सिंह, वरिष्ठ मंत्री अजीज अहमद, मंत्री ओजैर खान, वरिष्ठ संगठन मंत्री इसरार हुसैन, संगठन मंत्री पवन कुमार यादव आदि निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### छात्रों को त्याग, समाज सेवा सिखाती है स्काउट्स गाइड्स



कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर।

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ द्वारा 17 से 22 मार्च तक 8वीं जिला रैली का आयोजन स्काउट कुटीर में किया जा रहा है। गुरुवार को जिला रैली के समापन की पूर्व संध्या पर आयोजित महाशिवराग्नि कार्यक्रम का मुख्य अतिथि महाप्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे डीके सिंह ने की। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में जिला संघ गोरखपुर से करीब 300 स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स व पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। महाप्रबंधक ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स संस्था विश्व की एक मात्र ऐसी संस्था है जो नि:स्वार्थ भाव से छात्र-छात्राओं में त्याग, बलिदान, राष्ट्र सेवा और नेतृत्व क्षमता के विकास के साथ अनुशासन में रहकर समाज सेवा के लिए प्रेरित करती है। इस दौरान वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीलमणि, सचिव एवं महाप्रबंधक आनंद ऋषि श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक सामान्य कृष्ण चंद्र सिंह आदि रहे। अंत में जिला आयुक्त (स्काउट) दिलीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# होली पर रेलवे करेगा विशेष ट्रेनों का संचालन

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** रेलवे ने होली पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 04540/04539 अंबाला कैंट-कटिहार-अंबाला कैंट होली विशेष गाड़ी का संचलन अंबाला कैंट से 21 व कटिहार से 23 मार्च को एक फेरे में करने का निर्णय लिया है।

04540 अम्बाला कैंट-कटिहार विषेष गाड़ी 21 मार्च, 2024 को अंबाला कैंट से 20.25 बजे प्रस्थान कर बराड़ा से 20.52 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 21.12 बजे, सहारनपुर से 21.45 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.55 बजे, बरेली से 02.27 बजेनौगछिया से 22.05 बजे छूटकर कटिहार 23.45 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04539 कटिहार-अंबाला कैंट होली विशेष गाड़ी 25 मार्च को कटिहार से 04.00 बजे प्रस्थान कर नौगछिया से 05.02 बजे, मानसी से 09.04 बजे, खगड़िया से 06.26 बजे, बेगूसराय से 07.13 बजे, बरौनी से 08.10 बजे, बराड़ा से 7.42 बजे छूटकर अंबाला कैंट 09.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 21 कोच लगाए जाएंगे। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### एक फेरे में चलेगी चंडीगढ़-कटिहार-चंडीगढ़ होली विशेष

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे 04538/04537 चंडीगढ़-कटिहार-चंडीगढ़ होली विशेष गाड़ी का संचलन चंडीगढ़ से 23 व कटिहार से 25 मार्च को एक फेरे में करेगा। 04538 चंडीगढ़-कटिहार विषेष गाड़ी 23 मार्च को चंडीगढ़ से 19.15 बजे प्रस्थान कर अंबाला कैंट से 02.25 बजे, बराड़ा से 20.52 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 21.12 बजे, नौगछिया से 22.05 बजे छूटकर कटिहार 23.45 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04537 कटिहार-चण्डीगढ़ होली विशेष गाड़ी 25 मार्च को कटिहार से 04.00 बजे प्रस्थान कर नौगछिया से 05.02 बजे, मानसी से 09.04 बजे, खगड़िया से 06.26 बजे, बेगूसराय से 7.13 बजे, बरौनी से 08.10 बजे, अंबाला कैंट से 09.00 बजे छूटकर चण्डीगढ़ 9.40 बजे पहुंचेगी।

### सरहिंद-जयनगर-सरहिंद होली विशेष का होगा संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन होली पर 04534/04533 सरहिंद-जयनगर-सरहिंद होली विशेष गाड़ी का संचलन सरहिंद से 22 व जयनगर से 23 मार्च को एक फेरे में करेगा। 04534 सरहिंद-जयनगर होली विषेष गाड़ी 22 मार्च को सरहिंद से 13.00 बजे प्रस्थान कर राजपुरा से 13.25 बजे, अंबाला कैंट से 14.05 बजे, बराड़ा से 14.40 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 15.14 बजे, मधुबनी से 18.32 बजे छूटकर जयनगर 19.45 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04533 जयनगर-सरहिंद होली विषेष गाड़ी 23 मार्च को सहरसा से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मधुबनी से 00.12 बजे, दरभंगा से 01.20 बजे अंबाला कैंट से 4.10 बजे व राजपुरा से 4.42 बजे छूटकर सरहिंद 5.15 बजे पहुंचेगी।

# होली पर यात्रियों को नहीं होगी असुविधा

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन होली पर 06091/06092 पोत्तनूर-मऊ-पोत्तनूर होली विशेष गाड़ी का संचलन पोत्तनूर से 22 व 29 मार्च और मऊ से 26 मार्च व 2 अप्रैल को दो फेरों में करेगा।

06091 पोत्तनूर-मऊ होली विशेष गाड़ी 22 व 29 मार्च को पोत्तनूर से 16.30 बजे प्रस्थान कर तिरुप्पूर से 17.15 बजे, इरोड जंक्शन से 18.03 बजे, सेलम जंक्शन से 19.03 बजे, विजयवाड़ा जंक्शन से 7.10 बजे, बेलथरा रोड से 21.30 बजे छूटकर मऊ 22.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 06092 मऊ-पोत्तनूर होली विशेष गाड़ी 26 मार्च व 2 अप्रैल को मऊ से 18.30 बजे प्रस्थान कर बेलथरा रोड से 19.04 बजे, भटनी जंक्शन से 19.50 बजे, देवरिया सदर से 20.20 बजे, गोरखपुर जंक्शन से 22.40 बजे, बस्ती से 23.50 बजे, दूसरे दिन गोंडा जंक्शन से 01.45 बजे, ऐशबाग से 04.05 बजे, कानपुर सेंट्रल से 05.55, उरई से 08.50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई से 11.28 बजे, बीना जं. से 13.40 बजे, भोपाल जं. से 15.30 बजे, इटारसी जं. से 17.20 बजे व तिरुप्पूर से 21.10 बजे छूटकर पोत्तनूर 23.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 22 कोच लगाए जाएंगे।

तैयारी — विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

# घर-घर जाकर दस्तक देंगे स्वास्थ्यकर्मी, लोगों को करेंगे जागरूक

सिद्धार्थनगर कार्यालय






बैठक लेते जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके चौधरी, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. एके झा भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तृतीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 तक चलाया जाएगा। दिमागी बुखार व अन्य संक्रामक रोगों के संबध में व्यापक जन-जागरूकता के लिए 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव व उपचार के संबंध में लोगों को जानकारी देगें। डीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया और कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम-पता व मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड कराएं। दस्तक अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही स्कूलों के आसपास झाड़ियों की सफाई करना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में दस्तक संचारी रोग प्रभारी डॉ. अमित शर्मा, डॉ.समीर सिंह, सभी खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

स्वास्थ्य एवं विकास विभाग की संयुक्त बैठक भनवापुर ब्लॉक सभागार में गुरुवार हुई। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता करते हुए बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय ने कहा कि अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी लोग समय से कार्ययोजना बनाकर सीएचसी अधीक्षक सिरसिया के कार्यालय में उपलब्ध कराएं। सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार पांडेय, सूर्यदेव सिंह, राजीव कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, अजीत कुमार, राम सागर आदि रहे।

# रालोद में फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों शामिल

संवाददाता, लखनऊ




गुरुवार को जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली।

**अमृत विचार।** जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता आदि दर्जनों लोगों ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की मौजूदगी में सभी ने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 400 पार कराने का संकल्प लिया। पार्टी का गमछा व माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराने के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि रालोद की विचार धारा लोगों को दिल से जोड़ती है, पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। उक्त क्रम में ही जनता दल लोकतांत्रिक की महिला पदाधिकारी बीना गुप्ता, सुशीला मदान, हरजीत भल्ला, चरणजीत भल्ला, मोना अरोडा, कुसुम यादव, फिल्म अभिनेता व समाज सेवक नितिन नाथ ने पार्टी की सदस्यता ली है। साथ ही मुस्लिम समाज के दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ज्वाइनिंग कमेटी के रजनीकांत मिश्रा, वसीम हैदर, अम्बुज पटेल, बीएल प्रेमी, सम्राट सिंह चौहान व महेश पाल धनगर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# मोदी को बनाना है पीएम : संजय निषाद



भाजपा कार्यालय पर आयोजित चुनाव संचालन समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को जनपद मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर लोकसभा क्षेत्र संत कबीर नगर के अंतर्गत चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि कलस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश दिया।

बैठक संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है। इस बार पुनः हम सबको मिलकर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाना है और नरेंद्र मोदी को अभूतपूर्व बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है। कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में प्रचण्ड लहर चल रही है। मोदी जी को दो तिहाई बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है और देश में रामराज्य की स्थापना करानी है तो संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद की ऐतिहासिक विजय बेहद जरूरी है। विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि हर कार्यकर्ता खुद प्रवीण निषाद बनकर क्षेत्र में जाएगा। खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि इपार्टी संतकबीरनगर समेत देश की 400 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल आदि नेताओं ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, लोकसभा संयोजक रजनीकांत तिवारी समेत सभी मोर्चों के अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### 25 मार्च को बंद रहेंगी शराब की दुकानें : डीएम

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी बलरामपुर अरविन्द सिंह द्वारा दिनांक 25 मार्च को होली के त्योहार की महत्ता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आबकारी अधिनियम में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये दिनांक 25 मार्च को जनपद बलरामपुर की आबकारी विभाग की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शाप, भांग एवं स्प्रिट की थोक व फुटकर दुकानों तथा सभी बार अनुज्ञापनों को बन्द रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होनें निर्देशित किया है कि दुकानों की बन्दी हेतु सम्बन्धित अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का कोई क्षतिपूर्ति/प्रतिफल देय नहीं होगा।

### 32,395 कापियों का हुआ मूल्यांकन

**बलरामपुर।** यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केंद्र एमपीपी इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 32 हजार 395 कापियों का मूल्यांकन किया गया। डीआईओएस गोविंद राम ने बताया कि हाईस्कूल में 22317 तथा इंटर में 10078 कापियों का मूल्यांकन हुआ है। मूल्यांकन में 826 के सापेक्ष 622 परीक्षक उपस्थित रहे। 204 परीक्षक अनुपस्थित रहे। अब तक कुल 95 हजार 629 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है।

### दूसरे दिन 95 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**बलरामपुर।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा के दूसरे दिन 95 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। 1814 परिषदीय एवं 11 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रथम पाली में कक्षा तीन, चार व पांच में नैतिक शिक्षा विषय की परीक्षा कराई गई। कक्षा छह में विज्ञान तथा कक्षा सात व आठ में हिंदी विषय की परीक्षा कराई गई। द्वितीय पाली में कक्षा छह से आठ तक की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा कराई गई। बीएसए कल्पना देवी ने बताया कि सभी बीईओ के साथ जिला समन्वयकों ने भ्रमण कर परीक्षा का जायजा लिया।

### अधिकारों के प्रति जागरूक रहें बेटियां

**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम की तरफ से स्थानीय बाजार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी केशव कुमार ने बताया कि गोष्ठी में महिला बीट अधिकारियों ने महिलाओं एवं बेटियों को अधिकारों की जानकारी देते हुए सशक्त बनाने का सुझाव दिया। किसी भी तरह की समस्या होने पर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि पर कॉल कर पुलिस की सहायता ली जा सकती है।

# प्रेमी ही निकला नंदिनी राजभर का हत्यारा, गिरफ्तार

**राजफाश**

- हत्या मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमे को वापस लेगी पुलिस



बहुचर्चित नंदिनी राजभर हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक और पीछे पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार हत्यारा प्रेमी।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले के बहुचर्चित नंदिनी राजभर हत्याकांड का बृहस्पतिवार को खुलासा हो गया है। नंदिनी राजभर के प्रेमी ने ही बेवफाई का बदला लेने के लिए उसे बड़ी बेरहमी के साथ मौत के घाट उतार दिया था। बताते चलें कि बीते 10 मार्च को सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर की उनके घर में ही दिन दहाड़े हत्या कर दी गई थी। मामले में परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में पुलिस ने अन्य पहलुओं पर भी जांच पड़ताल किया जिसमें पूरी घटना के पीछे प्रेम प्रसंग साबित हो गया।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बेलहर कला थानाक्षेत्र के ग्राम बनौली निवासी साहुल राजभर पुत्र राम अजोर के बहन ममता राजभर की शादी खलीलाबाद के डीघा मोहल्ले के निवासी तेनू राजभर पुत्र झीनक राजभर के साथ हुई थी। साहुल राजभर अपनी बहन के मकान में मेडिकल स्टोर चलाता था। डीघा मोहल्ले की ही निवासी नंदिनी राजभर पत्नी अच्छेलाल दवाएं लेने उसकी दुकान पर आती रहती थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम सम्बन्ध स्थापित हो गया। नंदिनी राजभर का मोबाइल फोन खराब हो गया तो साहुल राजभर ने उन्हें सैमसंग कम्पनी का मोबाइल फोन दे दिया था। इसके अलावा साहुल ने नंदिनी को 26 हजार रुपये भी दिए थे। इधर कुछ दिनों से नंदिनी राजभर ने साहुल से बातचीत करना बंद कर दिया था। साहुल उसके पास फोन करता तो उसका फोन व्यस्त ही मिलता था। इस बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा था। बीते 10 मार्च को साहुल राजभर ने नंदिनी को फोन करके अपना मोबाइल फोन और 26 हजार रुपए वापस लौटाने को कहा तो नंदिनी ने मोबाइल और पैसा वापस करने से मना कर दिया और साहुल राजभर के खिलाफ मुकदमा कायम कराकर जेल भेजवा देने की धमकियां देने लगी। इस बात को लेकर दोनों के बीच फोन पर काफी बहस हुई। बाद में साहुल राजभर अपने साथ हथौड़ा लेकर दिन में लगभग ढाई बजे नंदिनी राजभर के घर पहुंचा। उसने देखा कि नंदिनी पेट के बल लेटकर किसी से फोन पर बात कर रही थी। साहुल ने पीछे से नंदिनी के सिर में पीछे से हथौड़े से प्रहार किया। पहले प्रहार में ही नंदिनी बेहोश हो गई और उसके बाद उसने नंदिनी के सिर और चेहरे पर कई प्रहार किया। जब उसे भरोसा हो गया कि नंदिनी की मौत हो चुकी है तब वह हथौड़ा अपने बेल्ट में छिपाकर और नंदिनी का मोबाइल फोन लेकर वहां से निकला और अपनी बहन के घर पहुंच कर कपड़े चेंज किया। वहां से मेंहदावल बाईपास पर पहुंचा और नंदिनी के मोबाइल का सिम तोड़कर सड़क किनारे फेंक दिया और हथौड़ा अग्रवाल नेत्रालय के बगल स्थित नहर में फेंक दिया। साक्ष्य मिटाने और पकड़े जाने से बचने के लिए उसने सैमसंग मोबाइल फोन को तोड़कर उसके कुछ पार्ट दुर्गजोत-रुधौली मार्ग के किनारे और बगल में मौजूद नदी में फेंक दिया था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोतवाली पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस टीम के कड़े प्रयासों के चलते घटना का खुलासा सम्भव हो सका है। टीम ने अभियुक्त साहुल राजभर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल हथौड़ा, सैमसंग मोबाइल की बैटरी, एयरटेल कम्पनी की टूटी हुई सिम, मोबाइल के टुकड़े, एक बैग में घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहने गए कपड़े और एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर जिन पांच आरोपियों को हत्या की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था उनके ऊपर से हत्या की धाराओं को हटा दिया जाएगा। उनके खिलाफ जमीन खरीद-बिक्री के आरोप में जो मुकदमा कायम किया गया था वह यथावत रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार हत्याभियुक्त साहुल राजभर को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सुआंव नदी के किनारे बसे लोगों की बढ़ेगी मुसीबत



- एनजीटी ने निर्धारित किया नदी का दायरा
- कई प्राइवेट व सरकारी संस्थान नदी के दायरे में

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बलरामपुर नगर के बीच से बहते हुए उतरौला तहसील की तरफ जाने वाली सुआंव नदी के किनारे बसे लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। एनजीटी के निर्देश पर प्रशासन में नगरीय व देहात क्षेत्र में नदी की परिधि निर्धारित कर दी है। परिधि के अंदर किसी भी तरह के निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया है। पहले से परिधि के अंदर बने कई प्राइवेट व सरकारी संस्थानों का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है।

एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि सुआंव नदी के किनारे नगरीय क्षेत्र में 50-50 मीटर तथा देहात क्षेत्र में 100-100 मीटर के अंदर किसी भी तरह का निर्माण कार्य अवैध माना जाएगा। एनजीटी ने पूर्व में पाटेश्वरी प्रसाद सिंह द्वारा दायर अपील के मद्देनजर यह आदेश दिया है। वर्ष 2022 में आई भयंकर बाढ़ के दौरान सुआंव नदी में हुए अतिक्रमण के कारण बलरामपुर शहर में भारी तबाही हुई थी। इसी को देखते हुए नदी का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह आदेश गत 19 मार्च से प्रभावी हो गया है।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों को 8 वर्ष की सजा

**बलरामपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश ने किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले में दो आरोपितों को आठ वर्ष कठोर कारवास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि 31 जुलाई 2008 को पीड़िता की मां ने गैंसड़ी कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई कि उनकी बेटी को पचपेड़वा के रामनगर निवासी घनश्याम उर्फ पिल्ली व बसंतपुर मदरहवा निवासी कल्लू उर्फ राजकरन बहला-फुसलाकर भगा ले गए। बेटी के साथ दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक डीपी त्रिपाठी को सौंपी गई। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद मानीटरिंग सेल की नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ व विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र प्रताप पांडेय की पैरवी से अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्तों को सजा सुनाई है।

# अनुपस्थित डॉक्टर समेत 3 लोगों का रोका वेतन

**कार्रवाई**

- सीएमओ ने किया सीएचसी श्रीदत्तगंज का निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक समेत तीन कर्मी अनुपस्थित मिले।चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश एवम् सोनिया देवी स्टॉफ नर्स एक मार्च से लगातार अनुपस्थित थे, राजेश कश्यप वार्ड ब्वाय तीन दिन से अनुपस्थित रहे। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज को दिया। निरीक्षण के समय तक कुल 140 मरीजों का ओपीडी में इलाज किया गया था।

चार टीबी मरीजों का बलगम जांच किया गया था।चिकित्सालय भवन में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग पाण्डेय को निर्देशित किया। प्रसव कक्ष के निरीक्षण कर उन्होंने डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि सभी प्रसूताओं को 48 घण्टे तक अस्पताल में अवश्य रोका जाय और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाएं जैसे मुफ्त दवा,खाना,जांच ,परिवहन आदि सभी प्रसूताओं को अवश्य प्रदान किया जाय। आशाओं को निर्देशित किया जाय की वे गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर ही लेकर जाए। निरीक्षण के समय डॉ अनुराग पाण्डेय, डॉ. अभिषेक यादव, सौरभ दुबे, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी बलरामपुर अरविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जागरूक




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते बच्चे। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघौली में बृहस्पतिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघौली की प्रधानाचार्य निशा यादव के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनमानस को लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सोशल मीडिया सेल गठित

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर जिले में स्थापित कण्ट्रोल रूम में अलग से सोशल मिडिया से संम्बधित सेल का गठन करा दिया गया है। जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज के नेतृत्व में गठित टीम लोकसभा चुनाव के लिए जारी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के दृष्टिगत सोशल मीडिया के व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि पर सतत निगरानी रखेगी। कॅट्रोल रूम में स्थापित उक्त सोशल मीडिया सेल में सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज (मो0-9453005415) को अध्यक्ष तथा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राकेश कुमार सिंह (मो-7905643394), आरक्षी थाना साइबर सेल के प्रतिनिधि सौरभ कुमार (मो0-8953747998) व पुलिस विभाग मीडिया सेल से कमलेश्वर सिंह (मो0-7839858482) को सदस्य बनाया गया है।

### भजन संध्या में जमकर उड़ा अबीर गुलाल

**बलरामपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल बलरामपुर द्वारा 21 वां विशाल सतरंगी फाल्गुन श्री श्याम महोत्सव के तहत श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर अग्रवाल भवन भगवतीगंज बलरामपुर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निष्काम गुप्ता जनरल मैनेजर बलरामपुर चीनी मिल,विशिष्ट अतिथि डीपी सिंह भाजपा मीडिया प्रभारी आदि लोगों ने श्याम बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को शुरू किया। अनूप सिंघल ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्याम बाबा की झांकी सजाई गई। भजन गायक रवि बेरीवाल कोलकाता ने भजन को सुनाते हुए लहराते देखे हैं। इस दौरान ताराचंद अग्रवाल,विजय अग्रवाल प्रमोद चौधरी,रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी, पूनम चौधरी, मीरा सिंह, गुड़िया, नम्रता आदि मौजूद रहे।

### अबीर गुलाल के साथ निकली खाटू-श्याम निशान यात्रा

**बलरामपुर।** हिन्दू पंचांग का अंतिम माह भगवान शिव व कृष्ण का खास माह के रूप में जाना जाता है। इस माह में मारवाड़ी समुदाय के लोग अपने आराध्य श्री कृष्ण के अति प्रिय बर्बरीक यानी खाटू नरेश श्याम की भक्ति से डूब जाते हैं। इस दौरान नगर पंचायत पचपेड़वा के राम जानकी मंदिर से सतरंगी फाल्गुन महोत्सव में डूबते हुए सुबह खाटू श्याम की आराधना में निकाले जाने वाली निशान यात्रा जिसमें पचपेड़वा नगर पंचायत से पैदल पुरुष और महिलाएं डीजे के साथ राष्ट्र नेपाल की तरफ रवाना हुई है। वहीं नेपाल राष्ट्र के कृष्णा नगर लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंचकर यात्रा विश्राम लेती है। श्याम निशान शोभा यात्रा में शामिल सृष्टि अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, मयंक, नीलम शामिल थे।

### छात्र-छात्राओं ने कतर्नियाघाट में किया शैक्षिक भ्रमण

**बलरामपुर।** बीएससी छठे सेमेस्टर के जूलॉजी छात्रों के शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करने के प्रयास में, एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे के मार्गदर्शन में कतर्निया घाट वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षिक भ्रमण किया। प्राणिशास्त्र विभाग के विभगाध्यायक्ष जूलॉजी प्रोफेसर अशोक कुमार और डॉ. सदगुरु प्रकाश के नेतृत्व में, भ्रमण छात्रों के लिए एक ज्ञानवर्धक यात्रा साबित हुई। प्रोफेसर अशोक कुमार ने कहा कि शैक्षिक यात्रा ने छात्रों को वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता की पेचीदीगियों में तल्लीन करने के लिए एक मंच प्रदान किया। उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र बहराइच में स्थित कतर्निया घाट वन्यजीव अभयारण्य अपने विविध वनस्पतियों और जीवों के लिए प्रसिद्ध है। छात्र आयशा खातून, रुखसार कादिर, आराध्या पाल, अनुपमा वर्मा, अर्चना पांडे, विनोद वर्मा, श्याम लाल, संतोष कुमार वर्मा, मोनिका मिश्रा, इसरार, आलोक जायसवाल, रजनी यादव को अभयारण्य के पास रहने वाले स्थानीय समुदायों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला, जिससे उनकी जीवन शैली, परंपराओं और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता में अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई।

**मुहिम**

**एनएसएस के विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली**

# रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक



बलरामपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकालते एनएसएस के विद्यार्थी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम रंजीतपुर में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

प्रथम सत्र में मतदाता जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्य,कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक व स्वीप नोडल गोविन्द राम,स्वीप कोऑर्डिनेटर व नोडल अधिकारी एनएसएस डॉ. राजीव रंजन ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली एनएसएस के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह, डॉ. रमेश शुक्ल व डॉ. जितेन्द्र भट्ट की अगुवाई में ग्राम रंजीतपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान से होने वाले महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि सीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए एनएसएस के स्वयंसेवकों- स्वयंसेविकाओं का आह्वान किया कि आप लोग आगे बढ़कर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान ने सभी को बराबरी का अधिकार दिया है और हम सभी को इस अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट को विकास की ओर ले जाने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। स्वीप नोडल डीआईओएस गोविंदराम ने सभी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं से वोटर बनने की अपील की ओर उन्हें ऑनलाइन वोटर बनने के लिए प्रेरित किया। स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि वोट हम सबको बराबर बनाता है यह एक ऐसी चीज़ है जो जाति, धर्म या वर्ग के बीच भेदभाव नहीं करती। हम सब देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मतदान करने का अवसर कभी न चूकें क्योंकि यह हमारे देश के लिए हमारा योगदान है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ. आलोक शुक्ल ने सभी का स्वागत किया। द्वितीय सत्र में मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन कर स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं के विचार आपस मे साझा किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान सहित एन एस एस कार्यक्रम अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने बच्चों संग खेली होली



संतकबीरनगर के आरपी विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल काली जगदीशपुर में गुरुवार को प्रधानाचार्या मोनिका यादव ने स्कूल के सभी कर्मचारियों और बच्चों के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली खेली और एक दूसरे को शुभकामना देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। स्कूल 22 मार्च से 1 अप्रैल तक बंद रहेगा। पुन : आगामी 2 अप्रैल को स्कूल अपने नियत समय से खुलेगा। 6 अप्रैल को स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डाक्टर अशोक कुमार, ममता, शकुंतला यादव, खुशबू सिंह, अमित कुमार चौधरी, उदयराज मौर्य, रंजू यादव, बीरेंद्र कुमार समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद रहे। अमृत विचार



# अयोध्या मुद्दे से मिशन-80 को हकीकत में बदलने की तैयारी

## 40 साल पहले कांग्रेस के नाम 83 सीटें जीतने का करिश्मा

## अब प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा बना रही माहौल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के पक्ष में 40 साल पहले की सहानुभूति लहर से इसबार अयोध्या मुद्दे की बराबरी करना बड़ी चुनौती होगी। तब कांग्रेस ने देश की कुल 518 सीटों में 415 और उत्तर-प्रदेश (उत्तरांचल सहित) की कुल 85 मे से 83 लोकसभा सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। अब भाजपा और संघ अयोध्या मुद्दे से मिशनः 80 को हकीकत में बदलने का माहौल बनाने में जुटी हैं। मगर हर नारा हकीकत में बदले, यह मुमकिन नहीं।

देश के लिए 1984 का दौर बहुत कठिन था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को नई दिल्ली के सफदरगंज रोड स्थित उनके आवास पर सुबह 9:30 ताबड़तोड़ गोलियां दागकर हत्या कर दी गई थी, पूरे देश में गम और गुस्सा का माहौल था। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के दो महीने के भीतर ही 1984 का लोकसभा चुनाव हुआ। दिसंबर 1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव एक साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 49.1 प्रतिशत पहुंचा। विपक्ष को जमानत बचानी मुश्किल हो गई, भाजपा दो सीटों पर सिमट गई, भाजपा के लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। 1984 के कांग्रेस के करिश्मे को आज तक कोई नहीं दोहरा पाया है।

लेकिन अगले पांच साल बाद से लेकर देश की राजनीति में इतने बदलाव आए कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का उद्घाटन लहर बना रहा है। भाजपा और संघ इसे भारत की अस्मिता और गौरव से जोड़कर पूरे देश में मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटे हैं।

सवाल उठता है कि क्या भाजपा उप्र. की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को पूरा कर पाएगी? चुनाव विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नीत राजग तब की सहानुभूति लहर से इतर मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की मदद से 2014 में उप्र. 73 सीटें हासिल कर चुकी है। यही नहीं, 2019 में कांग्रेस को 1984 में मिले मत प्रतिशत को भी पीछे छोड़ चुकी है। ऐसे में मिशन 80 कठिन जरूर है, पर नामुमकिन कतई नहीं है।

### रालोद और सुभासपा भी है अब एनडीए का हिस्सा

समाजवादी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटें हासिल की थीं। तब बसपा और रालोद के साथ गठबंधन था। पश्चिम में सपा की मददगार रही रालोद एनडीए का हिस्सा हो गया है। बसपा फिलहाल अकेले चुनाव लड़ रही है। 2019 के बाद से पूर्वांचल में सपा की मजबूत मददगार रही सुभासपा भी एनडीए का हिस्सा बन गई है। नोनिया चौहान बिरादरी में पकड़ रखने वाले दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में लौट आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दारा सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

### बसपा का एकला चलो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान

राजग व इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में बसपा का अकेले मैदान में होना कई जगह लड़ाई को त्रिकोणीय बनाएगा। बसपा के टिकटों के लिहाज से इस त्रिकोण का ज्यादा लाभ एनडीए के खाते में जा सकता है।

### कांग्रेस परिवार से प्रत्याशी आए तो मजबूत किलेबंदी

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस इस बार भी कड़ी टक्कर दे सकती है, यदि गांधी परिवार से प्रत्याशी आए। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को पांच, बसपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी तक केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हार गए थे। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी एक मात्रा कांग्रेस से जीत सकीं थी। पिछले विधानसभा चुनाव तक इन जिलों में कांग्रेस के भी विधायक हुआ करते थे। वर्तमान में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में भी सपा के विधायकों से बड़ी उम्मीद रही होगी। मगर, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में सपा के असरदार माने जाने वाले दो विधायकों-पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और राकेश प्रताप सिंह को अपने पाले में लाकर तहलका मचा दिया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वोट देने ही नहीं पहुंचीं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अब अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को उतारना किसी चुनौती से कम भी नहीं है।



### हिंदू मतों के ध्रुवीकरण पर टिकी भाजपा की आस

चुनाव मैदान में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावनाओं का उभार साफ दिख रहा है। ज्ञानवापी और मथुरा का प्रचार भी खूब हो रहा है। सीएए से ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश दिख रही है। साथ ही सरकारी धन खर्च करके मोदी की गांरटी रथ के जरिए लाभार्थियों से सीधा संवाद करके गरीब-पिछड़ों को जमकर साधा गया। साथ ही इसबार विपक्ष में कांग्रेस-सपा का 2019 के मुकाबले सपा-बसपा-रालोद गठबंधन से कमजोर हालत में दिख रहा है। ऐसे में 80 में 80 न सही, लेकिन 1984 में जिस तरह 85 में 83 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उस तरह का परिणाम नजर आए तो चौंकना भी नहीं चाहिए।

## राजीव गांधी ने ही दिखाई थी सियासत को रामपथ की राह

- 1989 के लोकसभा चुनाव का अभियान अयोध्या से शुरू किया था और मुद्दा बनाया था रामराज्य

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



**अमृत विचार :** राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर अयोध्या कोई पहली बार अब वोट की सियासत के केंद्र में नहीं आई है। इससे पहले भी राम की अयोध्या ने इस तरह के सियासी मेले और झमेले देखे हैं। आज भले ही भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की पटकथा अयोध्या से लिखने के प्रयास में दिख रही हो, लेकिन देश की सियासत को रामपथ की राह दिखाने का काम राजीव गांधी ने किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव के अभियान की शुरुआत उन्होंने न सिर्फ अयोध्या से की थी, बल्कि रामराज्य को उस चुनाव का मुद्दा भी बना दिया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस इस मामले में चूक गई और उसे बहुमत नहीं मिला। केंद्र में बीपी सिंह की भाजपा और कुछ अन्य दलों की समर्पित सरकार बन गई। दरअसल देश के सियासी एजेंडे में राम मंदिर और अयोध्या खुल करके आया वर्ष 1986 में जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की वीर बहादुर सिंह सरकार थी। इसी साल फैजाबाद (अब अयोध्या) के जिलाधिकारी और एसएसपी के बयान और सहमति के आधार पर तत्कालीन जिला जज की अदालत ने विवादित रामजन्मभूमि का ताला खोल दिया था। लोकसभा का 1989 का चुनाव आया तो कांग्रेस ने अयोध्या से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कैंटोनमेंट मैदान में पहली चुनावी रैली हुई। यहीं से राजीव गांधी ने अपने भाषण में देश में रामराज्य लाने की बात कही और मन्दिर/मस्जिद विवाद के मामले में कहा कि इसको सभी पक्षों की सहमति से हल करने का प्रयास किया जाएगा। एक तरफ जहां कांग्रेस ने यह दांव खेला वहीं दूसरी तरफ पहले से ही रामजन्मभूमि का मुक्ति का आंदोलन चला रही भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने कांग्रेस से इस मुद्दे को छीन लेने के लिए प्रस्तावित राम मंदिर के शिलान्यास की घोषणा कर दी। 1989 लोकसभा का आम चुनाव 22 व 26 नवंबर को होना था। इससे पहले 9 नवंबर 1989 को विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास कर दिया। जिसमें तमाम राजनीतिक हस्तियों सहित हजारों की तादात में साधु-संत शामिल हुए और राम मंदिर की नींव की पहली ईंट विहिप से जुड़े तबके एक दलित युवक कामेश्वर चौपाल के हाथों रखवाई गई। इसके पीछे भाजपा और विहिप की मंशा कांग्रेस के परंपरागत दलित वोट को छीन लेना भी था। और चुनाव परिणाम जब आये तो ऐसा दिखा भी। कांग्रेस सबसे बड़ा दल जरूर बनी लेकिन बहुमत से बहुत दूर रही। तब दूसरी सबसे बड़ी पार्टी जनता दल जो राष्ट्रीय मोर्चा का नेतृत्व करती थी, उसे अवसर दिया गया और वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री बन गए। तब उनके नेतृत्व की सरकार को भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों ने बाहर से समर्थन दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों में शुमार रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि दरअसल, 1989 के चुनाव अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के नागौर से करना तय किया था। कारण यह था कि 1949 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गांधी जयंती के मौके पर इसी नागौर से ही पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी। कांग्रेस पार्टी ने 1989 के चुनाव का मुख्य मुद्दा भी पंचायत राज ही तय कर रखा था। लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। न तो पंचायत राज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस चुनाव में आगे आई और न ही चुनाव अभियान का श्रीगणेश नागौर से किया गया। मणिशंकर अय्यर अपनी आत्मकथा में आगे कहते हैं कि राजीव गांधी की फैजाबाद की पहली चुनावी रैली के भाषण का जो नोट्स था उसमें भी राम मंदिर या रामराज्य का बिंदु नहीं था। उनका कहना था कि राजीव गांधी के कुछ करीबी सलाहकार और खासकर शीला दीक्षित की राय पर अयोध्या से चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने और पंचायती राज की जगह रामराज्य को मुख्य मुद्दा बनाया गया। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि काश ऐसा न हुआ होता तो 1989 में कांग्रेस भले ही सरकार न बना पाती लेकिन सीटें इतनी कम न होतीं।

कांग्रेस की यह रणनीतिक चूक थी। अब 2024 के आम चुनाव में भाजपा की कोशिश तो राम मंदिर के निर्माण को केंद्र में रखकर चुनाव मैदान फतह करने की लगती है। लेकिन वहीं बहुत सारे सियासी पण्डितों और राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बन रहे राम मंदिर का मुद्दा चुनाव का मुख्य मुद्दा नहीं बन पाएगा, लेकिन इसका पर्याप्त प्रभाव चुनाव परिणाम पर असर जरूर डालेगा।



## चुनाव कमाल का...

- देश में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या हर चुनाव के बाद बढ़ती ही जा रही है। नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या 128 थी जो वर्ष 2009 में 162 और 2014 में 185 और वर्ष 2019 में बढ़कर 233 हो गई। जहाँ एक ओर वर्ष 2009 में गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 76 थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 159 हो गई। इस प्रकार 2009-19 के बीच गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या में कुल 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में गंभीर आपराधिक मामलों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि को शामिल किया गया है।






मैं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगा। इसके लिए काफी उत्साहित हूं। लोकतंत्र के पर्व में सभी को अपने मतदान का उपयोग करना चाहिए। लेकिन सोच समझकर ही मतदान करूंगा। मतदान के द्वारा ही हम अपने मन के प्रत्याशी का चयन कर सकते हैं। शिक्षा और बेरोजगारी पर जो बात करेगा, उसे ही मतदान करेंगे।

**अभिमन्यु सोनी पुत्र दीपक सोनी**
गुदड़ी मोहल्ला, विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।

## होली के रंग में भंग डाल सकती है चुनाव की आचार संहिता

- नेताजी को महंगी पड़ सकती है होली की दावत
- हिदायतः चुनावी गतिविधियों पर रखे पैनी नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** सावधान हो जाइए। होली है, लेकिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। नेताजी को इस बार दावत देना महंगी पड़ सकता है। यह वोट के लिए प्रलोभन और उकसाने के दायरे में होगा। कार्रवाई हो सकती है। आयोग से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश हैं। तीसरी नजर देख रही है। जिले में निगरानी टीमें सक्रिय हैं। हिदायत है ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सियासी दलों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई है। ऐन-केन प्रकारेण चुनाव फतह की रणनीति है। वोट के लिए अंदरखाने में तरह-तरह की रणनीति बनाए जाने की खबर है। चुनाव के ठीक पहले होली पड़ गई। गिफ्ट और दावत देकर मतदाताओं को पक्ष में करने का प्रयास हो सकता है। चुनाव से इतर होली पर जश्न मनाने, नेताजी के साथ दावत उड़ाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार ये महंगा पड़ सकता है। आयोग की जारी गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को रुपये, शराब या उपहार सहित दूसरे प्रलोभन के जरिए वोट लेने की कोशिश, पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए उकसाना या प्रेरित करना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए दंड भी भुगतना पड़ सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी भी मतदाता को वोट के लिए प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है। होली में शराब, पैसा या गिफ्ट देना इसके दायरे में होगा। निगरानी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई होगी।

### गतिविधियों पर नजर रखेंगी 15 टीमें

जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विधानसभा वार 15 टीमें लगाई है। इनको सक्रिय कर दिया गया है। यह होली के दौरान ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। जिला निवार्चन अधिकारी नितीश कुमार ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### उल्लंघन पर हो सकती है 1 साल की सजा

आदर्श आचार संहिता के दौरान पक्ष या विपक्ष में वोट करने या न करने के लिए प्रलोभन देकर उकसाना या प्रेरित करना, मतदाता को रुपये, शराब या उपहार का प्रलोभन देना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत अपराध है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

### कंट्रोल रूम में करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन से बनाए गए कंट्रोल रूम के फोन नंबर-05278-297499 पर शिकायत कर सकता है। कार्रवाई होगी।

## उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के 10 नाम तय

- राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, हरिद्वार से हरीश रावत, गुड़गांव से राज बब्बर, जालंधर व श्रीगंगानगर से चन्नी की उम्मीदवारी पर विचार

**ब्यूरो, नई दिल्ली अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन शुरू होने के दूसरे दिन भी भाजपा एवं कांग्रेस कई उम्मीदवारों पर देर शाम तक मंथन करती रही। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय चुनाव समिति का ठप्पा लगने के बाद सूची जारी होगी। इसी तरह गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी से विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश के 10 नाम तय कर दिए, घोषणा बाद में होगी। मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह, उत्तराखंड से हरीश रावत, जालंधर से चरणजीत सिंह चन्नी व हरियाणा से राज बब्बर की उम्मीदवारी पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक कानपुर से आलोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन, बाराबंकी से तनुज पूनिया, बनारस से अजय राय, फतेहपुर सीकरी से रामनिवास सिकरवार, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव से सजल प्रसाद, सहारनपुर से ईमरान मसूद की दावेदारी को केंद्रीय चुनाव समिति ने अंतिम रूप दे दिया है। उत्तर प्रदेश की अमेठी एवं रायबरेली सीट पर सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। वहां के लोगों ने केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। जबकि प्रियंका ने चुनाव लड़ने से परहेज कर देशव्यापी चुनाव अभियान में मुख्य भूमिका निभाने का फैसला लिया है।

## लखनऊ की पूर्वी सीट पर रस्साकशी

- किसका होगा टिकट और कितनों का गिरेगा विकेट
- चुनावी पिच पर भाजपा और सपा के पदाधिकारियों ने शुरू की भागदौड़
- आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा की सीट है रिक्त



आशुतोष टंडन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा के साथ ही विधानसभा के उपचुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। पूर्व विधानसभा रिक्त है और भाजपा के कई पदाधिकारी इस सीट पर भाग्य आजमा कर विधानसभा पहुंचने की जुगत में है। हालांकि अभी भाजपा, कांग्रेस, बसपा व इंडिया गठबंधन के किसी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

लखनऊ पूर्व की विधानसभा सीट आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद खाली हो गई थी। इस सीट पर भी 20 मई को मतदान होना है। इस विधानसभा का अभी तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उपचुनाव के लिए पार्टियां जल्द ही उम्मीदवार घोषित कर सकती है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से कई नेता टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। पूर्व मंत्री कलराज मिश्र के पुत्र अमित मिश्र, ओपी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, संजय सिंह और अमित टंडन आदि के नाम चल रहे हैं।

कुछ महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है मगर लोग दिल्ली दरबार तक दौड़ लगा रहे हैं। पार्टी उपचुनाव हर कीमत पर जीतना चाहती है इसलिए चेहरा भी सोच समझकर चुना जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन में महानगर भाजपा के पदाधिकारियों से भी राय ली जा सकती है। चेहरे तय करने से पहले मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद से भी सलाह ली जाएगी। अभी तक पैनल में किसी का नाम नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि होली के बाद इस पर कवायद शुरू होगी। इस सीट के लिए अभी कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आशुतोष वर्मा, रमेश श्रीवास्तव और अनुराग भदौरिया का नाम चल रहा है।

### नगाड़ा बजवाया और घोड़ा दौड़ाया तो पड़ेगा भारी

**गोंडा, अमृत विचार।** अभी तक नगाड़ा बजवाना, घोड़े से प्रचार करना खर्च में शामिल नहीं था। अक्सर प्रत्याशी जब नामांकन करने जाते थे तो उनके साथ नगाड़ा या अन्य बजाने का साधन रहता था। किसी का यदि चुनाव चिह्न होता था तो भी उम्मीदवार खर्च से बच जाते थे। लेकिन आयोग ने नगाड़ा या ढोल बजवाने पर 500 रुपए का खर्च उम्मीदवार के खर्च में जुड़ेगा। इसी तरह घोड़े का प्रयोग करने पर या उससे प्रचार करने पर भी घोड़े का भी 1100 रुपए का खर्च जुड़ेगा। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी अक्सर भ्रमण के दौरान वोट मांगते समय छोटे बच्चों को पुचकारते व दुलारते दिख जाते हैं। कभी उन्हें टाफी, चाकलेट या अन्य वस्तुएं देते दिख जाते थे। इससे प्रचार में उन्हें बल भी मिलता था, लेकिन अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। ऐसा करेंगे तो बाल संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

## सपा के सामने राजा भैया का विजय रथ रोकने की चुनौती

### 4 बार से हैं सांसद, पिछले दो चुनावों में बड़े अंतर से मिली है जीत

उमानाथ तिवारी , गोंडा

**अमृत विचारः** 18 वें लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने गोंडा संसदीय सीट पर अपना पत्ता खोल दिया है। एक बार फिर से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भरोसा जताया है। कीर्तिवर्धन सिंह इसके पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं। इस बार वह हैट्रिक पर हैं और चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। उनके पास राम मंदिर निर्माण के साथ मोदी की गारंटी भी है। जिसके दम पर वह पूरे आत्मविश्वास में हैं।

राजा भैया के साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री भी लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। सपा ने इस बार यहां से नए चेहरे श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। श्रेया खुद भले ही राजनीति में नई हों लेकिन राजनीति से उनका पुराना तालुल्क रहा है। श्रेया के बाबा स्व बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में की जाती रही है। स्व बेनी प्रसाद वर्ष 2009 में गोंडा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद रह चुके हैं।

श्रेया की जीत का गणित सजातीय मतदाताओं की बड़ी तादात व बाबा के नाम पर टिका है। श्रेया के साथ सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व मंत्री स्व पंडित सिंह के भतीजे व सदर सीट से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं। घर घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। सहयोगी दल कांग्रेस भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में जोर लगा रही है। सपा की श्रेया वर्मा के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। उनकी यह चुनौती राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी के सामने कितना असर दिखा पाती है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा



श्रेया वर्मा, सपा

### पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन

**2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | बीजेपी | 5,08,190 |
| पंडित सिंह | सपा | 3,41,830 |
| कृष्णा पटेल | कांग्रेस | 25,686 |

**2014 चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्ति वर्धन सिंह | बीजेपी | 359643 |
| नंदिता शुक्ला | सपा | 199227 |
| अकबर अहमद डंपी | बसपा | 116178 |
| बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस | 102254 |

### महासमर-2024

**कब कौन बना सांसद**

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

## एक करोड़ मतदाता बढ़े मगर घट गए पोलिंग बूथ



**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बीते 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में प्रदेश में करीब एक करोड़ प्रदेश में बढ़ी है, मगर पोलिंग बूथों की संख्या घट गई है। इससे राज्य निर्वाचन आयोग के दावे, कि किसी भी मतदाता को वोट देने के लिए दो किमी से ज्यादा की दूरी नही तय करनी पड़ेगी और एक बूथ पर औसतन 944 मतदाताओं को वोट डालने का प्रबन्ध किया गया है, सवाल उठने लगे हैं। अधिक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग समेत सभी राजनैतिक प्रयास रहते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सुविधाओं को निष्पक्ष मतदान कराने के लिए नियम व निर्देश तैयार करता है। उक्त क्रम में ही दस्तक दे चुके लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने 15 करोड़ 34 लाख मतदाताओं के लिए एक लाख 62 हजार 41 बूथ बनाने का निर्णय लिया है, जबकि गत 2019 के चुनाव में 14 करोड़ 58 लाख 58 हजार 553 मतदाताओं के लिए एक लाख 63 हजार 448 पोलिंग बूथ बनाये गये थे। जोकि इस बार बनने वाले पोलिंग बूथों से 1407 ज्यादा हैं। निर्वाचन आयोग की यह चुनौती प्रथम चरण के 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले मतदान के दिन साबित होंगे। बुधवार से प्रदेश के नौ जिलों में एक करोड़ 43 लाख 39 हजार 21 मतदाताओं के लिए सात हजार 693 मतदान केन्द्रों पर 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाने की तैयारी हो चुकी है। जबकि ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार गत लोकसभा चुनाव में डेढ़ करोड़ मतदाताओं के लिए 16,581 मतदान स्थल बनाए गए थे।

### दिव्यांग बढ़े , किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी

**अमृत विचार।** इस बार लोकसभा चुनाव में किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी है, मगर दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 8374 किन्नर मतदाताओं की संख्या इस बार 6,638 रह गई है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12,51,827 पहुंच गई है, जो कि गत चुनाव में 7,86,542 थी। हालांकि निर्वाचन आयोग ने 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता रखने वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

**निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया**



### बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

### देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

**नई दिल्ली।** देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

## डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

### सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक एम वी राव आईबीए चेयरमैन बने

**मुंबई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम वी राव को बृहस्पतिवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

आईबीए की प्रबंध समिति ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, इंडियन बैंक के प्रबंध एवं सीईओ एस एल जैन और सिटी यूनियन बैंक के प्रबंध और सीईओ एन कामाकोडी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना है।

## सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा



वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

### कैंसर, कफ सिरप समेत 23 दवाओं के नमूने फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनीं दर्द निवारक कैंसर, एलर्जी, कफ सिरफ, बैक्टीरिया संक्रमण की 23 समेत देशभर की 58 दवाइयों के नमूने फेल हो गए। केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने आज यह जानकारी दी। संगठन ने 676 दवाइयों के नमूने फरवरी में लिए थे। सीडीएससीओ से मिली जानकारी के अनुसार बद्दी की नेक्सकेम बॉयोटेक कंपनी की दर्द की दवा एसेपिक, पांवटा की लेबोरेट फार्मा की संक्रमण की दवा एमोक्सिलिन, परवाणू की हनुचौंम लैबोरेटरी की कैल्शियम और विटामिन डी-3, बेहोशी की दवा व इंजेक्शन आदि मानकों पर खरी नहीं उतरी।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

### सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

**वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला**



### आधार कार्ड निष्क्रिय किए जाने के आरोप पर केंद्र से जवाब-तलब

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र को उस जनहित याचिका पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय करने का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिका में इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत मामले का हवाला नहीं दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र को जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार



'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए। ऐसा इस वजह से हुआ कि कंपनी के मीडिया विभाग के कर्मियों को अदालत के आदेश के बारे में जानकारी नहीं थी।

## यूनियन बैंक में धोखाधड़ी: सीबीआई ने स्वास्तिक कंपनी के परिसरों की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर कथित तौर पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक/गारंटर नीलम जैन, गारंटर शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों को नामित किया है।

## गैस रिसाव से आग लगी, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान में हुई घटना में एक परिवार के लोग जल गए

जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए। थानाधिकारी ने बताया कि इस मकान में 17-18 कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में राजेश का परिवार पिछले चार महीने से रह रहा था। यह परिवार मूल रूप से मोतिहारी, बिहार का रहने वाला था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने सुबह अपना सिलेंडर भरवाया था और उसे बदल रहा था तभी अचानक यह हादसा हुआ।

## उत्तर-पूर्व दिल्ली में इमारत ढह जाने से दो लोगों की गई जान, एक अन्य घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत ढह जाने से एक जींस कारखाने के दो कर्मचारियों की मौत हो गई, और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जींस कारखाने के तीनों कर्मचारी दो मंजिला इमारत के भूतल पर काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया-देर रात 2.16 बजे दो मंजिला इमारत के गिर जाने की सूचना मिली। यह एक पुरानी इमारत थी।'' उन्होंने कहा कि इस भवन की पहली मंजिल खाली थी और भूतल पर जींस का कपड़ा काटने का काम हो रहा था। एक अन्य अधिकारी ने कहा-मलबे में दबे तीन कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया।

## आनंद ने खरगे को लिखा-जाति जनगणना सही नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शर्मा ने पार्टी के रुख किया विरोध
- कहा-देश में इससे बेरोजगारी और असमानता खत्म नहीं होगी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर पार्टी के आधिकारिक रुख का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि समावेशी दृष्टिकोण रखने वाली इस पार्टी का अपने पुराने रुख से विचलित होना इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की विरासत का अपमान है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गए पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना देश में व्याप्त असमानताओं और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए रामबाण नहीं हो सकती।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शर्मा ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पार्टी से अलग रुख ऐसे समय अपनाया है जब लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और पार्टी ने इस चुनाव में जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की बात की है उनमें से एक जाति जनगणना भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले कई महीनों से जाति जनगणना और सामाजिक न्याय को विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। शर्मा ने खरगे को लिखे लिखे पत्र में कहा-राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना चुनावी विमर्श में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसका समर्थन किया है। गठबंधन में वे दल भी शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय से जाति आधारित राजनीति की है। हालांकि, सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व समझ पर आधारित है।

### तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

**पुडुकोट्टई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

## कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है।

चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे। दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे।

# क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा

**चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी**

**पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है**

**महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान**

**दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर**

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।




मैच : 237
रन : 7263
औसत : 37
स्ट्राइक : 130
शतक 07
अर्धशतक 50

मैच : 250
रन : 5082
औसत : 39
स्ट्राइक : 136

मैच : 123
रन : 2309
औसत : 30
स्ट्राइक : 146

मैच : 243
रन : 6211
औसत : 30
स्ट्राइक : 130
शतक 01
अर्धशतक 42

## खेल डायरी

### अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ढाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

### एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

**नयी दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

## गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई



सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

## मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

## ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व



चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।

## अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।




## बॉलीवुड हलचल

## हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'



**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।



## एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

## चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मजबूत संबंध होना बहुत जरूरी

अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।' बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं।

### भारत के साथ 20 अरब डॉलर का है रक्षा सहयोग



उन्होंने आगे कहा, हमारा रक्षा व्यापार अब 20 अरब डॉलर का है और भारत ने हाल ही में 30 एमक्यू9बी और बीएस खरीदने का एलान किया है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दिखाता है।

### पन्नू मामला: भारत के साथ मिलकर काम कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के मामले पर अमेरिका ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के पीछे के लोगों को जिम्मेदार ठहराने के लिए अमेरिका, भारत के साथ काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में भारतीय नागरिक, निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों द्वारा पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गुप्ता एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम कर रहा था और न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले पन्नू को मारने के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने पर सहमत हुआ था। आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों से कहा, "दोनों देशों के बीच यह एक गंभीर मुद्दा है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के आदेश पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक को मारने का प्रयास किया है।

# लाइफ इंश्योरेंस सरेंडर अमूमन घाटे का सौदा

*जीवन बीमा पॉलिसी पसंद नहीं आने पर आप इसे सरेंडर कर सकते हैं। इसके बाद प्रीमियम के रूप में चुकाई गई राशि वापस मिल सकती है। लेकिन ये आखिरी विकल्प होना चाहिए। इसका असर परिवार के बाकी सदस्यों पर पड़ सकता है। जानें कैसे...*

### क्या लगते हैं कागजात

एक पॉलिसी सरेंडर रिक्वेस्ट भरना होगा और बीमा कंपनी को जमा करना होगा। आवेदन के साथ मूल पॉलिसी दस्तावेज, एक रद चेक और केवाईसी दस्तावेजों की एक सेल्फ अटेस्टेड कॉपी जोड़ना होगा। फॉर्म में सरेंडर का कारण भी बताना पड़ सकता है। एक बार सरेंडर आवेदन जमा करने के बाद इसे 7-10 कार्य दिवसों के भीतर प्रोसेस में लाया जाता है।



### देखें कि कितना प्रीमियम वापस मिलेगा



किसी पॉलिसी को सरेंडर करने पर आम तौर पर पेनल्टी लगती है और संचित मूल्य (एक्यूमुलेटेड वैल्यू) का नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई पारंपरिक पॉलिसी पहले साल सरेंडर की जाती है तो पॉलिसीधारक को कुछ नहीं मिलेगा। यदि पॉलिसी दूसरे साल सरेंडर की जाती है, तो सिर्फ 30% प्रीमियम वापस मिलेगा। चौथे से सातवें साल पॉलिसी सरेंडर करने पर 50% प्रीमियम वापस मिल सकता है। यदि पॉलिसी 9 साल बाद सरेंडर की जाती है तो सालाना प्रीमियम का 90% वापस मिल जाएगा। पॉलिसी सरेंडर करने का मतलब डेथ बेनिफिट को खत्म करना है।

### इन चार पहलुओं पर जरूर करें विचार

1. अपनी माली हालत आंके। वैकल्पिक समाधान तलाशें। पैसे की जरूरत हो तो आप पॉलिसी लोन या आंशिक निकासी जैसे विकल्प भी अपना सकते हैं। 22. पॉलिसी सरेंडर करने से आपके वित्तीय लक्ष्यों-पर लंबी अवधि में होने वाले असर का आकलन करें। देखें कि सरेंडर वैल्यू बीमा कवरेज के नुकसान और भविष्य की जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति करती है या नहीं। 3. पॉलिसी सरेंडर करने से जुड़े टैक्स संबंधी प्रभाव जांच लें। बीमा के प्रकार और अवधि के आधार पर पॉलिसी सरेंडर करने से टैक्सेबल इनकम हो सकती है। 4. जीवन बीमाधारक की मृत्यु पर बीमा पॉलिसी द्वारा प्रदान किया गया डेथ बेनिफिट खोई आमदनी के नुकसान की भरपाई कर सकता है। मॉर्गेज पेमेंट को कवर कर सकता है, बच्चों की शिक्षा, अन्य जरूरी खर्चों की पूर्ति कर सकता है।

## एक नजर

### भारतीय दूतावास ने लापता भारतीय छात्र की शुरू की तलाश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस महीने की शुरुआत में लापता हुए 25 भारतीय छात्र की तलाश करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ तलाश शुरू की है। बता दें, मामले का खुलासा तब हुआ जब हैदराबाद में बैठे छात्र के परिजनों से फिरौती की मांग की गई, और बताया कि मोहम्मद अब्दुल अराफात का अपहरण हो गया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह परिवार और अमेरिका में अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

### अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' आज होगा लॉन्च



**श्रीहरिकोटा।** देश का निजी स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस का 580 किलो का रॉकेट अग्निबाण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से शुक्रवार को लॉन्च किया जाएगा। अपनी पहली उड़ान में यह बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले पृथ्वी से 20 किमी ऊपर जाएगा। ये 7 किग्रा पेलोड ले जा सकता है।

### खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, दो की मौत, 22 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। विस्फोटक लदे वाहन ने सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 22 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की है। पुलिस ने कहा- जान गंवाने वाले दो व्यक्तियों को सुरक्षा बल का जवान माना जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### सेना में भर्ती से छूट खत्म किए जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग



**यरूशलम।** इजराइल में रूढ़िवादी यहूदी बच्चों ने सरकार के उस प्रस्ताव के विरोध में सूली लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें कट्टर यहूदियों को सेना में अनिवार्य सेवा से छूट है। सरकार इस छूट को खत्म करने जा रही है। इसके विरोध में देशभर में प्रदर्शन चल रहे हैं।

# अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़ अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

## कहा- सीमा पर किसी भी तरह के बदलाव का सख्ती से विरोध करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ी है, उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का तेवर भी तल्ख हुआ है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की हैं।



इस बीच अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश सीमा मामले में भारत का साथ देते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है। दरअसल, अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन के किसी भी एकतरफा प्रयास का वो दृढ़ता से विरोध करते हैं। चीन ने हाल ही में अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद राज्य पर दावा किया था। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं। बता दें कि 9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी।

### अरुणाचल क्षेत्र को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है चीन



इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम जंगनान भी रखा है।

### भारत ने हमेशा चीन के दावे को किया है खारिज

चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।

### चीन ने कहा था- रिश्तों पर सीमा विवाद का असर नहीं

14 मार्च को वांग वेनबिन ने कहा था- भारत-चीन सीम विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे।

### ताइवान में चीनी लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए। रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीनी 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए।

### पाकिस्तान ने 1.1 अरब डालर की मदद को लेकर आईएमएफ से किया समझौता

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। तीन अरब डालर के बेलआउट पैकेज को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है, इससे 1.1 अरब डालर की अंतिम किस्त जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अब इस पर आइएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी मिलनी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की टीम नाथन पार्टर के नेतृत्व में 14 से 19 मार्च तक इस्लामाबाद में रही। टीम ने इस दौरान आईएमएफ समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा की। आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था को मंजूरी दी थी। आइएमएफ ने कहा कि समझौता हाल के महीनों में पाकिस्तान के स्टेट बैंक और कार्यवाहक सरकार द्वारा मजबूत कार्यक्रम कार्यान्वयन को मान्यता देता है।

## रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल

कीव, एजेंसी



रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने हमला कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज और 31 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया। रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई।

यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 31 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया।

### चिता की राख से होली....





**वाराणसी :** काशी में गले में नरमुंड की माला पहनकर तांडव करता दिखा तो कोई दांतों तले हड्डी दबाकर नाचता रहा। गुरुवार को मर्णिकर्णिका घाट पर भस्म की होली में खूब नाचे भूत-पिशाच। मसाने की होली खेलने के लिए महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। बता दें, पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी जमकर झूमे।

### ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के आरोपी खालिस्तान समर्थक को जेल

**लंदन, एजेंसी।** पश्चिमी लंदन में पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय उच्चायोग में आयोजित समारोह में हमले में लिप्त खालिस्तानी समर्थक को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

बता दें, भारतीय मूल के दो पुरुषों और एक महिला पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराये खालिस्तानी को 28 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। गुरप्रीत सिंह (26) को आशीष शर्मा और नानक सिंह और पुलिस कांस्टेबल जस्टिन निकोल फैरेल पर हमले के आरोप में जनवरी में दोषी ठहराया गया था। गुरप्रीत सिंह को बुधवार को आइलवर्थ क्राउन अदालत में पेश किया गया। बता दें, यह घटना पिछले साल 15 अगस्त की रात को साउथहॉल में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत सिंह को 12 जनवरी को मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उसे 28 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

## बॉडी मसाज उपकरण को एडल्ट नहीं मान सकते: बम्बई हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- कोर्ट ने खेप को जब्त करने के आदेश को किया निरस्त, कहा- आयात पर बैन नहीं

बम्बई हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति किशोर संत की खंडपीठ ने कहा कि बॉडी मसाजकर को एडल्ट / वयस्क लोगों के इस्तेमाल वाली वस्तु- सेक्स टॉय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बॉडी मसाजर को आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची में भी शामिल नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने बुधवार को पारित आदेश में सीमा शुल्क विभाग की तरफ से जब्त बॉडी मसाजर की खेप को छोड़ने का निर्देश देते हुए, खेप को जब्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने साफ किया कि एक बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स टॉय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इसे केवल सीमा शुल्क आयुक्त की कल्पना माना जाएगा। बता दें, सीमा शुल्क आयुक्त ने मुंबई में बॉडी मसाजर की खेप जब्त की थी। उन्होंने दावा करते हुए सामान जब्त किया था कि बॉडी मसाजर्स का इस्तेमाल वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में किया जा सकता है। आयुक्त ने कहा था सरकार ने ऐसी वस्तुओं को आयात के लिए प्रतिबंधित किया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सीमा शुल्क आयुक्त की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। अर्जी में मई, 2023 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी गई थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश से सीमा शुल्क विभाग के बॉडी मसाजर्स वाली खेप को जब्त करने के आदेश को रद कर दिया था। आयुक्त ने अप्रैल, 2022 में बॉडी मसाजर्स वाली खेप को यह कहते हुए मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि ये उपकरण वयस्क सेक्स खिलौने थे।

**विज्ञान** छिपे राज उजागर कर सकता है यह पिंड, क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की निरंतर जारी है खोज

# अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जो मानव की आकृति लिए प्राचीन बर्फ खुद में समेटे हुए है। वैज्ञानिक इसे हिममानव कह रहे हैं, जो अंतरिक्ष में गड़े राज उजागर कर सकता है। धूमकेतुओं का जल से गहरा रिश्ता है।

दरअसल पृथ्वी पर जल कहां से आया, इस पहेली का समाधान धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों पर ठहरता है। मगर पुख्ता सबूत अभी तक सामने नही आ सकें हैं। जिस कारण धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की रिसर्च निरंतर जारी हैं। अब हालही में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जिसमें प्राचीन बर्फ का बड़ा भंडार है। यह ठोस बर्फ उस समय की है, जब हमारा सौर मंडल जन्म ले रहा था। इस खोज से हमारी पृथ्वी पर जल का स्रोत उजागर हो सकता है। इस धूमकेतु को अरोकोथ (स्पेस स्नोमैन) नाम दिया गया है। इसका आकार इंसान की तरह होने के कारण इसे हिममानव कहा जा रहा है। इस खोज से धूमकेतुओं के व्यवहार को भी गहराई से समझा जा सकता है।

अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी गई है, जब धूमकेतु बड़े विस्फोट के साथ विध्वंश हो जाते हैं। सूर्य के करीब से गुजरने पर यह घटना होती है। धूमकेतु में ठोस बर्फ जमा होने के कारण विस्फोट होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। यह खोज न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार अंतरिक्ष हिममानव कुइपर बेल्ट का सदस्य है। यह बेल्ट हमारे सौर मंडल के बाहरी क्षेत्रों में नेपच्यून की कक्षा से बाहर है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी जा चुकी है, असामान्य हों।



हिममानव के समान धूमकेतु की तस्वीर।

### धूमकेतुओं में छिपे हैं अनेक रहस्य

धूमकेतु सौर मंडल के वह छोटे सदस्य हैं, जिनकी उत्पत्ति 4.5 अरब साल पहले ग्रहों के निर्माण के दौरान हुई। यह सौर मंडल के निर्माण के अवशेष हैं। बड़ी बात यह है कि यह सौर मंडल की उत्पत्ति समेत उन रहस्यों को उजागर कर सकते हैं, जो आज भी हमारी समझ से परे हैं। जिस कारण यह शोध का केंद्र रहे हैं। इन धूमकेतुओं पर शोध भी आसान हो है।

### अफगानिस्तान में बम विस्फोट, 3 की मौत 12 लोग घायल

**कंधार।** अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है।

विस्फोट की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए।

## मंदिरों पर टैक्स संबंधी बिल राज्यपाल ने लौटाया

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक सरकार से मांगा स्पष्टीकरण, सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामला



राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सरकार के मंदिरों पर टैक्स लगाने वाले बिल को सरकार को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक में और ज्यादा स्पष्टीकरण के साथ फिर से देने का निर्देश दिया है। इस विधेयक में मंदिरों की कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। भाजपा द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है।

राजभवन की तरफ से कहा गया है कि साल 2011 और 2012 में जो कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पेश किया गया था, उस पर हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राजभवन की तरफ से कहा गया है कि उसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इस पर स्पष्टता जरूरी है कि क्या मामले के लंबित रहने के दौरान उसमें संशोधन किया जा सकता है या नहीं, खासकर जब पूरे विधेयक पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया था। इस विधेयक के तहत राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये के बीच में है, उनसे सरकार पांच प्रतिशत टैक्स वसूलेगी। वहीं जिन मंदिरों की सालाना कमाई एक करोड़ रुपये से अधिक है, उन पर सरकार 10 प्रतिशत टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। यह विधेयक विधानसभा के दोनों सदनों से पारित हो चुका है, लेकिन अब राज्यपाल ने इस पर और स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए विधेयक को लौटा दिया है।

कर्नाटक में 34 हजार से ज्यादा मंदिर सरकार के अधीन हैं। सरकार ज्यादा आमदनी वाले मंदिरों से पैसा लेकर आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की भलाई में खर्च करती है। सरकार का तर्क है कि वह मंदिरों से होने वाली कमाई को बढ़ाना चाहती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की पर्याप्त मदद हो सके। वहीं भाजपा का विरोध है कि सरकार सिर्फ हिंदू मंदिरों पर ही टैक्स क्यों लगा रही है, साथ ही भाजपा और संतों की मांग है कि सरकार पुजारियों को बजट से पैसा क्यों नहीं दे सकती।